હવે સેવાકૃતિઃ વગેરે શબ્દોની વ્યાખ્યા કરી રહ્યા છે. સર્વપ્રથમ તો ગુરુ -આજ્ઞા જે પ્રકારે બાધિત ન થતી હોય, તે પ્રકારે સેવા કરવી આવશ્યક છે. આ પ્રકારે ગુરુ આજ્ઞાથી સેવા કરવાવાળાઓને જો કદાચ કોઈ વિશેષ ભગવદ્ - આજ્ઞા થઈ જાય અને તે ભગવદ્-આજ્ઞા ગુરુ-આજ્ઞાથી વિરુદ્ધ જતી હોય, તો આવી પરિસ્થિતિમાં ભગવદ્-આજ્ઞા મુજબ કરવું જોઈએ-આ આચાર્યચરણ બાધનં વા હરિચ્છયા શબ્દોથી કહી રહ્યા છે. અર્થાત્ આવી વિશેષ ભગવદ્ ઈચ્છાનો વિકલ્પ ઉપલબ્ધ હોય, ત્યારેજ ભગવદ્-આજ્ઞા મુજબ કાર્ય કરવું જોઈએ, જો ન હોય તો ગુરુની આજ્ઞાનું બાધન ન કરતાં ભગવદ્-સેવા કરવી જોઈએ. ગુરુ-આજ્ઞા અબાધિત થતી હોય કે બાધિત થતી હોય, મુખ્ય તો ભગવદ્-સેવા છે તેથી જે પ્રકારે ભગવદ્-સેવાની પ્રધાનતા આવતી હોય તેવી જ રીતે રહેવું જોઈએ-આ જ ભાવને આચાર્યચરણોએ અતઃ વગેરે શબ્દોથી કહ્યું છે. આવી રીતે કરશો તો પરિણામ સુખકારી જ થશે, આ જ કારણે આપશ્રી એ સુખમ્ પદનો પ્રયોગ કર્યો છે. //૭//

अब सेवाकृतिः इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । सर्वप्रथम तो गुरु-आज्ञा जिस प्रकार अबाधित होती हो, उस प्रकार से सेवा करनी आवश्यक है । इस प्रकार गुरु-आज्ञा से सेवा करने वालों को यदि कदाचित् कोई विशेष भगवद्-आज्ञा हो जाए और वह गुरु-आज्ञा से विरुद्ध हो, तब ऐसी परिस्थिति में भगवद्-आज्ञा के अनुसार कार्य करना चाहिए-यह आचार्यचरण **बाधनं वा हरीच्छया** शब्दों से कह रहे हैं । अर्थात् ऐसी विशेष भगवद्-इच्छा का विकल्प उपलब्ध हो, तब ही भगवद्-आज्ञा के अनुसार कार्य करना चाहिए, अन्यथा तो गुरु की आज्ञा का बाधन न करते हुए भगवत्सेवा करनी है । गुरु-आज्ञा अबाधित होती हो या बाधित होती हो, मुख्य तो भगवद् सेवा ही है अतः जिस तरह भगवद्सेवा की ही प्रधानता आती हो, वैसे ही रहना चाहिए, इसी भाव को आचार्यचरणों ने **अतः** इत्यादि वाक्यों द्वारा कहा है । ऐसा करने से परिणाम सुखकारी ही होगा, इस कारण उन्होंने **सुखम्** पद का प्रयोग किया है ॥७॥

कदाचित् पुत्रादिवियोगशङ्काजनितदुःखेन चिन्तासम्भवे गतिमाहुः चित्तोद्वेगमिति ।

चित्तोद्वेगं विधायापि हरिर्यत्करिष्यति ।
तथैव तस्य लीलेति मत्वा चिन्तां द्रुतं त्यजेत् ॥ ८ ॥

नन्विदमखिलमशक्यमिव भाति । तथाहि । श्रवणमारभ्य सख्यपर्यन्तागतौ हि पश्चान्निवेदनवार्ता । तत्र प्रत्येकं तदेव दुरापमिति दूरतरा निवेदनदिगपि । अतस्तत्कृतचिन्तान्यवियोगचिन्तादिसमाहितिर्निरर्गेति विचार्य साधनफले[1] एकीकृत्य सर्वसमाधानमाहुः तस्मादिति ।

तस्मात् सर्वात्मना नित्यं श्रीकृष्णः शरणं मम ।
वदन्निरेवं सततं स्थेयमित्येव मे मतिः ॥ ९ ॥

यस्मादुक्तरीत्या स्वतः सर्वमशक्यमतः सर्वात्मना शरणागतौ प्रभुरेव सम्पादयिष्यतीति हृदयम् । भक्तिमार्गीयान् सर्वानंशान् विचार्य तत्र प्रतिबन्धं स्वाशक्तिं च स चेत् पश्यति, तदा सर्वात्मना तथा भवति । नित्यमिति नैरन्तर्यमुच्यते । अन्यथा कालेनासुरधर्मप्रवेशः स्यात् ।

હવે, કદાચ પુત્ર વગેરે કોઈ પરિવારજનથી વિયોગ થઈ જવાની આશંકા હોય અને તેથી મનમાં કોઈ પ્રકારના દુઃખથી ચિંતા ઉત્પન્ન થતી હોય તો તેનું નિરાકરણ આચાર્યચરણ **चित्तोद्वेगम्** વેગરે શબ્દોથી કરી રહ્યા છે.

ઉપર બતાવેલ કોઈપણ વિષયમાં ચિંતા ન કરવાનો ઉપદેશ અને પ્રભુની સમસ્ત લીલાઓને ધૈર્યપૂર્વક સાક્ષીવત્ જોતા

---

१. बाधनमिति पाठः । २. भगवच्छरणागमनं तदनुसन्धानं च साधनम् । फलं भगवदङ्गीकारः । ततो भगवच्छरणागतौ भगवता निवेदनस्याङ्गीकाराद्भक्तिषु क्रमनियमाभावान्निवेदनसिद्धेस्तत्र चिन्तासाधनानामयुक्तत्वादिति भावः ।

રહેવાના આ બધા ઉપદેશ આપણને અસંભવ જેવા લાગતા હોય છે. તેનું કારણ આ કે, શ્રવણથી લઈને સખ્ય ભક્તિ સુધી પહોંચ્યા પછી જ નિવેદનની વાત આવે છે. હવે જ્યાં નવધા ભક્તિની પ્રત્યેક ભક્તિ જ પ્રાપ્ત થવી કઠિન હોય છે ત્યાં તો નિવેદનની દિશા પણ ઘણી દૂર છે. તેથી આ બધી નિવેદનની ચિંતા અને પુત્ર વગેરે અન્ય પરિવારજનોના વિયોગની ચિંતા વગેરેનું સમાધાન આપવું વ્યર્થ જ છે. આવો વિચાર કરીને આચાર્યચરણ હવે સાધન અને ફલને એક કરીને બધી વસ્તુઓનું સમાધાન તસ્માદ્ વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યા છે. (અહીંયા સાધન અને ફલને એક કરવાની વાત કહેવામાં આવી છે. સાધનથી તાત્પર્ય શ્રવણથી લઈને સખ્ય સુધીની ભક્તિ છે અને નિવેદન તે ભક્તિનું ફલ. આગળના શ્લોકમાં આ બધાને એક કરીને સર્વસમાધાન કહી દીધું છે, આ અર્થ છે.)

કારણકે ઉપર બતાવેલ પદ્ધતિથી આપણા માટે આ બધું કરવું અશક્ય છે, તેથી બધા પ્રકારથી શરણાગત થવાપર આપણને પ્રભુ જ એવું સામર્થ્ય આપશે, આ વાત હૃદયારૂઢ કરવી જોઈએ. ભક્તિમાર્ગીય બધા જ અંશોનો વિચાર કરીને જીવ જ્યારે જોય છે કે જીવ સાધ્ય તો કશું જ નથી અને જ્યારે તે આ પ્રકારે પ્રતિબંધ અથવા તો પોતાનું અસામર્થ્ય જોય છે, ત્યારે જ તે બધા પ્રકારે ભગવાનને શરણાગત થાય છે. નિત્યમ્ શબ્દનો અર્થ છે 'નિરંતર'. 'શ્રીકૃષ્ણઃ શરણં મમ' મંત્રનું નિરંતર અનુસંધાન કરવું જોઈએ, આ કહ્યું છે. નહીંતર કલિકાલથી આસૂરધર્મનો પ્રવેશ થઈ જાય છે.

अब, कदाचित् पुत्र-आदि किसी परिवारजन से वियोग हो जाने की आशंका हो एवं उससे मन में किसी प्रकार के दुःख से चिन्ता उत्पन्न हो तो इसका निराकरण आचार्यचरण चित्तोद्वेगम् इत्यादि शब्दों से कर रहे हैं ।

किंतु इस प्रकार से किसी भी विषय में चिन्ता न करने का उपदेश एवं प्रभु की समस्त लीलाओं को धैर्यपूर्वक साक्षिवत् देखते रहने के ये समस्त उपदेश असंभव जैसे प्रतीत होते हैं । वह इस कारण कि, श्रवण से लेकर सख्यभक्ति तक पहुँचने के पश्चात् ही 'निवेदन' की बात आती है । इनमें जहाँ प्रत्येक भक्ति ही दुराप (अर्थात् प्राप्त होनी कठिन है) है, वहाँ तो निवेदन की दिशा भी दूरतर ही है । अतः किए गये निवेदन की चिंता एवं पुत्रादि या अन्य परिवारजनों के वियोग की चिन्ता आदि का समाधान व्यर्थ ही है । ऐसा विचार कर आचार्यचरण अब साधन एवं फल को एक करके इन सभी का समाधान तस्माद् इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । (यहाँ साधन एवं फल के एकीकरण की बात कही गई है । यहाँ साधन से तात्पर्य श्रवण से लेकर सख्य पर्यन्त की भक्ति है एवं निवेदन उसका फल । अग्रिम श्लोक में इन राभी को एक करके सर्वसमाधान कह दिया गया है, यह अर्थ है)

चूँकि उपर कही गई रीति से हमारे लिए ये सभी करना अशक्य है, अतः सभी प्रकार से शरणागत होने पर प्रभु ही वैसी सामर्थ्य संपादित करेंगे, यह हृदयंगम करना चाहिए । जब जीव समस्त भक्तिमार्गीय अंशों का विचार करके वहाँ जब देखता है कि, जीवसाध्य तो कुछ भी नहीं है और जब वह इस प्रकार प्रतिबंध या खुद का असामर्थ्य देखता है, तभी वह सभी प्रकार से शरणागत होता है । नित्यम् शब्द का अर्थ है - 'निरंतर' । 'श्रीकृष्णः शरणं मम' मंत्र का निरंतर अनुसंधान करना चाहिए, यह कहा गया है । अन्यथा कलिकाल से आसुरधर्म का प्रवेश हो जाता है ।

अन्तःकरणे तथाभावेऽतथाभावे वा तथा वदनमावश्यकमिति ज्ञापयितुं सततमेवं वदद्भिरित्युक्तम्। एवं सति लोकशिक्षाप्यानुषङ्गिकी सिध्यति। एवमुक्तप्रकारेण सेवापरतया स्थेयमित्यर्थो वा। नन्विदमपि न स्वशक्यमित्याशङ्क्य 'यमेवैष वृणुत' इति श्रुतेर्मे मतिरित्येव, एवंप्रकारिकैवेत्यर्थः ।

આપણા અંતઃકરણમાં બધી જ રીતે શરણાગતિનો ભાવ હોય કે ન હોય, 'નિરંતર' 'શ્રીકૃષ્ણઃ શરણં મમ' બોલવું આવશ્યક છે, આ બતાવવા માટે આચાર્યચરણોએ 'સતતમેવં વદદ્ભિઃ' કહ્યું છે. જ્યારે આપણે આ પ્રમાણે સતત અષ્ટાક્ષરનો જપ કરીશું, તો આપણું આવું આચરણ આપમેળે જ લોકમાં બીજાઓને પણ આવી શિક્ષા આપશે. અથવા આવો અર્થ કરી લઈએ કે ઉપર કહેલ પ્રકારથી 'શ્રીકૃષ્ણઃ શરણં મમ' નું અનુસંધાન રાખતાં સેવાપર રહેવું જોઈએ. અને જો આટલું કરવું પણ આપણાં માટે અશક્ય થતું હોય તો આચાર્યચરણ એમનાં સિદ્ધાંતનો નિષ્કર્ષ 'જેને આ પરમાત્મા સ્વીકાર કરી લે છે તે જ જીવને પરમાત્મા પ્રાપ્ત થાય છે.' (મુ./૨/૩) આ શ્રુતિના અનુસારે કહી રહ્યા છે. મારી મતિ તો આજ પ્રકારની છે, આ અર્થ છે.

अंतःकरण में सभी प्रकार से शरणागति का भाव हो या न हो, निरंतर "श्रीकृष्णः शरणं मम" बोलना आवश्यक है, यह बताने के लिए आचार्यचरणों ने सततमेवं वदद्भिः कहा है । जब हम इस प्रकार से सतत अष्टाक्षर का जाप करेंगे, तो हमारा ऐसा आचरण अपने आप ही लोक में अन्य दूसरों को भी ऐसी शिक्षा देगा । अथवा, यों अर्थ कर लें कि ऐसे कहे गये प्रकार से 'श्रीकृष्णः शरणं मम' का अनुसंधान करते हुए सेवापर कहना चाहिए, यह अर्थ है । और, यदि इतना करना भी हमारे लिए अशक्य हो तो आचार्यचरण स्वयं के

सिद्धांत का निष्कर्ष "जिसको यह परमात्मा स्वीकार कर लेता है, उसी जीव को प्राप्त होता है। (मु. २/३)" इस श्रुति के अनुसार कह रहे हैं कि 'मेरी मति तो इस प्रकार की ही है', यह अर्थ है ।

भक्तिमार्गे प्रवृत्तस्य दार्ढ्यार्थमिदमुच्यते ।
अन्यस्य सूर्य इव तद्विमुखस्यात्र नार्थिता ॥ १ ॥
भक्तिमार्गसुधासिन्धोर्विचारमथनैः स्वयम् ।
स्फुटीकृतानि रत्नानि श्रीमदाचार्यपण्डितैः ॥ २ ॥
मयोज्ज्वलीकृतानीत्थं हृदि धृत्वा व्रजाधिपम् ।
भजन्तु भक्ता येनासौ न विमुञ्चति कर्हिचित् ॥ ३ ॥
इति श्रीश्रीविट्ठलदीक्षितविरचितो नवरत्नप्रकाशः समाप्तः ।

ભક્તિમાર્ગમાં પ્રવૃત્ત થયેલ જીવની દ્રઢતા માટે આ નવરત્નનો ઉપદેશ અપાય રહ્યો છે. આ માર્ગથી વિમુખ જીવો માટે આ તેવી જ રીતે નિરર્થક છે, જેવી રીતે આંધળા માટે સૂર્ય. //૧//

પંડિતવર્ય શ્રીમદાચાર્યચરણોએ ભક્તિમાર્ગ-સુધાસાગર (શ્રીમદ્ ભાગવત)ના વિચારોના મંથન દ્વારા પોતે જ આ રત્નોને પ્રગટ કર્યા છે. //૨//

મેં વ્રજાધિપને હૃદયમાં ધારણ કરીને આ રત્નોને ઉજ્જવલ કર્યા છે, ભક્તજન આ રત્નોનું ભજન કરે, જેનાથી પ્રભુ તેમને ક્યારેય છોડશે નહીં //૩//

આ શ્રી શ્રી વિટ્ઠલદીક્ષિત વિરચિત નવરત્ન પ્રકાશ સંપૂર્ણ થયું.

भक्तिमार्ग में प्रवृत्त हुए जीव की दृढ़ता के लिए यह (नवरत्न) कहा जा रहा है। इस मार्ग से विमुख के लिए यह वैसे ही निरर्थक है, जैसे अंधे के लिए सूर्य ॥१॥

पंडितवर्यश्रीमदाचार्यचरणों ने भक्तिमार्ग-सुधासागर (श्रीमद्-भागवत) के विचारों के मंथन द्वारा स्वयं ही इन रत्नों को प्रकट किया है। ॥ २ ॥

मैंने व्रजाधिप को हृदय में धारण करके इन्हें उज्ज्वल किया है, भक्तजन इनका भजन करें, जिससे प्रभु उन्हें कभी भी नहीं छोड़ेंगे ॥३॥

यह श्रीश्री विट्ठलदीक्षित विरचित 'नवरत्न प्रकाश' समाप्त हुआ ।

श्रीकृष्णाय नमः ।

नवरत्नम् ।

श्रीविट्ठलेश्वरविरचितप्रकाशसमेतम् ।

चिन्तासन्तानहन्तारो यत्पदाम्बुजरेणवः ।
स्वीयानां तान् निजाचार्यान् प्रणमामि मुहुर्मुहुः ॥ १ ॥

श्रीकृष्णाय नमः ।

नवरत्नम् ।

श्रीपुरुषोत्तमकृतविवृतिप्रकाशसमेतम् ।

नत्वा श्रीवल्लभाचार्यान् प्रभून् श्रीविट्ठलेश्वरान् ।
नवरत्नप्रकाशे यास्तद्वाचस्ता उपास्महे ॥ १ ॥

अथ श्रीमदाचार्यचरणाः सिद्धान्तरहस्य आत्मनिवेदिनामुत्तरपूर्वाघालेषविनाशोपायस्य भगवतोक्तत्वेपि तत्रोक्तस्य प्रकारस्य भोगसाधकतया अलौकिकभोगानुगुणत्वमेव, न तु सेवाप्रतिबन्धकनिवर्तकत्वमपीति तदभावे सेवाया आधिदैविकीत्वाभावं तस्मिन् सति तत्श्रवणचेतोरूपमानसीसेवाया असंभवं चालोच्य, कालप्रारब्धस्वभावैरभीष्णं जन्यमानानामुद्वेगादीनां निवृत्त्यर्थं सेवाफलग्रन्थविवरणे च 'सविघ्नत्वादल्पत्वाद्भोगस्त्याज्य' इति लौकिकभोगनिवृत्तौ तत्स्वरूपविचारस्यैव तन्निवृत्त्युपायत्वेनोक्तत्वात् साधारणप्रतिबन्धनिवृत्तौ च तत्र 'आद्यो बुद्ध्या त्याज्य' इत्यनेन बुद्धिमात्रस्यैवोपायत्वेन कथनादुद्वेगनिवृत्तौ च कस्यापि साधनस्याकथनात्, किञ्चित् साधनं बुद्धिविशेषरूपं वक्तव्यम्,

श्रीवल्लभाचार्य एवं प्रभु श्रीविट्ठलेश्वर को नमन कर 'नवरत्नप्रकाश' में उनके वचनों की उपासना कर रहा हूँ ॥१॥

'सिद्धांतरहस्य' ग्रंथ में आत्मनिवेदियों के अगले-पिछले समस्त पापों के विनाश का उपाय यद्यपि भगवान ने कहा ही है परंतु वहाँ कहे गये वे सभी उपाय भगवद्-भुक्त पदार्थों को प्रसादरूप से ग्रहण करने के अर्थ में कहे गये हैं, जो भगवान के उपयोग में आने के पश्चात् अलौकिक ही बन जाता है परंतु वहाँ सि. रहस्यग्रंथ में सेवा में होने वाले प्रतिबंधकों की निवृत्ति नहीं कही गई है । और, जब तक सेवा में होने वाले प्रतिबंधकों की निवृत्ति न हो, तब तक सेवा आधिदैविकी नहीं हो सकती अतः भगवान में चित्त को प्रवण करने के द्वारा सिद्ध होने वाली मानसी-सेवा की भी संभावना नहीं है । उपर्युक्त विषयों की आलोचना (आकलन करके) करके श्रीमदाचार्यचरण 'नवरत्नग्रंथ' का अवतरण कर रहे हैं । और, 'सेवाफलग्रंथ' में काल-प्रारब्ध-स्वभाव के द्वारा निरंतर उत्पन्न होने वाले उद्वेग-आदि की निवृत्ति के लिए "लौकिकभोग चूँकि विघ्नसहित एवं अल्प सामयिक है, अतः त्याज्य है" (सेवा. वि.) इस वाक्य के द्वारा लौकिक भोगों की निवृत्ति करने के लिए इनके स्वरूप का विचार हो जाने के द्वारा ही इनकी निवृत्ति का उपाय कहा गया है । (अर्थात् लौकिकभोग बाहरीरूप से भले ही सुखकारी प्रतीत होते हों परंतु उनमें बड़े विघ्न होते है एवं वे अल्प समय के लिए ही होते हैं-इस प्रकार से इनका वास्तविक स्वरूप समझ लें और इनका मोह त्याग दें, यह उपाय कहा गया है) और, सेवा में होने वाले साधारण प्रतिबंध की निवृत्ति करने के लिए वहाँ

"बुद्धिपूर्वक मोग का त्याग करना चाहिए (सेवा. वि.)" कथन के द्वारा मात्र 'बुद्धि' को उपाय बताया गया है (अर्थात् उचित-अनुचित, योग्य-अयोग्य इत्यादि का बुद्धिपूर्वक विचार करके लौकिकता दूर करें, यह अर्थ है)। अतः उद्वेग-आदि की निवृत्ति के लिए कोई भी साधन नहीं कहा गया है । अतः उद्वेग-आदि की निवृत्ति के लिए भी किसी बुद्धिविशेष साधन को कहना/बताना आवश्यक हो जाता है ।

यद्यपि अतत्त्वनिर्धाराविवेकयोः प्रतिबन्धसाधकत्वकथनेन तत्प्रतियोगिनोस्तत्त्वनिर्धारविवेकयोः सर्वप्रतिबन्धनिवृत्तिसाधनत्वं सूचितम्, तथापि तत्त्वनिर्धारस्वरूपस्य सङ्क्षेपतः कुत्राप्यनुक्तत्वाद्विवेकधैर्याश्रये विवेकस्वरूपस्योक्तत्वेपि आश्रयशेषत्वेनोक्ततया सेवाशेषत्वेनानुक्तत्वात् सेवाया आधिदैविकीत्वसम्पत्त्यर्थं प्रतिबन्धकत्रयनाशहेतुं सङ्क्षेपेण वदिष्यन्तो, हेतुनाशे कार्यनाशात् तद्धेतुभूतचिन्तानाशकमुपायमुपदिशन्तीत्यनुसन्दधानाः श्रीमत्प्रभुचरणाः नवरत्नं व्याचिकीर्षन्तः, तत्र चिन्तायाः अकरणस्य आज्ञप्तत्वात् स्वभावतः प्राप्तायाश्चिन्तायाः अनिवार्यत्वात् तत्स्वरूपमन्यन्निश्चित्य तन्निवृत्त्युपायमुपदिशन्तो मङ्गलमाचरन्ति चिन्तेत्यादि ।

यद्यपि 'अतत्व का निर्धार' एवं 'अविवेक' ये दोनों सेवा में प्रतिबंध करते हैं और इनके विपरीत 'तत्व का निर्धारण' एवं 'विवेक' ये दोनों सेवा में होने वाले समस्त प्रतिबंधों की निवृत्ति के साधक हैं, यह सूचित किया गया है तथापि इस 'तत्वनिर्धारण' के स्वरूप को संक्षिप्तरूप से कहीं नहीं कह गया है । और 'विवेक' का स्वरूप भी यद्यपि 'विवेकधैर्याश्रयग्रंथ' में कहा गया है तथापि भगवान का आश्रय करने के रूप में कहा गया है । अतः उपर्युक्त विषयों का ध्यान रखते हुए सेवा में अधिदैविकता का संपादन करने के लिए तीन प्रकार के प्रतिबंधों (आधिदैविक-आधिभौतिक-आध्यात्मिक) को नष्ट करने का हेतु संक्षिप्त रूप से श्रीमत्प्रभुचरण यहाँ कह रहे हैं । जिस प्रकार यदि कारण ही नष्ट हो जाय तो उससे होने वाला कार्य भी स्वयं ही नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार इन तीनों प्रतिबंधकों की मूल कारण चिन्ता के नाश का उपाय श्रीमहाप्रभुजी उपदिष्ट कर रहे हैं । और, इसी का अनुसंधान करते हुए श्रीमत्प्रभुचरण 'नवरत्न' का विस्तार कर रहे हैं । यहाँ चूँकि आज्ञा तो चिन्ता न करने की है तथापि स्वभाव से ही प्राप्त होने वाली चिन्ता न करनी कठिन है । अतः उस चिंता का अन्य कोई दूसरा स्वरूप निश्चित् करते हुए उसकी निवृत्ति का उपाय उपदिष्ट करते हुए चिन्ता इत्यादि शब्दों से श्रीमत्प्रभुचरण मंगलाचरण कर रहे हैं ।

चिन्ताशब्दः स्मरणाख्ये मनोव्यापारे योगरूढः । चिति स्मृत्यामित्यतो भावेऽङि कृते चिन्तापदसिद्धेः । 'स्याच्चिन्ता स्मृतिराध्यान'मिति कोशाच्च । सा तु प्रयत्नमन्तरेणापि, सदृशादृष्टचिन्ताद्यैः तद्बीजबोधकैः तदा तदा सम्भवन्ती न निवारयितुं शक्या ।

'चिन्ता' शब्द स्मरण नामक मनोव्यापार में योगरूढ शब्द है । (मन से की जाने वाली क्रिया को 'मनोव्यापार' कहते हैं । टीकाकार कह रहे हैं कि 'चिन्ता' शब्द मन से किए जाने वाले स्मरण के अर्थ में योगरूढ़-शब्द है । अर्थात् जब किसी का स्मरण किया जाता है तो उसे 'चिंतन' कहते है । अब 'योगरूढ़-शब्द' को समझें । कोई भी शब्द दो प्रकार से बन सकता है, एक योग-अर्थ में एवं दूसरा रूढ़-अर्थ में । जब किसी शब्द का अर्थ व्याकरण अथवा तो शब्दकोश में किसी एक विशेष अर्थ में बताया गया हो परंतु लोक में बोलचाल की भाषा में उस शब्द का अर्थ किसी अन्य अर्थ में प्रयुक्त होता हो, तो उसे रूढ़-शब्द कहते हैं । इसी प्रकार यदि कोई शब्द भिन्न-भिन्न प्रत्यय अथवा धातु से भिन्न-भिन्न रूप से, भिन्न-भिन्न अर्थों में बनाया जा सके तो उसे यौगिक-शब्द कहते हैं । किंतु यहाँ, टीकाकार कहते हैं कि 'चिन्ता' योगरूढ-शब्द है अर्थात् यौगिक भी है और रूढ़ भी । ये योगरूढ़-शब्द कैसे है? यह वे आगे बता रहे हैं ।) 'चिति स्मृत्याम्' इस धातु से भाव-अर्थ में 'अङ्' प्रत्यय करके 'चिन्ता' शब्द बनता है । शब्दकोश में भी - "स्मृति एवं आध्यान अर्थ में 'चिन्ता' शब्द का प्रयोग किया जाता है"- इस प्रकार से कहा गया है । यह प्रयत्न किए बिना भी होने वाली चिन्ता; भाग्य एवं काल जो उसके मूलहेतु हैं, उनके द्वारा होती है और ऐसी चिन्ता निवृत्त होनी शक्य नहीं है ।

किञ्च, तस्याः सर्वस्या अकरणे 'निवेदनं तु स्मर्तव्य'मित्यग्रिमग्रन्थस्यापि विरोध इति सात्र न निषिध्यत्वेन विवक्षिता, किन्तु शास्त्रेषु प्रस्तूयमाने विचारे 'अथेदं चिन्त्यत' इत्यादिप्रयोगदर्शनाद्विचारापरनामा सप्रयत्नः स्मरणविशेषश्चिन्ता, तस्या अपि योऽवस्थाविशेषकृतोऽवान्तरविशेषः, 'एवमापन्नस्य मे किं स्या'दित्याकारकः, सोऽत्र चिन्तापदेन परामृश्यते । तस्याः सन्तानः परम्परा, तद्धन्तारो निवारका यत्पदाम्बुजरेणवस्तान् निजाचार्यान् मुहुर्मुहुः यदा यदा तत्सम्भवः, तदा तदा तन्निवृत्त्यर्थं प्रकर्षेण कायवाङ्मनसेन नमामीत्यर्थः । तेन तदीयानां प्रथमत इदमेव तन्निवृत्तिसाधनमिति बोधितम् ।

और, यहाँ यह भी समझना चाहिए कि, यदि संपूर्णरूप से चिन्ता न करने का उपदेश दे दिया जाय तो फिर इसी 'नवरत्न' ग्रंथ में कहे 'निवेदनं तु स्मर्तव्यं' (निवेदन का स्मरण तो करना ही चाहिए) इस वाक्य से विरोध हो जायेगा । अतः इस वाक्य में कहे गये

---

१. विचारयितुमिति पाठः ।

प्रकार की चिन्ता यहाँ निषेध-रूप से नहीं कही जा रही है अपितु यह कहा जा रहा है कि जैसे शास्त्रों में प्रस्तुत किसी विषय का विचार करने में 'अब इसका चिंतन किया जाता है' इत्यादि प्रयोग दिखाई देते हैं, उसी प्रकार से 'विचार' के दूसरे नाम से जानी जाती प्रयत्नसहित किए जाने वाले विशेष 'स्मरण' वाली चिन्ता का यहाँ विधान किया जा रहा है । (उपर्युक्त तीन चार पंक्तियों को ध्यान से पढ़ेंगे तो ज्ञात होगा कि टीकाकार 'चिन्ता' एवं 'चिंतन' शब्द के भेद की ओर संकेत कर रहे हैं । इन दोनों शब्दों का अर्थभेद बताने के लिए उन्होंने सर्वप्रथम शब्दकोश के द्वारा 'चिन्ता' शब्द का अर्थ बताया है, जहाँ ये कहा गया है कि 'चिन्ता' शब्द स्मृति अर्थात् स्मरण एवं आध्यान अर्थात् भलीभाँति ध्यान करने के अर्थ में प्रयुक्त होता है । यह अर्थ बताने के पश्चात् वे कहते हैं कि यदि - किसी भी प्रकार की चिंता नहीं करनी चाहिए-इस प्रकार के उपदेश द्वारा संपूर्णरूप से चिंता त्याग दी जाय तो फिर इसी नवरत्नग्रंथ के दूसरे ही श्लोक में कहे "निवेदन का स्मरण तो करना ही चाहिए" इस वाक्य से उसका विरोध हो जायेगा क्योंकि यहाँ तो श्रीमहाप्रभुजी स्मरण करने का उपदेश दे रहे हैं । इसी बात का स्पष्टीकरण टीकाकार कर रहे हैं कि, हमें इस बात का ध्यान रखना है कि कहाँ चिंता न करनी और कहाँ चिंतन करना । जहाँ तक प्रभुसेवा में उपयोगी द्रव्य-सामग्री आदि के जुगाड़ का प्रश्न है, तो वहाँ चिन्ता नहीं करनी परंतु जहाँ तक श्रीमहाप्रभु के द्वारा प्रभु को किए गये सर्वस्व निवेदन का प्रश्न है, तो वहाँ उसका स्मरण अर्थात् चिंतन अवश्यकरना, यह अर्थ है) इस शास्त्र में कही जाने वाली चिन्ता भी किसी एक विशेष-अवस्था में प्रयत्नसहित होने वाली एक दूसरे प्रकार की विशेष चिन्ता है परंतु यहाँ (चिन्तासन्तान.....मुहुर्मुहुः पद में) होने वाली चिन्ता तो निवेदन होने के पश्चात् "इस परिस्थिति में आगे मेरा क्या होगा?" इस प्रकार के स्वरूप वाली चिन्ता है, यह जानना चाहिए । अतः ऐसी चिन्ता की जो संतान हैं अर्थात् परंपरा है, (अर्थात् एक चिन्ता से होने वाली दूसरी चिंता, फिर दूसरी से तीसरी और फिर तीसरी से चौथी - इस प्रकार से चिन्ता की श्रृंखलाएँ) उसको नष्ट करनेवाली अर्थात् निवारण करने वाली जिनके चरणकमलों की रेणु है, ऐसे निजाचार्य (श्रीमहाप्रभुजी) को मैं बारंबार प्रणाम करता हूँ, यह अर्थ है। अर्थात् जब-जब ऐसी चिंताएँ घेर लेती हैं, तब-तब उनकी निवृत्ति के लिए मन-वाणी-कर्म के द्वारा विशेषरूप से मैं नमन करता हूँ, यह अर्थ है। इस वाक्य से यह समझना चाहिए कि, भगवदीयों को इन चिन्ताओं से निवारण के लिए प्रथमतया आचार्यचरणों की शरणागति ही साधन बताई गई है ।

ननु भगवदीयानां कथं चिन्तोद्भवः ।

अतःपरं व्याख्येयग्रन्थे चिन्तायाः अकरणस्य निवेदितात्मधर्मत्वेनोक्तत्वाद्ब्रह्मसम्बन्धकरणरूपस्य निवेदनस्य चात्र भगवद्धर्माचरणाधिकारत्वेन विवक्षितत्वात् तेन भगवदीयत्वे सति यथा चिन्तोद्भवस्तं प्रकारं ग्रन्थावतरणाय पृच्छति नन्वित्यादि । सिद्धान्तरहस्ये ब्रह्मसम्बन्धकरणात् सर्वदोषनिवृत्तेरसमर्पितवर्जनेन च भाविदोषासंसर्गस्य व्यवहारानुरोधिगौणधर्मोपदेशेन लौकिकालौकिकनिर्वाहप्रकारस्य चोक्तत्वात् तद्रीत्याऽभीष्णं भगवन्तमनुसन्दधानानामैहिकामुष्मिकचिन्ताहेतोर्निरस्तत्वात् केन प्रकारेण चिन्तोद्भवो यन्निवृत्त्यर्थं नवरत्नकरणमित्यर्थः ।

इसके पश्चात् प्रस्तुत नवरत्नग्रंथ में चूँकि 'चिन्ता नहीं करनी चाहिए' यह आत्मनिवेदी का धर्म कहा गया है एवं चूँकि ब्रह्मसंबंधरूप निवेदन कर लेने के पश्चात् भगवद्-धर्माचरण का अधिकार प्राप्त हो जाता है एवं वह जीव भगवदीय हो जाता है, तो ऐसे भगवदीय को जैसी चिन्ता होती है वैसे प्रकार की चिन्ता ग्रंथ आरंभ करने के लिए श्रीमत्प्रभुचरण ननु इत्यादि शब्दों से पूछ रहे हैं । यहाँ श्रीमत्प्रभुचरणों द्वारा 'ननु' इत्यादि शब्दों से शंका उठा कर पूछने का अर्थ यह है कि, जब 'सिद्धांतरहस्यग्रंथ' में ब्रह्मसंबंध करने के पश्चात् समस्त दोषों की निवृत्ति एवं असमर्पित के त्याग द्वारा भविष्य में होने वाले दोषों का संसर्ग ही नहीं होता है एवं लौकिक-अलौकिक व्यवहारों में किस धर्म को गौण रखना और किसे मुख्य? इस प्रकार से निर्वाह का प्रकार भी तो कह ही दिया गया है अतः इस रीति से सर्वत्र निरंतर भगवान का अनुसंधान करनेवालों की लौकिक-अलौकिक समस्त चिन्ताओं के हेतु तो निरस्त ही हो गये हैं, तो अब उन्हें किस प्रकार से चिंता हुई जिसको निवृत्ति के लिए श्रीमहाप्रभुको 'नवरत्नग्रंथ' की रचना करनी पड़ी? यह अर्थ है ।

इत्थम् । आत्मनिवेदिनो हि भगवद्भजनार्हाः, नेतरे ।

एवं साभिप्रायप्रश्नमुखेन तादृशां चिन्तोद्भवे आक्षिप्ते तेषां यादृशचिन्तोद्भवस्तं प्रकारं वक्तुं निवेदनस्याधिकाररूपतायास्तत्प्रकारस्य

च कुत्रापि प्रकरणग्रन्थेष्वनुक्तत्वात्तत्प्रकारकपनादिना तदावश्यकत्वं च दृढीकर्तुं येषां न लौकिकी चिन्ता, ते भगवदीया इति तेषां स्वरूपबोधनाय प्रथमतः पुरःस्फूर्तिकं चिन्तोद्भवप्रकारं वदिष्यन्तस्तत्र हेतुं विकल्पयन्ति इत्थमित्यादि। तथाच। सिद्धान्तरहस्योक्तरीत्या चिन्ताया असम्भवेपि शरीरादियात्रानिर्वाहप्रकारस्य तत्रानुक्तत्वा'दनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते। तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यह'मिति भगवदुक्ते निर्वाहप्रकारे प्राप्तस्योक्तविकल्पात्मकहेतोर्वंशाचिन्ता सम्भवतीति तन्निवृत्त्यर्थं ग्रन्थकरणमित्यर्थः।

(अब यहाँ से टीकाकार 'इत्थम्' शब्द का अर्थ कर रहे हैं।) इस प्रकार से अभिप्रायपूर्वक प्रश्न करते हुए ऐसे भगवदीयों को जब चिन्ता होती है तो किस प्रकार की चिन्ता होती है ? इसका प्रकार कहने के लिए प्रभुचरण अब आगे कह रहे हैं । चूँकि निवेदन का अधिकार प्राप्त होने के पश्चात् होने वाली चिन्ता का प्रकार अन्य किसी भी प्रकरणग्रंथों में नहीं कहा है, अतः उस प्रकार की चिन्ता एवं उसकी निवृत्ति की आवश्यकता को श्रीमत्प्रभुचरण दृढ़ कर रहे हैं । अतः "जिनको लौकिक चिन्ता नहीं होती है, वे ही भगवदीय हैं" इस प्रकार से उन भगवदीयों का स्वरूप बताने के लिए सर्वप्रथम उन्हें सबसे पहले स्फुरित होने वाली चिन्ता का प्रकार कहते हुए उसके हेतु इत्थम् इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । वह इस प्रकार कि, यद्यपि 'सिद्धांतरहस्यग्रंथ' में कही गई रीति के अनुसार चिन्ता होनी संभव नहीं है तथापि इस शरीर-आदि का निर्वाह कैसे करना ? (अर्थात् देहनिर्वाह के लिए कोई उद्यम व्यापार, परिवारजनों का भरणपोषण आदि कैसे करना ?) यह न कहकर केवल "जो अनन्यता से मेरा चिंतन करते हुए भक्तिभाव से मेरा भजन करते हैं, उनके योगक्षेम का मैं स्वयं वहन करता हूँ (भ.गी. ९/२२)" इस भगवान द्वारा कहे गये निर्वाह के प्रकार में उपर कही गई (देखें प्रभुचरणों की टीका 'इत्थम्' से लेकर 'इतरेण वा' तक) चिन्ता होती है अतः ऐसी चिन्ता के निवारण के लिए श्रीमहाप्रभुजी ने 'नवरत्नग्रंथ' की रचना की है, यह श्रीमत्प्रभुचरण कह रहे हैं ।

तत्र चैहिकपारलौकिकयोरर्थयोर्नावशिष्टं किञ्चिदसमर्पितम्। एवं सति देहादिनिर्वाहः केन कार्यः, किं निवेदितार्थेन, उत इतरेण वा। तत्र नाद्यः। तदीयार्थस्य तदिच्छां विना ग्रहीतुमशक्यत्वात्, इच्छायाश्च ज्ञातुमशक्यत्वात्। वस्तुतस्त्विच्छायामपि सत्यां तदुपयोगोऽनुचितः सेवकस्य। न च तदीयानां देहादीनां तदीयार्थेन पोषणं न दोषायेति वाच्यम्। स्वतस्तथाकृतेर्दोषावहत्वात्तदिच्छायाश्च ज्ञातुमशक्यत्वादित्युक्तम्।

एवं सम्भवहेतुं विकल्प्याद्यं परिहरन्ति तत्रेत्यादि। आद्यः निवेदितेनैव निर्वाहः कार्य इति पक्षो न युज्यते। तत्र हेतुस्तदीयार्थस्येत्यादि। नन्वेकादशोनविंश आत्मनिवेदिनां धर्माः 'श्रद्धामृतकथायां म' इत्यादिनोपदिष्टाः, ते च शरीरस्थिमन्तरेणानुपपद्यमानास्तद्धेतुमाक्षिपन्तो निवेदितेनैव निर्वाहमाक्षिपन्तीति नेच्छाया ज्ञातुमशक्यत्वमित्यत आहुः वस्तुत इत्यादि। अनुचित इति। भगवद्वाक्यतात्पर्यज्ञानाभावादनुचितः। सेवकस्येति। हेतुगर्भं विशेषणम्। तथा चेच्छाज्ञानेपि प्रत्यक्षाज्ञाभावेन स्वतस्तथाकरणे भक्तिमार्गविरुद्धस्य स्वातन्त्र्यस्य सम्भवादनुचित इत्यर्थः। पुनः प्रकारान्तरेणौचित्यमाशङ्क्य परिहरन्ति न चेत्यादि। दोषावहत्वादिति। देहादेर्भगवदीयत्वेपि तत्र स्वत्वाभिमानस्यानपेतत्वेन तथात्वादित्यर्थः।

इस प्रकार से होने वाली चिन्ता का पहला विकल्प वे तत्र इत्यादि शब्दों से निरस्त कर रहे हैं । वे कह रहे हैं कि - निवेदित वस्तुओं से ही निर्वाह करना चाहिए-यह प्रथमपक्ष अयुक्त लगता हैं और वह क्यों अयुक्त है, इसका स्पष्टीकरण उन्होंने तदीयार्थस्य इत्यादि शब्दों से दिया है । प्रभुचरणों ने तो यह कहा ही है कि भगवान को निवेदित किए गये पदार्थों का उपयोग करने से पूर्व भगवान की इच्छा वैसी है कि नहीं, यह जान लेना अशक्य है परंतु फिर भी यदि कोई पूर्वपक्षी यह शंका करे कि एकादश स्कंध के उन्नीसवें अध्याय में "मेरी अमृतमयी कथा में भक्त को श्रद्धा रखनी चाहिए (श्री.भा. ११/१९/२०)" इत्यादि वाक्यों में आत्मनिवेदियों के धर्म स्वयं भगवान ने बताये हैं; जहाँ उन्होंने स्वयं निवेदित पदार्थों से ही जीवननिर्वाह का उपदेश दिया है, तो फिर प्रभुचरण यह क्यों कह रहे हैं कि भगवद्-इच्छा जाननी अशक्य है ? एकादश-स्कंध के उन्नीसवें अध्याय में कहे गये वे धर्म शरीर के न रहने पर तो किए नही जा सकते अतः इस प्रकार की शंका का उत्तर देते हुए आपश्री वस्तुतः से लेकर अनुचितः इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । आपश्री का तात्पर्य यह है कि यदि भगवान की इच्छा जान लेनी संभव भी हो जाय, तब भी सेवक के लिए तो स्वामी की वस्तु का उपयोग करना अनुचित ही है । अनुचित पद का अर्थ है - भगवान के वाक्यों के तात्पर्य का सही ज्ञान न होने के कारण सहसा ऐसा कर लेना अनुचित है । अब सेवकस्य शब्द का विवेचन कर रहे हैं । इस पद के द्वारा प्रभुचरणों ने जीव को 'सेवक' विशेषण द्वारा संबोधित किया है जिसके गर्भ में कोई विशेष हेतु छिपा हुआ है । और वह हेतु यह है कि चूँकि वह सेवक है एवं उसे भगवान की आज्ञा भी ज्ञात हो गई हो तथापि प्रत्यक्ष-आज्ञा तो

नहीं हुई है । अतः स्वयं ही ऐसा कर लेने पर सेवक में भक्तिमार्ग के विरुद्ध स्वच्छंदता आ सकती है, इस कारण से अनुचित है - यह अर्थ है । तिस पर भी यदि कोई ऐसा करना उचित ठहराता हो तो प्रभुचरण इसे न च से लेकर दोषावहत्वात् तक की पंक्ति द्वारा निरस्त कर रहे हैं । वे कहते हैं कि भले ही देह-आदि भगवदीय हो गये हों तथापि यदि कोई स्वयं ही भगवद्-आज्ञा मानकर अपने प्रभु की वस्तु का उपयोग करना आरंभ कर दे तो ऐसे में उसके स्वत्व का अभिमान दूर नहीं होगा और वह दोषग्रस्त हो जायेगा, यह अर्थ है ।

न द्वितीयः, अस्वधर्मत्वात् । निवेदितस्यार्थस्य स्थित्यायर्थं स्वस्य विचारस्याप्यनुचितत्वात् । तदभिमाने तत्सम्भवात् ।

द्वितीयं परिहरन्ति **न द्वितीय** इत्यादि । तत्र हेतुः **अस्वधर्मत्वादिति** । तदुपपादयन्ति **निवेदितस्येत्यादि** । भगवता ह्यात्मसमर्पणमिदं स्वत्वाभिमानत्यागार्थमेवाधिकारिविशेषणतयोपदिष्टम् । तत्पूर्वकमेव सेवाकरणस्य महद्विमृग्यभक्त्युत्कृष्ट-कारणत्वात् । अन्यथा अत्रोक्तानां पूर्वमेकादशाध्यायेप्युक्तत्वादत्रोक्तेषु विशेषाभावे उत्कृष्टकारणत्वप्रतिज्ञानं विरुद्धं स्यात् । उत्कृष्टत्वं त्वत्रानन्यथासिद्धत्वमेव । नत्वन्यत् । तथा सति पूर्वोक्तेष्वेतत्कारणत्वाभावप्रसङ्गात् । न चेष्टापत्तिः । तथा सत्येतेषु परत्वोक्तेर्विरोधप्रसङ्गादिति । अतो यथान्यस्मिन्निवेदितेऽयं नाभिमन्यते, तथा देहादावपि युक्तम् । तथानिवेदितेन देहादिनिर्वाहं चिन्तयेत्, तदा स्वत्वाद्यभिमानदार्ढ्यापत्त्या स्वस्व[1]धर्मो बाध्येतेति स्वधर्मविरोधेन तथात्वादित्यर्थः ।

दूसरे पक्ष का परिहार **न द्वितीय** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । द्वितीय पक्ष भी युक्त नहीं है, इसका हेतु उन्होंने **अस्वधर्मत्वात्** पद से दिया है । इसी हेतु का विवरण वे **निवेदितस्य** इत्यादि शब्दों से कर रहे हैं । भगवान ने इस आत्मसमर्पण का उपदेश निश्चित् रूप से स्वत्व के अभिमान के त्याग के लिए उपदिष्ट किया है अर्थात् स्वत्व के अभिमान का त्याग करके आत्मसमर्पण करने वाले भक्त ही यहाँ पुष्टिमार्ग में विशेष अधिकारी हैं । क्योंकि इस प्रकार स्वत्व के अभिमान के त्यागपूर्वक भगवत्सेवा करनी ही महद्विमृग्यभक्ति प्राप्त करने का उत्कृष्ट कारण है। यदि ऐसा न होता कि यहाँ (अर्थात् श्री. भा. ११/१९/१९-२४ में) कोई महद्-विमृग्यभक्ति अर्थात् किसी विशेष उत्कृष्ट भक्ति का उपदेश भगवान ने न कहा होता तो पूर्व में (अर्थात् श्री. भा. के ११/११/४९ के श्लोक में) दिया गया उपदेश और यहाँ ११/१९/१९-२४ में दिए गये भक्ति के उपदेशों में न कोई अंतर रहता और न कोई विशेषता रहती । और तो और, यहाँ ११/१९/१९ के श्लोकों में भगवान ने जो प्रतिज्ञा करते हुए महद्-विमृग्य नामक किसी विशेष उत्कृष्ट भक्ति को बताने का उपदेश दिया है, वह उनकी प्रतिज्ञा भी विरुद्ध और झूठी सिद्ध हो जाती । अतः यहाँ श्री.भा. ११/१९/१९-२४ इत्यादि श्लोकों में कही भक्ति की उत्कृष्टता तो इन श्लोकों में कहे गये असाधारण कारणों ही सिद्ध है, साधारण कारणों से नहीं । क्योंकि पूर्व में ११/११/४९ इत्यादि श्लोकों में ऐसे कोई असाधारण कारणों की कोई बात भगवान ने कही नहीं है । ऐसे में यह भी नहीं कहा जा सकताश्री.भा. ११/१९/१९-२४ एवं ११/११/४९ इन दोनों स्थलों पर केवल साधारण भक्ति का ही उपदेश है। क्योंकि ऐसा कहने पर बात श्री.भा. ११/१९/१९-२४ में कहे परमभक्ति के कथन से विरुद्ध हो जायेगी, जहाँ स्वयं भगवान उद्धवजी से परमभक्ति का उपदेश करने की प्रतिज्ञा कर रहे हैं । अतएव जिस प्रकार भगवान के अतिरिक्त अन्य में निवेदन किया जाय तो प्रभु उसे नहीं स्वीकारते, उसी प्रकार देह-आदि के निवेदन में भी यही बात समझनी चाहिए । अतः यदि अनिवेदित से देह-आदि के निर्वाह का विचार करेंगे तो स्वीयत्व का अभिमान (अर्थात् यह सभी कुछ मैं खुद ही कर रहा हूँ, ऐसा अभिमान) दृढ़ होगा और स्वधर्म (अर्थात् अहंताममता के त्यागपूर्वक भगवान की ही शरणागति करनी स्वधर्म है) बाधित होगा। अतः स्वधर्म बाधित न हो, इसके लिए सर्वस्व भगवान को निवेदित करना चाहिए, यह अर्थ है ।

एवं सति देहादिनाशसम्भवेन भजनासम्भवात्तद्वैयर्थ्यापातः । मार्ग एव चायमुच्छिद्येत । अतो निवेदने भजनाधिकारः, तस्मिन् सति तदनिर्वाह इत्युभयतः पाशा रज्जुरिति चेत् ।

एवं हेतुद्वयं परिहृत्य यथाचिन्तोद्भवस्तं प्रकारमाहुः एवं सतीत्यादि । एवं देहादिनिर्वाहप्रकारद्वये बाधिते सति देहादेस्तथात्वेन भजनासंभवान्निवेदनवैयर्थ्यं पुष्टिमर्यादात्मकभक्तिमार्गोच्छेदश्चेति भगवता भक्त्यधिकारवाक्यं भक्तिपरमकारणवाक्ये किमभिप्रायेणोक्तम् । ततश्च तदर्थज्ञानासम्भवे तदुक्तकरणस्यापि व्यङ्गत्वात्कथं परमभक्तिलाभ इत्येवं तत्सम्भव इत्यर्थः ।

इस प्रकार देहादि का निर्वाह करने के लिए दोनों हेतुओं का परिहार करके (प्रभुचरणों की टीका में देखेंगे तो ज्ञात होगा कि, उन्होंने प्रभु को सर्वस्व निवेदन कर देने के पश्चात् देहादि का निर्वाह कैसे करना ? इस शंका के उत्तर में दो हेतु प्रस्तुत किए थे । एक हेतु यह कि 'क्या

---

१. स्वस्य धर्म इति पाठः ।

निवेदित किए जा चुके धन से निर्वाह करना ?' एवं दूसरा हेतु यह कि 'क्या धन को अनिवेदित रखते हुए उस धन से निर्वाह करना ?' श्री पुरुषोत्तमजी का तात्पर्य इन दोनों हेतुओं के परिहार से है) चिन्ता जिस प्रकार से हो सकती है, उसको एवं सति इत्यादि वाक्यों से प्रभुचरणों ने कहा है। 'एवं सति' से लेकर 'इति चेत्' तक की पंक्तियों का अर्थ यह है कि, यदि इन दोनों ही प्रकारों से देह-आदि का निर्वाह करना संभव न होता हो, तो ऐसे तो देह ही नष्ट हो जायेगी और जब देह ही न रही तो भजन करना भी असंभव है। इस प्रकार संपूर्ण निवेदन के व्यर्थ हो जाने से पुष्टिमर्यादात्मक भक्तिमार्ग का ही उच्छेद हो जायेगा। अतः भगवान ने भक्ति में अधिकार उत्पन्न करने वाले वाक्य भक्ति के परम कारण को बताने वाले वाक्य में किस अभिप्राय से कहे, यह प्रश्न उपस्थित होता है।

अत्र वदामः। ''दारान् सुतान् गृहान् प्राणान् यत्परस्मै निवेदनम्''। ''एवं धर्मैर्मनुष्याणामुद्धवात्मनिवेदिनाम्। मयि सञ्जायते भक्तिः कोन्योर्थोस्यावशिष्यत'' इत्यादिवाक्यैस्तदावश्यकम्, साक्षात् श्रीगोकुलेशभजनाधिकाररूपत्वात्, द्विजस्य वैदिककर्मणि गायत्र्युपदेशजसंस्कारवत्। (निवेदनस्य सार्थकत्वाय भजनसिद्ध्यर्थमा वश्यकव्यवहारार्थं निवेदितस्यैव स्वार्थं विनियोगः कार्यः।)

एवं चिन्तासम्भवव्युत्पादनमुखेनात्मनिवेदनस्यावश्यकत्वे आक्षिप्ते प्रमाणपुरःसरं तदावश्यकत्वं साधयन्त उभयतःपाशं परिहरन्ति अत्रेत्यादि। इह दारानितिवाक्यमेकादशे प्रबुद्धेन .'तत्र भागवतान् धर्मान् शिक्षेद्गुर्वात्मदैवतम्। अमाययानुवृत्त्या यैस्तुष्येदात्मात्मदो हरि'रिति भगवत्तोषहेतून् धर्मानुपक्रम्य तत्र पठितम्। दारादीनालक्ष्य यत् परमेश्वराय निवेदनं तदुपयोगितया समर्पणं तत् शिक्षेदिति तत्रपदसम्बन्धाद्दारादिनिवेदनस्य भगवत्तोषहेतुत्वं बोधयति। द्वितीयं तु भगवता भक्तिपरमकारणमुपक्रम्य तदधिकारिविशेषणबोधनाय पठितमिति तत्र तदावश्यकतां बोधयति। आदिपदेन 'दास्येनात्मनिवेदन'मिति भगवद्वाक्यं स्वगोत्रवित्तात्मसमर्पणेन चेति बल्याचारबोधकवाक्यं च संगृह्यते। अत एतादृशैर्वाक्यैः स्वसर्वस्वसहितात्मसमर्पणं भक्तिमार्गे आवश्यकम्। तत्र हेतुर्दृष्टान्तश्च साक्षादित्यादिना स्फुटीक्रियते।

और, भगवान के वाक्यों का अर्थज्ञान होना भी तो संभव नहीं है अतः उनके वाक्यों में कही भक्ति को प्राप्त करने में साधनरूप तो देह है और इस देह के ही भंग हो जाने से परमभक्ति भी कैसे प्राप्त होगी ? इन कारणों का विचार करते हुए जीव को चिंता होनी संभव है, यह अर्थ है।

इस प्रकार से प्रभुचरण इन चिंताओं की संभावनाओं को व्युत्पादित करते हुए, यह बता रहे हैं कि ऐसी परिस्थिति में जब निवेदन की आवश्यकता आ पड़ती है, तब उस आत्मनिवेदन को प्रमाणसहित साधते हुए दोनों ओर की कठिनाई अत्र इत्यादि शब्दों से दूर कर रहे हैं। यहाँ 'दारान् (श्री.भा. ११/३/२८)' इस वाक्य के अंतर्गत यह समझना चाहिए कि एकादश स्कंध में 'प्रबुद्ध' नामक योगेश्वर ने ''भक्त को चाहिए कि गुरु की निष्कपट भाव से सेवा करके भगवान को प्राप्त कराने वाले साधनों की शिक्षा ग्रहण करे। इन्हीं 'साधनों' से भगवान प्रसन्न होते हैं (श्री.भा. ११/३/२२)'' इत्यादि वाक्यों में भगवान को प्रसन्न करने के हेतुभूत धर्मों को उपक्रमित करके बताया गया है। इन वाक्यों का अर्थ यह निकलता है कि पत्नी-आदि का जो भगवान को निवेदन करना बताया गया है, ऐसे भगवत्सेवा में उपयोगी समर्पण को गुरु अपने शिष्य को सिखाए। अतः इस श्लोक में आए 'तत्र' पद के द्वारा ''पत्नी-आदि को भगवान को समर्पित करना भगवान की प्रसन्नता का हेतु है'' यह अर्थ बोधित किया जा रहा है। दूसरे श्लोक अर्थात् ''एवं धर्मैः इस श्लोक में भगवान ने भक्ति के परमकारण को बताते हुए उस परमभक्ति को प्राप्त करने के अधिकारी कौन हैं ?'' इस प्रकार से उस अधिकारी का बोध कराने के लिए वहाँ स्वत्व-अभिमान के त्यागपूर्वक निवेदन को आवश्यकता बोध कराई है। एवं 'आदि' पद से प्रभुचरणों का आशय ''दास्यभाव से मुझे आत्मनिवेदन करे (श्री.भा. ११/११/३५)'' इस भगवद्-वाक्य में कहा गया आत्मनिवेदन एवं श्री. भा. १०/८५/३७ के श्लोक में कहा गया वह आत्मनिवेदन भी है, जहाँ राजा बलि ने भगवान श्रीकृष्ण को अपना समस्त परिवार अपना धन तथा शरीर सभी कुछ समर्पित कर दिया है।

अतः ऐसे वाक्यों के द्वारा स्वयं के सर्वस्वसहित भगवान को आत्मसमर्पण करना भक्तिमार्ग में आवश्यक है। इसमें हेतु एवं दृष्टांत प्रभुचरण साक्षात् इत्यादि वाक्यों से स्फुट कर रहे हैं।

न'चैवं धर्मै'रितिवाक्ये स्वकृतधर्मापेक्षया मनुष्यत्वस्य पूर्ववर्तित्वेन तत्र तेषां हेतुतयाऽनन्वयेप्यात्मनिवेदिनामिति तद्विशेषणं प्रति हेतुत्वस्य सुवचत्वात्तं प्रत्येव तेषां हेतुत्वं तस्य भक्तिं प्रतीतिप्रतीतेः स्फुटत्वादात्मनिवेदनस्य धर्मकरणं प्रत्यधिकारत्वमयुक्तमिति शङ्क्यम्।

१. () नास्ति बहुपुस्तकेषु।

साक्षात् क्रियान्वयं विहायैवं कल्पने बीजाभावात् । धर्माणां तत्रोपक्षये आत्मनिवेदनोत्तरं तदकरणप्रसङ्गात् । दास्येनात्मनिवेदनस्य प्रागुक्तत्वेन दास्यापेक्षया न्यूनश्रद्धादिधर्मजन्यात्मनिवेदनस्यात्र परत्वोक्तेर्बीजानुपलम्भाच्च । तस्मादात्मनिवेदन-स्याधिकारत्वायैवैवमुक्तिरिति निश्चय इति बोध्यम् ।

यहाँ एकादशस्कंध के 'एवं धर्मैः' इस वाक्य में धर्म' शब्द के संग पहले तो 'मनुष्य' शब्द जुड़ा है, जिससे यह उलझन पैदा होती है कि कहीं यहाँ मनुष्य के धर्म तो नहीं बताए जा रहे ? परंतु 'धर्म' एवं 'मनुष्य' शब्द के बाद आत्मनिवेदी शब्द भी आया है एवं यहाँ इस वाक्य में प्रसंग भी आत्मनिवेदियों का ही चल रहा है, मनुष्यधर्मों का नहीं अतः आत्मनिवेदी शब्द 'मनुष्य' शब्द का विशेषण है और यहाँ आत्मनिवेदी के धर्म बताए जा रहे हैं, यह अर्थ सिद्ध हो जाता है। तथापि इस वाक्य से कुछ ऐसा प्रतीत होता है कि इन भागवतधर्मों से आत्मनिवेदन उत्पन्न होता है और आत्मनिवेदन से फिर भक्ति उत्पन्न होती है अतः यदि कोई इस प्रकार की शंका करके यह कहता हो कि आत्मनिवेदन धर्म करने का अधिकाररूप नहीं हो सकता, तो ऐसी शंका मत करिए । क्योंकि सर्वप्रथम तो जब इस श्लोक का सीधा-साधा अर्थ स्पष्ट हो रहा है तो फिर इसे घुमा-फिरा कर अर्थ करने की कोई आवश्यकता नहीं है । दूसरा कारण यह है कि, चलिए एक बार यह मान लिया जाय कि इन भागवतधर्मों से आत्मनिवेदन उत्पन्न होता भी है, तो फिर एक बार इन धर्मों द्वारा आत्मनिवेदन उत्पन्न होने के पश्चात् ये धर्म तो आत्मनिवेदन को उत्पन्न करने में ही खप गये, तो अब पुनः इन धर्मों का आचरण करने को कहाँ अवकाश रह जाता है ? और यदि ऐसा ही है, तो भगवान को इन धर्मों का इतना लंबा-चौड़ा उपदेश देने की क्या आवश्यकता थी ? यह प्रश्न उपस्थित होता है।

तथा च त्रैवर्णिकत्वेन सत्यामपि स्वरूपयोग्यतायामुपनयनं विना वैदिककर्मणि यथा नाधिकारः, तथा 'देवोऽसुरो वे'ति 'को नु राजन्निन्द्रियवा'नितिं च वाक्यात् स्वरूपयोग्यत्वेपि निवेदनं विना विवक्षितभक्तौ नाधिकार इति सिध्यति । एवं निवेदनस्वरूपस्यानवगमे भजनासिद्धिं स्फुटीकुर्वन्ति अन्यथेत्यादि । यदि भगवद्वाक्यस्थे आत्मनिवेदिपदे दारायात्मा न सङ्गृह्येत, तदा दारपरिग्रहोत्तरक्षण एव तया तदात्मनिवेदने अकृते तस्या आत्मनिवेदित्वाभावादनधिकारेणाग्रे सेवायां तदविनियोगे प्राप्ते तत्परिग्रहवैयर्थ्यापत्तिरत उक्तरीत्या तज्ज्ञानमावश्यकमित्यर्थः । तथा च यथा गायत्र्युपदेशजनित उपनयनसंस्कारः प्रतिपुरुषं भवंस्तस्य तस्य वैदिककर्मोपकारकदेहादिनिर्वाहप्रयोजकभिक्षादिकर्मणां न प्रतिरोधकः, तथोक्तरीत्या निवेदनरूपः संस्कारोपि भजनोपकारक-देहादिनिर्वाहप्रयोजकस्य निवेदितोपयोगस्य न प्रतिरोधक इति नोभयतःपाशारज्जुरित्यर्थः ।

यद्यपि ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य (त्रैवर्णिक) इन वर्णों में वैदिक-कर्मों को करने की स्वरूपयोग्यता है परंतु जैसे उपनयन संस्कार किए बिना इन्हें वैदिककर्मों को करने का अधिकार प्राप्त नहीं होता, उसी प्रकार श्रीमद्-भागवत में कहे गये "देव, असुर, मनुष्य, यक्ष कोई भी हो, भगवान मुकुंदचरणों का भजन करने से कल्याण का भागी होता है (७/७/५०)", एवं "हे राजन् । ऐसा कौन है, जिसके इंद्रियाँ तो हैं परंतु भगवान मुकुंदचरणों की सेवा न करना चाहे ? (११/२/२)" इन वाक्यों के अनुसार सभी में भगवान का भजन करने की स्वरूपयोग्यता तो अवश्य है परंतु आत्मनिवेदन किए बिना यहाँ कही जाने वाली (अर्थात् इस ग्रंथ में कही जा रही) भक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होता यह सिद्ध होता है । इस प्रकार निवेदन का स्वरूप न समझने से भजन सिद्ध नहीं हो सकता अतः निवेदन क्या/कैसा है, यह प्रभुचरण अन्यथा इत्यादि शब्दों से स्पष्ट कर रहे हैं । यहाँ 'अन्यथा' से लेकर 'आपत्तिः' तक की पंक्ति का अर्थ यह है कि भगवद्-वाक्यों के अंतर्गत (अर्थात् एवं धर्मैमनुष्याणां... श्लोक के अंतर्गत जहाँ आत्मनिवेदी पद आया है, वहाँ) "आत्मनिवेदी" शब्द से पत्नी आदि भी भगवान की निवेदित नहीं करेंगे तो पत्नी से विवाह करने के पश्चात् तुरंत ही भगवत्सेवा में उसका विनियोग नहीं हो सकेगा क्योंकि वह भगवत्सेवा की अधिकारिणी नहीं है । ऐसा होने पर तो उससे विवाह करना ही व्यर्थ हो जायेगा अतः उपर्युक्त रीति से निवेदन का ज्ञान होना आवश्यक है, यह अर्थ है । और भी, जैसे किसी व्यक्ति का गायत्री-उपदेश के द्वारा उपनयन-संस्कार हो जाने के पश्चात् वैदिककर्मों को करने के लिए चूँकि देहनिर्वाह करना आवश्यक है अतः उपनयनसंस्कार होने के पश्चात् देहनिर्वाह के लिए जैसे उसका भिक्षा-आदि माँगना अनुचित नहीं होता, उसी प्रकार यहाँ भी यह समझना चाहिए कि निवेदनरूप संस्कार हो जाने के पश्चात् भगवान का भजन करने के लिए भी तो देहनिर्वाह करना आवश्यक है ही, अतः निवेदन करने के पश्चात् प्रभु-प्रसादी से जीवन निर्वाह करना अनुचित नहीं है। अतः यहाँ "आगे कुँआ तो पीछे खाई" जैसी कोई भी परिस्थिति उत्पन्न नहीं होती है, यह अर्थ है । इस प्रकार निवेदन का स्वरूप न समझने से भजन सिद्ध नहीं हो सकता अतः निवेदन क्या/कैसा है, यह प्रभुचरण अन्यथा इत्यादि शब्दों से स्पष्ट कर रहे हैं । यहाँ 'अन्यथा' से लेकर 'आपत्तिः' तक की पंक्ति का अर्थ यह है कि भगवद्-वाक्यों के अंतर्गत (अर्थात् एवं धर्मैमनुष्याणा... श्लोक के अंतर्गत जहाँ आत्मनिवेदी पद आया है, वहाँ) "आत्मनिवेदी" शब्द से पत्नी आदि भी भगवान की निवेदित नहीं करेंगे तो पत्नी से विवाह

करने के पश्चात् तुरंत ही भगवत्सेवा में उसका विनियोग नहीं हो सकेगा क्योंकि वह भगवत्सेवा की अधिकारिणी नहीं है । ऐसा होने पर तो उससे विवाह करना ही व्यर्थ हो जायेगा अतः उपर्युक्त रीति से निवेदन का ज्ञान होना आवश्यक है, यह अर्थ है । और भी, जैसे किसी व्यक्ति का गायत्री-उपदेश के द्वारा उपनयन-संस्कार हो जाने के पश्चात् वैदिककर्मों को करने के लिए चूँकि देहनिर्वाह करना आवश्यक है अतः उपनयनसंस्कार होने के पश्चात् देहनिर्वाह के लिए जैसे उसका भिक्षा-आदि माँगना अनुचित नहीं होता, उसी प्रकार यहाँ भी यह समझना चाहिए कि निवेदनरूप संस्कार हो जाने के पश्चात् भगवान का भजन करने के लिए भी तो देहनिर्वाह करना आवश्यक है ही, अतः निवेदन करने के पश्चात् प्रभु-प्रसादी से जीवन निर्वाह करना अनुचित नहीं है। अतः यहाँ "आगे कुँआ तो पीछे खाई" जैसी कोई भी परिस्थिति उत्पन्न नहीं होती है, यह अर्थ है ।

अन्यथा दारपरिग्रहोत्तरक्षण एव तन्निवेदनेऽकृतेऽग्रे तदविनियोगे प्राप्ते तत्परिग्रहवैयर्थ्यापत्तिः ।

अत्र दारपदं चेतनयोः पुत्राप्तयोरप्युपलक्षकम् । उत्तरक्षणपदं चावश्यकत्वपरम् । न त्वव्यवहितोत्तरत्वपरम् । अशक्योपदेशत्वापादकत्वात् । अथवा । उत्तरक्षण एव तद्वैयर्थ्यापत्तिरिति योजना, तेन न कोपि दोषः । एवं चोक्तवाक्यद्वयविचारे दारादिनिवेदनं स्वात्मना सह क्रियमाणं पृथक् धर्मरूपम्, दारादिभिः स्वयं क्रियमाणं त्वधिकाररूपमिति सिध्यतीति । एकेन स्वसर्वस्वनिवेदने तेषां निवेदितत्वेपि तेषां स्वस्वसंस्काराय पृथक् तत्करणं युज्यते । तस्मात्सुष्ठूक्तं अन्यथा तत्परिग्रहवैयर्थ्यापत्तिरिति ।

यहाँ 'दार' पद से पुत्र एवं अन्य परिवारजन भी समझ लेने चाहिए । प्रभुचरणों ने जो यहाँ 'उत्तरक्षण' पद का प्रयोग किया है, वह विवाह के पश्चात् उसे (पति या पत्नी) भगवत्सन्मुख आत्मनिवेदन करने की आवश्यकता बताने के लिए किया है । परंतु इसका अर्थ यह नहीं है कि विवाह होते ही तुरंत अथवा तो पाणिग्रहण करते ही उसका आत्मनिवेदन करा लिया जाय, क्योंकि ऐसी आज्ञा का पालन करना तो अशक्य हो जायेगा । तात्पर्य यह कि विवाहोपरांत शीघ्रातिशीघ्र प्रभुसन्मुख उसका आत्मनिवेदन करा देना चाहिए । अथवा तो "उत्तरक्षण" पद का दूसरा अर्थ यह भी हो सकता है कि, अनिवेदित व्यक्ति से विवाह करने के तुरंत बाद वह विवाह व्यर्थ सिद्ध हो जाता है । ऐसे ढंग से अर्थ कर लेने में भी कोई दोष नहीं है । इस प्रकार इन दोनों वाक्यों का विचार करने पर यह सिद्ध होता है कि, जब हम पत्नी-पुत्र-परिवारजनों के सहित निवेदन करते हैं, तब वह पृथकरूप से हमारा निवेदन होता है एवं जब पत्नी-पुत्र आदि परिवारजन अलग से निवेदन करते हैं, तब उन्हें भगवत्सेवा का अधिकार प्राप्त होता है । अर्थात् एक व्यक्ति आत्मनिवेदन करते समय अपना सर्वस्व निवेदन करता है तो उससे संबंधित सभी परिवारजन निवेदित हो जाते हैं परंतु उन परिवारजनों को अपने-अपने संस्कार के लिए पृथकरूप से अत्मनिवेदन करना चाहिए । अतएव प्रभुचरणों ने "अन्यथा....आपत्तिः" इत्यादि वाक्य कहे हैं, सो उचित ही हैं।

अपरंच । दाने हि न स्वविनियोगो, न तु निवेदने ।

ननु भवत्वेवमिच्छाज्ञानेनोभयतःपाशनिवृत्तिः, तथाप्याज्ञाऽभावे स्वतस्त-थाकरणे यो दोषः, स कथं निवर्तेतेत्यत आहुः अपरं चेत्यादि । दानं नाम स्वत्वपरित्यागपूर्वकः परस्वत्वोत्पादनानुकूलः, 'तुभ्यमहं सम्प्रददे न मम', इत्यादिशब्दाभिव्यङ्ग्यो मनोव्यापारः । तस्मिन् कृते सति हि निश्चयेन न स्वविनियोगः । दत्तापहारदोषोत्पादकत्वात् । निवेदनं तु तदीयत्वानुसन्धानपूर्वकः स्वत्वाभिमानत्यागानुकूलः 'तुभ्यं समर्पयामि, निवेदयामी'त्यादिशब्दाभिव्यङ्ग्यस्तद्विलक्षणो मनोव्यापारः । तस्मिन्कृते तु न स्वविनियोगो दोषाय । दत्तापहारदोषानुत्पादकत्वात् ।

यहाँ एक शंका यह उत्पन्न होती है कि, चलिए मान लें कि इस प्रकार प्रभु-प्रसादी से जीवन निर्वाह करना भगवान की ही आज्ञा है, यह हमने जान लिया और 'आगे कुँआ तो पीछे खाई' वाली परिस्थिति का भी निवारण हो गया परंतु जब तक हमें स्वयं भगवान की साक्षात् आज्ञा न हो जाय, तब तक भगवान को दे दी गई वस्तुओं से हम साक्षात् भगवद्-आज्ञा के बिना अपने मन से ही निर्वाह करते हों तो इस दोष की निवृत्ति कैसे हो ? तो इस समस्या का समाधान प्रभुचरणों ने अपरं च इत्यादि शब्दों से किया है । सर्वप्रथम तो यह समझिए कि 'दान' किसे कहते हैं । जब किसी वस्तु पर से अपने स्वत्व (स्वत्व का अर्थ होता है, किसी वस्तु पर अपना अधिकार) का परित्याग करके "यह मैं तुझे देता हूँ, अब यह वस्तु मेरी नहीं है " इस प्रकार से कहते हुए दूसरे का स्वत्व स्थापित कर दिया जाय

तो इस प्रक्रिया को 'दान' कहते हैं । यदि इस प्रक्रिया के द्वारा कोई वस्तु किसी को दे दी गई हो तो निश्चितरूप से फिर उसे अपने उपयोग में नहीं लेनी चाहिए क्योंकि तब इसमें 'दत्तापहारदोष' आ जाता है । ('दत्तापहारदोष' का अर्थ होता है, दे दी गई वस्तु को पुनः वापस ले लेने का दोष) । परंतु जिस प्रक्रिया द्वारा भगवान को निवेदन किया जाता है, उस प्रक्रिया में ऐसा नहीं होता। निवेदन की प्रक्रिया में तो भगवदीयता का अनुसंधान रखते हुए अपने स्वत्व के अभिमान का त्याग करते हुए "यह मैं तुम्हें समर्पण करता हूँ, निवेदन करता हूँ" इत्यादि वाक्य कहते हुए दान से भिन्न प्रकार की प्रक्रिया होती है । अतः समर्पण करने के पश्चात् यदि हम उसका उपयोग करें तो दोष नहीं होता है । क्योंकि इस प्रक्रिया में किसी दूसरे को दान में दी गई वस्तु को फिर से अपने उपयोग में लेने का दोष उपस्थित नहीं होता है ।

अन्यथा निवेदितान्नादेर्भोजनं न स्यात्। अनिवेदितस्य निषिद्धत्वात् । निवेदितानामर्थानां भगवद्भोगार्थं विनियोगे जाते तदत्तप्रसादत्वेन स्वोपभोगकृतिरुचिततरा, दासधर्मत्वात् । 'उच्छिष्टभोजिनो दासा' इत्यादिवाक्यैः । आत्मशोधकत्वाच्च ।

तत्र गमकमाहुः अन्ययेत्यादि । यदि स्वत्वत्यागपरस्वत्वोत्पत्त्यानुकूल्ययोर्दाने निवेदने च तुल्यतायामपि कश्चिद्विशेषो न स्यात्, तदा पुराणेष्वनिवेदितस्य निषिद्धत्वान्निवेदितान्नादेर्भोजनं नोक्तं स्यात् । तत्तूच्यते । तथा हि । हरिवल्लभसुधोदये स्कान्दे 'नैवेद्यशेषं तुलसीविमिश्रं विशेषतः पादजलेन सिक्तम् । योऽश्नाति नित्यं पुरतो मुरारेः प्राप्नोति यज्ञायुतकोटिपुण्यम् । षड्भिर्मासोपवासैस्तु यत्फलं परिकीर्तितम् । विष्णोर्नैवेद्यसिक्थेन तत्फलं भुञ्जतः कला'विति । गारुडे च 'पादोदकं पिबेन्नित्यं नैवेद्यं भक्षयेद्धरेः । शेषाश्च मस्तके धार्या इति वेदानुशासन'मिति । ब्रह्माण्डे च 'पत्रं पुष्पं फलं तोयमन्नपानाद्यमौषधं । अनिवेद्य न भुञ्जीत यदाहाराय कल्पितम् । अनिवेद्य तु भुञ्जानः प्रायश्चित्ती भवेन्नरः । तस्मात्सर्वं निवेद्यैव विष्णोर्भुञ्जीत सर्वदे'ति । पद्मपुराणेपि गौतमः 'अम्बरीष गृहे पक्वं सदाभीष्टं यदात्मनः । अनिवेद्य हरेर्भुञ्जन् सप्तजन्मानि नारकी । अम्बरीष नवं वस्त्रं फलमन्नं रसादिकम् । कृत्वा विष्णूपभोग्यं तु सदा सेव्यं हि वैष्णवै'रिति

इसका हेतु प्रभुचरण अन्यथा इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । वह यह कि अपने स्वत्व का त्याग करके दूसरे के स्वत्व को स्थापित करने वाली दान की प्रक्रिया में और निवेदन करने की प्रक्रिया में यदि कोई विशिष्टता न होती तो पुराणों में अनिवेदित पदार्थों का उपभोग करना निषिद्ध बता कर निवेदित-पदार्थों का भोजन करना न कहा गया होता । परंतु कहा गया है । जैसे हरिवल्लभसुधोदय में "जो भक्त तुलसीमिश्रित एवं विशेषरूप से चरणोदक मिले हुए भगवत्प्रसाद को नित्य ग्रहण करता है, वह भगवान को प्राप्त करता है और उसे हजारों करोड़ यज्ञों का फल प्राप्त होता है । " छह महिने के उपवास के द्वारा जो फल बताया गया है, वह फल इस कलि में भगवान विष्णु का प्रसाद लेने वाले को मिल जाता है । और गरुडपुराण में "हरि का चरणामृत एवं उन्हें निवेदित हुए पदार्थ का भोजन करना चाहिए । शेष बचे हुए को मस्तक पर धारण करना चाहिए-यह वेद का अनुशासन है" यह कहा गया है । और ब्रह्मांडपुराण में "पत्ता, पुष्प, जल, फल, पान अन्न एवं औषधि आदि जो कुछ भी आहारयोग्य है, वे अनिवेदित नहीं खाने चाहिए । निवेदित खाने वाले मनुष्य को प्रायश्चित्त करना पड़ता है अतः सर्वदा सभी कुछ विष्णु को निवेदित कर के ही खाना चाहिए" यह कहा गया है । पद्मपुराण में भी गौतम ऋषि ने "हे अंबरीष, जो व्यक्ति अपने भोजन को प्रभु को भोग धरा कर ग्रहण नहीं करता, वह सात जन्मों तक नरक का अधोगामी बनता है । नये वस्त्र, फल, अन्न इस आदि समस्त पदार्थ विष्णु को उपभोग करा कर ही वैष्णवों की सेवा करनी चाहिए" यह कहा है ।

श्रीभागवते षष्ठस्कन्धे दितिपुंसवनव्रते समाप्यध्याये 'उद्वास्य देवं स्वे धाम्नि तन्निवेदितमग्रतः । अद्यादात्मविशुद्ध्यर्थं सर्वकामाप्तये तथे'ति । तेन सिद्धमाहुः निवेदितानामित्यादि, शोधकत्वाच्चेत्यन्तम्। तथा चैवं भगवदत्तप्रसादत्वेन तन्निवेदितग्रहणस्य दासधर्मत्वे सिद्धे आज्ञप्तत्वमप्यर्थादेव सिद्धमिति न भक्तिमार्गविरुद्धस्य स्वातन्त्र्यस्यापत्तिरित्यर्थः । नचोक्तवाक्येषु 'त्वयोपभुक्ते'ति वाक्ये च अचेतनानामेव प्रसादत्वेनोपयोगस्योक्तत्वाद्दारादीनां विनियोगे दोषः स्यादेवेति शङ्क्यम् । पाकादिसेवायां विनियोगस्य तेषामपि सिद्धत्वेनादोषादिति । एवं चैतावता ग्रन्थेन सिद्धान्तरहस्योक्तमेव सर्वं निर्धारितं ज्ञेयम् ।

श्रीमद्-भागवत के छठे स्कंध की समाप्ति में जहाँ पुंसवनव्रत की चर्चा हुई है, वहाँ शुकदेवजी ने राजा परिक्षित् को" पूजा के पश्चात् भगवान को उनके धाम में पधरा दे । इसके पश्चात् आत्मशुद्धि एवं समस्त अभिलाषाओं की पूर्ति के लिए उन्हें निवेदित किया हुआ प्रसाद ग्रहण करे "(६/१९/२०)" यह वाक्य कहा है । इन समस्त वाक्यों से सिद्ध होने के कारण प्रभुचरणों ने "निवेदितानां..... शोधकत्वाच्च" तक की पंक्तियों में निवेदित को ही ग्रहण करना बताया है । और इन्हीं वाक्यों से यह अर्थ भी सिद्ध होता है कि, भगवान द्वारा दिया

---

१. दितिपयोव्रतेति पाठः ।

गया पदार्थ प्रसादरूप है और उस निवेदित हुए प्रसाद को ग्रहण करने से हमारा दासधर्म भी सिद्ध होता है और ऐसा करना भगवान की ही आज्ञा है अतः न तो यह भक्तिमार्ग के विरुद्ध है और न ही यहाँ मनमानी करने का कोई प्रश्न ही है । इस संदर्भ में एक और स्पष्टता होनी आवश्यक है । उपर्युक्त विश्लेषण में यह शंका करनी उचित नहीं है कि, "आपके द्वारा उपभुक्त की गई माला पहनी, चंदन लगाया, आपके प्रसादी वस्त्र धारण करे, आपके धराए अलंकार पहने (श्री.भा. ११/६/४६)" कर दिया जाय तो इस प्रक्रिया को 'दान' कहते हैं । यदि इस प्रक्रिया के द्वारा कोई वस्तु किसी को दे दी गई हो तो निश्चितरूप इस प्रमाणवाक्य में तो केवल अचेतन वस्तुओं को ही प्रसादरूप में ग्रहण करना कहा गया है, और पत्नी-पुत्र-परिवारजन आदि तो चेतन हैं अतः उनका स्वयं के लिए उपयोग करने पर दोष तो होगा ही। ऐसी शंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि इन समस्त परिवारजनों का, प्रभु की सामग्री सिद्ध करने में एवं अन्य सेवाओं में भगवान को विनियोग तो होता ही है अतः तत्पश्चात् यदि इनको हम हमारे उपयोग में लें तो दोष नहीं है । यह सभी कुछ सिद्धांतरहस्य में निर्धारित किया जा चुका है, यह समझ लीजिए।

किन्तु प्रभौ निवेदितार्थस्य विनियोगे जातेऽग्रे तदर्थं यत्नः कार्यो, नवेति भवति चिन्ता । *तत्करणे बाहिर्मुख्यसम्भवः सेवाप्रतिबन्धश्च । 'त्रैवर्गिकायासे'तिवाक्यात् भगवत्कृतप्रतिबन्धश्च तत्र स्यात् । अकरणे निवेद्याभावेन भवति च दुःखम् । एवंभूतान् स्वानुपदिशन्ति चिन्ता कापि न कार्येति ।

चिन्ता कापि न कार्या निवेदितात्मभिः कदापीति ।
भगवानपि पुष्टिस्थो न करिष्यति लौकिकीं च गतिम् ॥ १ ॥

लौकिकेतदभावेपि भगवदर्थापि सा न कार्या । एतदाहुः कापीतिशब्देन । अङ्गीकारेणैव सर्वं स्वत एव करिष्यतीति विश्वासो यतस्तस्यावश्यकः ।

तेनात्र न तदुक्तविचाराचिन्तासम्भवः, किन्तु प्रकारान्तरेणेति बोधितम् । अतः परं तत्संभवप्रकारं वदन्तो ग्रन्थमवतारयन्ति किन्त्विवित्यादि । व्याकुर्वन्ति लौकिकेत्यादि । सिद्धान्तरहस्योक्तरीत्या तन्निष्कर्षजनकपूर्वोक्तविचाररीत्या च लौकिक्याश्चिन्तायाअभावेपि पूर्वोक्तरीत्या भगवदर्थापि सा न कार्या। तत्र हेत्वपेक्षायां निवेदितात्मपदेन भगवानपीत्युत्तरार्धेन च सूचितं हेतुद्वयं व्याख्यानमुखेन स्फुटीकुर्वन्ति अङ्गीकारेणैवेत्यादि, आवश्यक इति । ब्रह्मास्त्रचातकन्यायादावश्यकः । एतेन निवेदितात्मपदसूचितो हेतुर्विवृतः ।

अतः वहाँ स्पष्टीकरण हो गया होने से अब ऐसी चिन्ता यहाँ नहीं हो सकता । यहाँ तो कोई दूसरे ही प्रकार की चिन्ता हो रही है, यह मालूम पड़ता है । वह चिन्ता कौन सी है ? यह कहते हुए अब प्रभुचरण अपना विवरण किन्तु इत्यादि शब्दों से आरंभ कर रहे हैं। प्रभुचरणों ने "किन्तु" शब्द से लेकर "चिन्ता" तक की पंक्ति में यह कहा है कि प्रभु में द्रव्य का विनियोग करा देने के पश्चात् अब धन-प्राप्ति के लिए प्रयत्न करना या नहीं ? यह चिन्ता होती है। इसी का विवरण आपश्री लौकिक इत्यादि शब्दों से कर रहे हैं। इस पंक्ति में प्रभुचरण यह आज्ञा करना चाह रहे हैं कि, सि. रहस्य में कही गई रीति-अनुसार एवं वहाँ जो निष्कर्ष निकाला गया है, उसका विचार करने के द्वारा लौकिक-चिन्ता भले ही न होती हो, परंतु यहाँ नवरत्न ग्रंथ में कहे गये उपदेशानुसार भगवान के लिए की जानेवाली अलौकिक-चिंता भी नहीं करनी चाहिए । क्यों नहीं करनी चाहिए ? इस प्रश्न का उत्तर प्रभुचरणों मूल श्लोक की प्रथम पंक्ति में कहे 'निवेदितात्म' पद से एवं इसी श्लोक की दूसरी पंक्ति में कहे "भगवानपि" पद के द्वारा दो हेतुओं को बताते हुए 'निवेदितात्म' एवं 'भगवानपि' शब्दों को

---

* (किंच । तत्करणे बाहिर्मुख्यसम्भव इत्यारभ्योक्तचिन्ताभावायेदमत्र विचार्यते । सेवार्थं यत्नकरणे बाहिर्मुख्यं सेवाप्रतिबन्धश्च न सम्भवति । तस्य सेवाङ्गत्वेन तत्पूरकत्वात् तदकरणे तदसम्भवाच्च । नच 'त्रैवर्गिकायासे'ति वाक्यात्तत्र भगवत्कृतः प्रतिबन्ध इति वाच्यम् । त्रैवर्गिकपदवैयर्थ्यापत्तेः । अन्यथा आयासविघातमित्येतावतैव चरितार्थ्यं स्यात् । अतः स्वकीयानां त्रैवर्गिकायासविघातमेव भगवान् करोति, न स्वसेवार्थकायासविघातमिति निश्चीयते । अन्यथा यत्नमात्रस्य निषेधे भजनमार्ग एवोच्छिद्येत । नन्वात्मनिवेदिनामितरयत्नासम्भवेन तज्जनितचिन्ताऽभावात् कथं चिन्ता न कार्येत्युपदेश इति चेत् । अत्रेदं प्रतिभाति । भजनमार्गे हि भगवदङ्गीकारस्त्रिविधः । पुष्टिमर्यादाप्रवाहभेदेन । तत्रापि वै त्रैविध्यम् । तत्र पुष्टिपुष्टावङ्गीकृतस्य नेतरयत्नसम्भावनापि । परं मर्यादापुष्टौ प्रवाहपुष्टौ चाङ्गीकृतस्य तत्करणं मर्यादाप्रवाहांशः, तद्विघातः पुष्टयंशः । तथा चात्मनिवेदिनां मर्यादाप्रवाहसंवलितानां यथेतरयत्ने कृते बाहिर्मुख्यसेवाप्रतिबन्धतद्विघातादिकं भवति, तथा सेवार्थकेपि यत्ने भविष्यतीति भवति चिन्ता, अतस्तदभावाय तान् प्रति चिन्ता कापि न कार्येत्युक्तम् । अतः सेवार्थं यत्नः कर्तव्य एवेति नानुपपत्तिः काचित् ।) १. चिन्हान्तर्गतं टिप्पणं पाश्चात्यं प्रभूणामिति प्रतिभाति । २. लौकिकीति पाठः ।

'अंगीकारेणैव' से 'आवश्यक' तक की पंक्ति द्वारा स्पष्ट कर रहे हैं । आवश्यक है से तात्पर्य यह है कि निवेदन कर देने के पश्चात् जीव को ब्रह्मास्त्र एवं 'चातक' वाला दृष्टांत याद रखना आवश्यक है । (ज्ञात हो कि आचार्यचरणों ने वि.धै.आ./१५ में भगवान पर अविश्वास न करने में ब्रह्मास्त्र का एवं विश्वास करने में चातकपक्षी के दृष्टांतो द्वारा समझाया है, यहाँ भी वही तात्पर्य है ।) "अंगीकारेणैव" से लेकर "आवश्यक" तक की पंक्ति में प्रभुचरणों ने आचार्यचरण द्वारा कहे "निवेदितात्म" पद से सूचित होने वाले हेतु का विवरण किया है ।

भगवतोपि तथानियमः । कदाचित् परीक्षार्थं प्रारब्धभोगार्थं वा प्रभुश्चेद्विलम्बते, तदापि न कार्येत्याहुः कदापीति पदेन ।

द्वितीयं विवृण्वन्ति भगवतोपि तथा नियम इति । अङ्गीकृतपालननियमः । योगक्षेमवहनवाक्येनैव तथा सिद्धत्वादित्यर्थः । [यदि तूत्तरार्धस्याग्रे व्याख्यातत्वादेतस्य पूर्वदोषत्वमङ्गीक्रियते, तदास्यार्थिकत्वं ज्ञेयम् । वस्तुतस्तूत्तरार्धे व्याख्यानेपि महापुरुषेण निवेदितेन पूर्वार्धोक्ते हेतोरप्युक्तत्वात्पूर्वार्धेप्युत्तरार्धार्थाङ्गीकारो न दुष्ट इति ज्ञेयम् ।] तत्रापि विशेषं वदन्तीत्याहुः कदाचिदित्यादि । कदापीतिपदेनेति । कदाशब्दापिशब्दाभ्यां युक्तमिति पदं तेनेत्यर्थः । प्रकारद्वयान्यतरेण विलम्बेपि चिन्ताया अकरणे एतावेव हेतू इति ज्ञापनायान्ते इतिपदोक्तिः ।

अब दूसरा हेतु **भगवतोपि तथा नियमः** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । इसका अर्थ यह है कि, भगवान का भी यह नियम है कि वे अंगीकृत जीवों का पालनपोषण करते हैं । भगवद्-गीता के "मेरे भक्तों के योगक्षेम का वहन स्वयं मैं करता हूँ (९/२२)" इस वाक्य द्वारा यही सिद्ध होता है, यह अर्थ है । (इस श्लोक के उत्तरार्ध का अर्थात् "भगवानपि.....च गतिम्" इस पंक्ति का व्याख्यान प्रभुचरणों ने यद्यपि आगे के वाक्यों में किया है अतः यहाँ कहे गये "भगवतोपि तथा नियम" इस वाक्य को आगे कहे व्याख्यान का ही अंश मान कर चलें, तो यहाँ इस व्याख्यान को (अर्थात् "भगवतोपि तथा नियमः" इस पंक्ति को) आगे कहे जानेवाले व्याख्यान का अर्थ मान कर चलना चाहिए । वास्तव में तो भले ही इस पंक्ति का व्याख्यान आगे दिया गया है परंतु वहाँ "महापुरुषेण निवेदिता" इस वाक्य के द्वारा यहाँ का हेतु भी (अर्थात् "निवेदितात्मभिः कदापि" पद का) कहा गया है अतः आगे कहे जानेवाले व्याख्यान का अर्थ पहले कह दिया गया हो तो इसमें दोष नहीं है, यह समझना चाहिए । भले ही निवेदितात्मा को प्रभु पर विश्वास रखना आवश्यक एवं भगवान भी पुष्टिमार्गस्थ हैं अतः लौकिकगति नहीं करेंगे यह बात स्पष्ट हो गयी हो तत्रापि प्रभुचरण यहाँ कुछ विशेष कहने के लिए **कदाचित्** इत्यादि पदों से कह रहे है । यहाँ कदापीति पद में 'कदा' एवं 'अपि' इन दोनों के संग 'इति' पद जुड़ा हुआ है (कदा+अपि+इति = कदापीति) । **कदापि** पद का तात्पर्य यह है कि 'परीक्षार्थं' एवं 'प्रारब्धभोगार्थं' इन दो हेतुओं से भी यदि प्रभु फलदान करने में विलंब कर रहे हों, तो भी चिंता नहीं करनी चाहिए । यही बात बताने के लिए **कदापि** पद के अंत में इति पद को जोड़ा गया है ।

तथा चात्रेतिपदयुतात्पाठादुपगीतिश्छन्दः । 'आर्याद्वितीयकेर्धे यद्गदितं लक्षणं, तत्स्यात् । यद्युभयोरपि दलयोरुपगीतिं तां मुनिर्ब्रूते' इति वृत्तरत्नाकरे तल्लक्षणादुदाहरणाच्च । यदा त्वितिशब्दरहितः पाठः, तदा त्वियं वृत्तिगन्धिचूर्णिकेति न किमपि छन्दः ।[1] (वृत्तिगन्धिचूर्णिकालक्षणं तु छन्दोमञ्जर्यामुक्तम् । 'अपादः पदसन्तानो गद्यं तत्तु त्रिधा मतम् । चूर्णिकोत्कलिकाप्रायवृत्तिगन्धिप्रभेदतः ॥ अकठोराक्षरं स्वल्पसमासं चूर्णकं विदुः । भवत्युत्कलिताप्रायं समासादयं दृढाक्षरम् । वृत्तैकदेशसम्बन्धाद्वृत्तिगन्धि पुनः स्मृतम् ॥) तदा हेतुरर्थोक्त एव ।

अतः इस प्रकार जहाँ इस श्लोक में 'इति' शब्द जुड़ा हुआ (कदापि+इति = कदापीति) माना गया है, वहाँ 'उपगीति' छन्द मान लेना चाहिए। क्योंकि वृत्तरत्नाकरग्रंथ में उपगीति छंद का लक्षण पिंगलशास्त्र को रचना करनेवाले मुनि ने - "आर्या छंद के तीसरे एवं चौथे चरणों क्रमशः १२ एवं १५ मात्राएँ होती है । यही १२ एवं १५ मात्राएँ उपगीति छन्द के चारों चरणों में होती है"- इस वाक्य द्वारा बताया है । जहाँ इस श्लोक में 'इति' शब्द नहीं माना गया है, वहाँ इस श्लोक को 'वृत्तिगन्धि' एवं 'चूर्णिका' इन दो प्रकारों वाला गद्य मानना चाहिए। यहाँ कोई भी छन्द नहीं बनता है । (वृत्तिगन्धि एवं चूर्णिका का लक्षण तो "छन्दोमंजरी" में कहा गया है । वह इस प्रकार कि - चूर्णिका, उत्कलिकाप्रायं एवं वृत्तिगन्धि यों तीन प्रकार गद्य माना गया है । जिस गद्य में कठोर-अक्षर न हों एवं कम से कम समास हो, वह गद्य "चूर्णक" मानना चाहिए । जिसमें दृढ़-अक्षर हो, अधिकाधिक समास हो, वह गद्य "उत्कलिकाप्राय" है । और जिस गद्य का कोई एक शब्द या कोई एक भाग किसी छंद से मेल खाता हो परंतु अन्य कोई दूसरा भाग मेल न खाए, तो उस गद्य को "वृत्तिगन्धि" समझना चाहिए) अतः "इति" शब्द न माना जाय तो यह उपगीति छंद नहीं बनता है और तब "इति" शब्द से कहे जानेवाले हेतु का ही अर्थ यहाँ ग्रहण करना चाहिए।

---

१. भोजनार्थमिति पाठः । २. ( ) चिन्हान्तर्गतं बहुषु पुस्तकेषु नास्ति । ३. ( ) टिप्पणं नास्ति बहुषु पुस्तकेषु ।

ननु लोकवत् कुटुम्बाद्यासक्त्या स्वस्यापि लौकिकीं गतिं कदाचित् प्रभुः कुर्यात्, तत्राहुः भगवानपीति । यतः पुष्टिस्थोऽतो मर्यादामार्गीयवैराग्याद्यभावेपि 'महापुरुषेण निवेदिता' इति स्वकीयत्वेनाङ्गीकारात् तथा न करिष्यतीत्यर्थः ॥ १ ॥

ननु सत्यं भगवान् स्वाज्ञाकारित्वं जीवेऽवलोक्यापेक्षितपूरणेन योगक्षेमं भगवदर्थं लौकिकार्थं च निर्वाहयति, तथापि प्रथमं जघन्याधिकारे भगवांस्तथा निर्वाहयेन्नवेतिचिन्ता स्यादेवेत्याशङ्कां समादधते इत्याशयेनोत्तरार्धमवतारयन्ति ननु लोकवदित्यादि । स्वस्यापीत्यनेन भगवान् परामृश्यते । गतिमिति । रीतिम् । तथा च यथा लौकिकाः प्रभवः सेवकस्य कुटुम्बाद्यासक्तिं दृष्ट्वा तत्कार्ये उदासते, तथा भगवानप्युदासीत, तदा किं कुर्यादित्यर्थः । व्याकुर्वन्ति यत इत्यादि । यतोऽयं जीवः पुष्टिस्थः भक्तिमार्गीयत्वाद्भक्तिकारणीभूतानुग्रहविषयोऽत एतस्मिन् मर्यादामार्गीयवैराग्याद्यभावेपि महापुरुषेणैतत्सम्बन्धिनः सर्वेपि निवेदिता इति तेष्वासक्तावलौकिको भगवान् यथा नारदवाक्यसत्यत्वाय नलकूबरमणिग्रीवावनुजग्राहेति दृष्टत्वात्, 'स्वयं समुत्तीर्ये'ति गर्भस्तुतिवाक्ये भक्तिमार्गप्रवर्तकाचार्यानुगृहीतेषु भगवदनुग्रहस्य सिद्धत्वाच्च, स्वाभीष्टमार्गप्रवर्तकाचार्यनिवेदितेषु स्वकीयत्वेनाङ्गीकारादुपेक्षां न करिष्यतीति भगवत्स्वभावं निश्चित्य, 'संसारचक्रे भ्रमतः स्वकर्मभि'रितिन्यायेन क्लेशे स्वप्रारब्धस्य हेतुतां चानुसन्धाय चिन्ता न कार्या ।

चलिए मान लें कि भगवान जीव में स्वयं के लिए आज्ञाकारिता को देखकर उसे अपेक्षित वस्तुओं की पूर्ति के द्वारा भगवान के लिए किए गये एवं लौकिक के लिए किए गये उसके योगक्षेम का निर्वाह स्वयं करते हैं, तथापि पहले जघन्याधिकार के समय "भगवान इनका निर्वाह करेंगे या नहीं ?" इस प्रकार की चिंता तो होती ही है । अतः इस शंका का समाधान करने के आशय से प्रभुचरण मूल श्लोक की दूसरी पंक्ति का आरंभ ननु लोकवत् इत्यादि शब्दों से कर रहे हैं । 'स्वस्यापि' शब्द से आगे कही जानेवाली समस्या के निदान के लिए भगवान का परामर्श दिया जा रहा हैं । (अर्थात् ननु.....इति इस पंक्ति में लौकिकगति हो जाने की समस्या बताई गई है, उसका समाधान मूल श्लोक के दूसरी पंक्ति में आए 'भगवान' शब्द से दिया जा रहा है, यह अर्थ है) 'गति' शब्द का अर्थ है 'रीति' । इस प्रकार से इस पंक्ति का भाव यह है कि, जैसे लौकिक में कोई स्वामी अपने सेवक की आसक्ति स्वयं में न होकर उसके कुटुंब-आदि में देखकर उसके कार्यों के प्रति उदासीन हो जाता है, वैसे मेरी भी लौकिक कुटुंब-आदि में आसक्ति देखकर यदि भगवान मुझसे उदासीन हो जाएँ तब क्या करना ? यह अर्थ है । इस समस्या का समाधान प्रभुचरण यतः इत्यादि शब्दों के द्वारा कर रहे हैं। इस पंक्ति का भाव यह है कि, चूँकि जीव पुष्टिमार्ग में शरणागत हुआ है, भक्तिमार्गीय है अतः भक्ति के मूलकारण अनुग्रह का वह पात्र है, इस कारण उसमें मर्यादामार्गीय वैराग्य-आदि का अभाव भी हो तथापि "महापुरुष-श्रीमहाप्रभु से संबंधित इन जीवों ने सभी कुछ निवेदित किया है" यह जानकर अलौकिक भगवान उनमें आसक्त होकर उन पर ठीक उसी तरह अनुग्रह करेंगे जैसे उन्होंने नारदजी के वाक्य को सत्य करने के लिए नलकूबर और मणिग्रीव पर अनुग्रह किया था । और भी, 'आपके भक्त' दुस्तर संसारसागर को स्वयं पार कर जाते हैं (श्री.भा. १०/२/३)" इस गर्भस्तुति के वाक्य में जैसे भक्तिमार्ग के प्रवर्तक आचार्यचरणों द्वारा अनुग्रहीत जीवों पर भगवद्-अनुग्रह सिद्ध है, उसी प्रकार स्वयं भगवान को जैसा मार्ग चाहिए था, वैसे मार्ग के प्रवर्तक आचार्यचरणों के माध्यम से निवेदित हुए जीवों को स्वीयजनों के रूप में अंगीकार किया होने के कारण भगवान उनकी उपेक्षा नहीं करेंगे-ऐसा भगवान का स्वभाव मन में निश्चित् करके "हे प्रभु । अपने कर्मों से संसारचक्र में फँसे हुए लोगों से मेरा संबंध न हो (श्री.भा. ६/११/२७)" इस श्लोक में कहे भाव के अनुसार दुःख में भी स्वयं के प्रारब्ध को कारण मानते हुए चिन्ता नहीं करनी चाहिए ।

एवं यथा वित्तजायां न कार्या, तथा तनुजायां शरीरसहायसौकर्याभावेपि न कार्येति बोध्यम् । अत्र दिङ्मात्रस्य प्रदर्शनादिति । लौकिकीं चेति मूले चकारोवधारणार्थः क्रियया न्वेति। समुच्चयार्थत्वे त्वनुक्तां वैदिकीं गतिं समुचिनोति । यथा हि चाक्रायणस्यापद्गताविभ्यस्तादितकुल्माषभक्षणं श्रूयते, तथात्र भक्तिमार्गीये काप्यश्रवणादस्मरणात् योगक्षेमप्रवहणवाक्याच्च । इदं च 'सर्वान्नानुमति'सूत्रे स्थितम् ॥ १ ॥

इस प्रकार जैसे वित्तजासेवा में धन की चिन्ता नहीं करनी चाहिए, उसी प्रकार तनुजासेवा में भी शरीर के सहायक साधनों की अनुकूलता न होने पर भी चिन्ता नहीं करनी चाहिए, यह समझना चाहिए । यहाँ "शरीर के सहायक साधनों की अनुकूलता न होने पर भी चिन्ता नहीं करनी ", "धन की चिंता नहीं करनी" इत्यादि वाक्यों द्वारा प्रभुचरणों ने चिंता न करने के संदर्भ में एक दिशा मात्र बता

दी है, वास्तव में तो जीवनयापन करने में ऐसी अनेकों प्रकार की चिंताएँ हो सकती हैं, वे सभी चिंताएँ नहीं करनी चाहिए , यह बात समझ लेनी चाहिए । मूल पंक्ति में आए 'लौकिकीं च' पद में 'च' का अर्थ 'करिष्यति' इस क्रियापद के साथ जोड़ कर समझना चाहिए । ऐसा करने पर अर्थ यह बनेगा कि - प्रभु वैदिकगति तो नहीं करेंगे और लौकिक गति भी नहीं करेंगे। 'च' शब्द भगवान लौकिकगति कभी नहीं करेंगे इस वाक्य को भलीभाँति समझने के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है । यहाँ समुच्चय-अर्थ (मिलाजुला अर्थ) कहने में 'च' पद का प्रयोग समझें तो लौकिकगति के साथ-साथ वैदिकीगति भी समाहित हो जाती है अर्थात् प्रभु न तो हमारी लौकिकगति करेंगे न वैदिकी । वे हमारी अलौकिक गति करेंगे, यह अर्थ है । इसे यों समझें कि जैसे छान्दोग्योपनिषत् (१-१०-१) में उल्लेख आता है कि, एक बार चाक्रायण ने किसी आपत्तिकाल में किसी महावत के झूठे उड़द खा लिये थे (देखें छान्दो. १-१०-१ जहाँ उषस्ति नाम के एक विद्वान् ब्राह्मण पर ऐसी विपदा आई, जहाँ उन्हें भूखों मरने की नौबत आने पर महावत के झूठे उड़द खाने पड़े) वैसे ही यहाँ भक्तिमार्ग के किसी अनुयायी ने ऐसा किया हो, या फिर किसी भक्त पर ऐसी विपदा आयी हो, ऐसा कहीं सुना नहीं गया है और ऐसा स्मरण भी नहीं होता क्योंकि भक्तिमार्ग में तो भगवान ने ही भक्तों के योगक्षेम का वहन करने की प्रतिज्ञा कर रखी है । इस विषय को ब्रह्मसूत्र में "सर्वान्नानुमति" (३-४-२८) इस सूत्र द्वारा विस्तार से बताया गया है ।

एवं चेत्, स्वाच्छन्द्यव्यवहारापत्त्या बाहिर्मुख्यं स्यादत आहुः निवेदनमिति ।

निवेदनं तु स्मर्तव्यं सर्वथा तादृशैर्जनैः ।
सर्वेश्वरश्च सर्वात्मा निजेच्छातः करिष्यति ॥ २ ॥

सर्वदा सर्वांशे तदीयत्वानुसन्धानेन तथा न भविष्यतीति भावः ।

अतः परमत्र दोषोपस्थितिमाशङ्क्य परिहरन्तीत्याशयेनाग्रिममवतारयन्ति एवं चेदित्यादि । कुटुम्बाद्यासक्तावपि भगवानुपेक्षां न कुर्याच्चेत्, तदा नैवेद्यादिसम्पादनार्थं यत्न एव कर्तव्यः, किमर्थं क्लेशः सोढव्य इत्यादिविचारेण स्वच्छन्दव्यवहारापत्त्या नानाविधं बाहिर्मुख्यं स्यात् । अत एतादृशे संकटे उपायमाहुरित्यर्थः । व्याकुर्वन्ति सर्वदेत्यादि । आत्मनिवेदनं हि सेवाधिकारार्थं संस्काररूपतया भगवतोऽभिप्रेतमिति पूर्वमुपपादितम् । तथा च तदुत्तरं सर्वदा सेवाया एव करणात्सर्वांशे स्वस्य सपरिकरस्य सर्वदा भगवदीयत्वानुसन्धाने बाहिर्मुख्यं न भविष्यतीति भाव इत्यर्थः ।

इसके पश्चात्, इस प्रकार सभी कुछ भगवान द्वारा ही करने से जीव में स्वच्छंद व्यवहार का दोष उपस्थित हो जाता है अतः इस समाधान का परिहार करने के लिए प्रभुचरण एवं चेत् इत्यादि शब्दों से आरंभ कर रहे हैं । इस पंक्ति का भाव यह है कि, यदि जीव की कुटुंब-आदि में आसक्ति होने पर भगवान उसकी उपेक्षा नहीं करते हैं, तब फिर भगवान के निवेदन करने में आवश्यक सामग्रियों का जुगाड़ करने का यत्न तो करना ही चाहिए, व्यर्थ में क्यों दुःख सहन करना ? इस प्रकार के विचार द्वारा जीव में स्वच्छंद व्यवहार आ जाने की आपत्ति आ पड़ती है और इससे वह अनेक प्रकार से बहिर्मुख हो सकता है । अतः इस प्रकार का संकट आने पर प्रभुचरण अब उसका उपाय सर्वदा इत्यादि शब्दों से आरंभ कर रहे है । समझना चाहिए कि, 'आत्मनिवेदन' की प्रक्रिया भगवत्सेवा का अधिकार प्राप्त करने के लिए एक संस्काररूप से की जाय तो वह भगवान को संमत है । और आत्मनिवेदन करने के पश्चात् सर्वदा सेवा ही करने से स्वयं में एवं परिवारजनों में सर्वांश में भगवदीयता का ही अनुसंधान करने से बहिर्मुखता नहीं होगी, यह भाव है ।

अशक्त्या सेवाद्यसम्भवेऽपीदं कार्यमेवेति ज्ञापनाय तुशब्दः। चकारपक्षे समुच्चयः । सर्वथेत्यस्यावश्यकत्वज्ञापनाय ।

नन्वत्र तुशब्देन निवेदनस्मरणस्यैव तथात्वं बोध्यत इति कथं तथा व्याख्यायते इत्याकाङ्क्षायां तुशब्दतात्पर्यमाहुः अशक्त्येत्यादि । तथा च अनुकल्पत्वबोधनाय तुशब्द इति न पूर्वव्याख्याने दोष इत्यर्थः । एतदेव दृढीकर्तुं पाठान्तरं विवृण्वन्ति चकारेत्यादि । सर्वथेति पदं व्याकुर्वन्ति सर्वथेत्यादि । अस्येति । निवेदनस्य ।

किंतु यहाँ एक शंका यह होती है कि मूलकारिका में "निवेदनं तु स्मर्तव्यं सर्वथा (निवेदन का तो सर्वथा स्मरण करते रहना चाहिए)" इस वाक्य द्वारा ही यह बोधित हो जाता है कि निवेदन का स्मरण करते रहने से सर्वत्र भगवदीयता का अनुसंधान रहेगा एवं बहिर्मुखता नहीं होगी । तब फिर प्रभुचरणों ने जो 'इति चेत्.....इति' इस वाक्य के द्वारा स्वच्छंद-व्यवहार एवं बहिर्मुखता की आशंका प्रकट

---

१. शेन सर्वांशैः इति पाठः ।

की है, वह किसलिए ? तो शंका का उत्तर हमें उनके 'अशक्त्या' इत्यादि शब्दों से प्राप्त हो जाता है, जहाँ वे मूल कारिका में आए 'तु' शब्द का तात्पर्य समझा रहे हैं । और वह तात्पर्य यह है कि भगवत्सेवा किसी कारण से न निभ सके तो अनुकल्पतया कम से कम निवेदन का स्मरण तो करते ही रहना चाहिए । अतः प्रभुचरणों द्वारा पूर्व में उठाई गई आशंका में कोई दोष नहीं है, यह अर्थ है । और जहाँ पाठभेद से 'तु' के स्थान पर 'च' पाठ माना गया है, वहाँ भी वे इसी अर्थ को दृढ़ रहे हैं । इसके पश्चात् प्रभुचरण अब मूलकारिका के 'सर्वथा' पद की व्याख्या 'सर्वथा' इत्यादि शब्दों से आरंभ कर रहे हैं । इस पंक्ति में आए 'अस्य' पद का अर्थ है - 'निवेदनस्य' (अर्थात् "निवेदन का") ।

अथवा । सर्वथा ये तादृशा निवेदितात्मत्वेन तत्परास्तैः सह तथा । एतेन सङ्गदोषो निवारितः । अतादृशेष्वेतद्गोपनं सूच्यते । सर्वदेतिपाठे कालापरिच्छेदस्तत्रोच्यते । अन्यथा तदैवासुरप्रवेशः स्यादिति भावः । कदाचिदलौकिकार्थस्य लौकिकस्य वा सिद्ध्यर्थं प्रभुः प्रार्थनीय इति प्रश्ने नेत्याहुः सर्वेश्वर इति । अत्र सर्वशब्दो निवेदितात्मसर्वपरः । यथा 'सर्वे ब्राह्मणा भोजयितव्या' इत्यत्र निमन्त्रिता एव सर्वपदेनोच्यन्ते, न त्वन्येपि । सर्वात्मपदेप्येवं ज्ञेयम् । तेन सेवकाः [1]सर्वे [2]यथा यथा प्रपन्नाः, तथा तथा प्रभुरपि तेष्वङ्गीकृतस्वामित्व आत्मीयत्वमेव तेषु मनुत इति तद्धितकृतौ न प्रार्थनामपेक्षत इति ज्ञाप्यते । अथवा । कालादिनियामकत्वेन न तत्कृतोपि प्रतिबन्धसम्भव इच्छायामिति ज्ञापनाय सर्वपदं कालादिपरम् । प्रार्थितोपि स्वविचारितमेव करिष्यतीति प्रार्थनाप्यप्रयोजिकेति ज्ञापनाय निजेच्छेत्युक्तम् । अथवा । निजाः स्वीयत्वेनाङ्गीकृताः सेवकास्तेषां प्रचुरेच्छातः स्वयमेवापेक्षितं करिष्यतीति न प्रार्थनापेक्षेत्यर्थः ।

ननु मुख्याशक्तावनुकल्पत्वादेवावश्यकत्वप्राप्तेर्नेदं व्याख्यानं युक्तमित्यरुच्या पक्षान्तरमाहुः अथवेत्यादि, सूच्यत इत्यन्तम् । अस्मिन् पक्षे सर्वथातादृशैरित्येकं पदम् । पाठान्तरं व्याकुर्वन्ति सर्वदेत्यादि । तत्रेति । निवेदनस्मरणे । एवं व्याख्यानद्वयेन सर्वदा भगवदीयत्वानुसन्धानमुत्तमभगवदीयसङ्गेन दुःसङ्गवर्जनं दुष्टेष्वेतद्गोपनं चेति त्रयमुक्तम् । तथा च सर्वदैतत्करणे पूर्वोक्तदोषस्य न संसर्ग इत्यर्थः। अतः परं प्रारब्धेनातिक्लेशप्राप्तौ पूर्वोक्तत्रयस्यान्यतरस्य वाऽसम्भवे प्रभोश्च सानुभावतायां क्लेशनिवृत्त्यर्थं तत्प्रार्थनं कार्यं नवेति चिन्तायामुपायान्तरं वदन्तीत्याशयेनोत्तरार्धमवतारयन्ति कदाचिदित्यादि । अर्थस्त्वतिरोहितः । प्रश्ने इति सप्तमी । व्याकुर्वन्ति अत्र सर्वेत्यादि । अस्मिन् पक्षे सर्वपदस्य वृत्तिसंकोच इत्यरुच्या पक्षान्तरमाहुः अथवा कालेत्यादि । निजेच्छात इति व्याकुर्वन्ति प्रार्थित इत्यादि । अस्मिन् पक्षे भगवतः कृपालुत्वं तिर इव भवतीत्यतः पक्षान्तरमाहुः अथवा निजा इत्यादि ।

किंतु यहाँ एक शंका यह होती है कि उपर्युक्त 'निवेदन का स्मरण' तो वैकल्पिक व्यवस्था है अतः यह सिद्ध हो रहा है कि जब भगवत्सेवा न निभ सके तब ही लाचार होकर निवेदन का स्मरण करना चाहिए, यदि भगवत्सेवा निभ पा रही हो तो निवेदन का स्मरण आवश्यक नहीं है । कोई कहीं इस प्रकार का अर्थघटन न कर ले, अतः प्रभुचरण अब इन्हीं पंक्तियों का दूसरा अर्थ 'अथवा' से लेकर 'सूच्यते' तक के शब्दों द्वारा कर रहे हैं । अब इस अर्थ में वे कहते हैं कि 'सर्वथा' पद को 'तादृशैः' पद के साथ जोड़कर अर्थ करना चाहिए । ऐसा करने पर अर्थ यह बनेगा कि-जो सर्वथा तादृशीजन हैं, उनके संग निवेदन का स्मरण करते रहना चाहिए । जहाँ 'सर्वथा' के स्थान पर 'सर्वदा' पाठ माना गया है, वहाँ इस पंक्ति का अर्थ यह बनेगा कि - तादृशीजनों के संग सर्वदा निवेदन का स्मरण करते रहना चाहिए । और इस पंक्ति में प्रयुक्त 'तत्र' शब्द का अर्थ "निवेदन का स्मरण" इस प्रकार से है । इस प्रकार से प्रभुचरणों ने दोनों प्रकार के अर्थों के व्याख्यान द्वारा-सर्वदा भगवदीयता का अनुसंधान, उत्तम भगवदीयों के संग द्वारा दुःसंग का त्याग एवं दुष्टों से अपने भगवद्-भावों को छुपा कर रखना-यों तीन बातें कही हैं । और इस तरह सर्वदा उपर्युक्त प्रकार से करने पर पूर्व में कहा बहिर्मुखता का दोष नहीं होता है, यह अर्थ है । अब इसके पश्चात् यदि भाग्य से अतिक्लेश प्राप्त हो जाय और उपर कहे ये तीन उपदेश पालन करने असंभव हो जाएँ अथवा तो अन्य इस प्रकार के दृढ आश्रय रखने के उपदेश भी पालन करने असंभव हो जाएँ, तब ऐसी परिस्थिति में मान लें कि प्रभु सानुभाव जतातें हों तो उनसे इन क्लेशों की निवृत्ति के लिए प्रार्थना करनी या नहीं ? ऐसी चिन्ता होने पर दूसरे उपाय को कहने के लिए प्रभुचरण मूलश्लोक की दूसरी पंक्ति का विवरण 'कदाचित्' इन शब्दों से आरंभ कर रहे हैं। इस पंक्ति का अर्थ तो स्पष्ट ही है । 'प्रश्ने' पद में सप्तमीविभक्ति का प्रयोग है । अब यहाँ 'अत्र सर्व' इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । चूँकि इस पंक्ति में प्रभुचरणों को लगा कि 'सर्व' को केवल आत्मनिवेदियों के अर्थ में घटा कर इसका कुछ संकुचित-अर्थ हो गया है अतः अब वे 'अथवा काल' इत्यादि शब्दों से दूसरा अर्थ कर रहे हैं । इसके पश्चात् वे मूलश्लोक में आए 'निजेच्छातः' शब्द की व्याख्या "प्रार्थितः इत्यादि शब्दों से कर रहे हैं । प्रभुचरणों ने जहाँ इस पंक्ति

१. सर्वात्मनेति पाठः । २. सर्वदा इति पाठः । ३. आत्मत्वमिति पाठः ।

का अर्थ किया है, उसमें प्रभु की कृपालुता कुछ छुपी हुई सी प्रतीत होती है। (यहाँ टीकाकार यह कहना चाहते हैं कि प्रभुचरणों ने 'निजेच्छातः करिष्यति' पद के दो अर्थ किए हैं। एक तो स्वयं भगवान की जो इच्छा है, वह निजेच्छा है एवं दूसरा अर्थ यह कि, निजजनों की जो इच्छा है, वह निजेच्छा है। तो यहाँ टीकाकार पहले अर्थ में यह कहना चाह रहे हैं कि कदाचित् प्रभुचरणों को यह प्रतीत हुआ होगा कि इस अर्थ में प्रभु का कृपालु-स्वभाव कुछ आहत हो रहा है। क्योंकि ऐसा अर्थ करने पर यह प्रतीत हो रहा है कि भक्त चाहे सुखी हो या दुःखी, प्रभु तो वही करेंगे जो उन्होंने सोच रखा है। तो यह बात उनके दयालु-स्वभाव से विपरीत जा रही है। टीकाकार प्रभुचरणों के मनोविचार का ऐसा अनुमान लगाकर यह कहना चाह रहे हैं कि कदाचित् इसी कारण से उन्होंने इस शब्द का दूसरा अर्थ भी किया होगा, यह अर्थ है।) अतः वे 'अथवा निजा' इत्यादि शब्दों से दूसरा अर्थ कर रहे हैं।

परन्त्विच्छाया अविकृतत्वमेवापेक्षितमिति ज्ञापनायाव्ययप्रयोगः ॥ २ ॥

नन्वेवं सति पूर्वं कुतोऽन्यथा व्याख्यातमित्यत आहुः परमित्यादि । अविकृतत्वमिति । विकृतत्वं प्राकृतगुणक्षोभकृतलौकिकविषयत्वम्, तद्विलक्षणत्वमविकृतत्वम् । तथा च जघन्याधिकारिणामिच्छाया विकृतत्वात्तदर्थं तथा पूर्वं व्याख्यातम्। उत्तमाधिकारिणां त्विच्छाया अविकृतत्वादिदानीमेवं व्याख्यातम्। अतो व्याख्यानद्वयमप्युचितमेव। अत्रायमर्थः। प्रार्थना हि प्रभोरसर्वज्ञत्वे उदासीनत्वे वाऽन्यत्वे वा उपयुज्यते। अत्र च स्वकीयसर्वेश्वरत्वात्कालादिसर्वनियामकत्वाच्च नासर्वज्ञत्वम्। नियमनस्य ज्ञानकार्यत्वात्। तत्तदात्मत्वाच्च नोदासीनत्वम्। स्वात्मत्वान्नान्यत्वम्।

किंतु तब भी किसी पूर्वपक्षी को यह शंका हो सकती है कि यदि "निजा" शब्द का अर्थ निजजनों की इच्छा इसी प्रकार से ठीक था, तो फिर पहला अर्थ किया ही क्यों ? तो इसका समाधान प्रभुचरण 'परम्' इत्यादि शब्दों से कर रहे हैं। यह समाधान उन्होंने 'परम्' से लेकर 'प्रयोगः' तक की पंक्ति में दिया है। इस समाधान में उन्होंने यह कहा है कि 'निज' शब्द का अर्थ 'निजजनों की ईच्छा' इस प्रकार से करने में भक्त द्वारा भगवान से विकृत-इच्छा की माँग कर बैठने का भी अदेशा था। 'अविकृतत्वम्' शब्द का अर्थ यह है कि, लौकिकविषयों में जब प्राकृत गुणों की अर्थात् सत्वगुण, रजोगुण, तमोगुण की मिलावट हो जाय, तो उसे 'विकृति' या 'विकार' कहते हैं। जहाँ इनसे विपरीत हो अर्थात् विषयों में इन प्राकृतगुणों की मिलावट न होती हो, वह 'अविकृत' है। अतः इस प्रकार, चूँकि जघन्य-अधिकारियों की इच्छाएँ विकृत होती हैं, इस कारण से प्रभुचरणों ने पहले वाला अर्थ भी किया है। और उत्तमाधिकारियों की इच्छाएँ तो अविकृत होती हैं अतः उनके लिए दूसरा अर्थ किया है। अर्थात् "निजानम् इच्छा इति निजेच्छा = अपने निजजनों की इच्छानुसार ही प्रभु सभी कुछ करेंगे" ऐसा अर्थ प्रभुचरणों ने किया है। इस कारण से ये दोनों अर्थ उचित ही है। इन व्याख्यानों का गूढ अर्थ यह है कि, प्रार्थना करनी तो तब उपयुक्त है जब प्रभु सर्वज्ञ न हों, उदासीन हों, या अन्य ही कुछ हों। यहाँ तो वे चूँकि स्वकीयों के सर्वेश्वर हैं एवं कालादि सभी के नियामक हैं अतः सर्वज्ञ हैं। क्योंकि सर्वज्ञता के बिना तो पूरे संसार का नियमन करना संभव ही नहीं है। उन सभी के आत्मा होने के कारण वे उदासीन भी नहीं हैं। स्वयं सभी के आत्मारूप होने के कारण भक्तों से भिन्न भी नहीं हैं।

एवं सत्यपि यत् स्वीयक्लेशोपेक्षणम्, तत्किञ्चि'दासक्तौ भगवानेवे'ति न्यायेन स्वस्य भक्तस्य वा कार्यायैव। तत्र भगवत्कार्यार्थत्वे स्वस्यान्यथाप्रार्थनमपराधावहम् । भक्तकार्यार्थत्वे स्वस्यैवानिष्टोत्पादकम् । अत एतदुभयं विचार्य प्रार्थना न कार्या, किन्तु स्वस्वाधिकारानुसारेण विवेकधैर्ये एव रक्षणीये इत्यर्थः । अत एव विवेकधैर्याश्रयेऽपि 'प्रार्थिते वा ततः किं स्यात् स्वाम्यभिप्रायसंशया'दित्युक्तम् ॥ २ ॥

इतना होने पर भी यदि वे स्वीयों के क्लेश की उपेक्षा करते हैं, तो वहाँ "जीव को लौकिक में आसक्त देखकर भगवान कभी उसे शाप भी दे देते हैं परंतु वह शाप भी उसे पुनश्च पुष्टिमार्ग में वापस खींचने के लिए देते हैं (पु.प्र.म./१८)" इस पंक्ति के द्वारा यह समझना चाहिए कि स्वयं के किसी कार्य अथवा तो भक्त के ही किसी कार्य को करने के लिए वे ऐसा करते हैं। ऐसे में जहाँ कोई भगवत्कार्य हो रहा हो एवं आप उससे विपरीत किसी अन्य कार्य की प्रार्थना करने लगें, तो अपराध होता है। क्योंकि भक्त यदि खुद अपने किसी कार्य के लिए प्रभु से प्रार्थना करे, तो वह उसके अनिष्ट का कारण होती है। अतः इन दोनों पक्षों का विचार करके प्रार्थना नहीं करनी चाहिए किंतु अपने-अपने अधिकार के अनुसार 'विवेक' एवं 'धैर्य' के सहित रहना चाहिए, यह अर्थ है। इसी कारण विवेकधैर्याश्रयग्रंथ में भी "भगवान के अभिप्राय को समझना कठिन होने के कारण प्रार्थना नहीं करनी चाहिए (वि.धै.आ./२)" यह कहा गया है ॥२॥

ननु भगवते समर्पितदेहादेः स्त्रीपुत्रादिषु विनियोगेन स्वधर्महानिचिन्ता बाधते, तत्राहुः **सर्वेषामिति** ।

सर्वेषां प्रभुसम्बन्धो न प्रत्येकमिति स्थितिः ।
अतोन्यविनियोगेपि चिन्ता का स्वस्य सोपि चेत् ॥ ३ ॥

स्वात्मना सह यावन्तो निवेदितास्तैः सहैव स्वस्याङ्गीकारात् तेषां **सर्वेषामेव प्रभुसम्बन्धो, न** तु प्राधान्यात् स्वस्यैवेति तत्रोपयोगे **स्वस्य का चिन्ता,** न कापीत्यर्थः ।

ननु पूर्वोक्ते विचार्यमाणे लौकिकालौकिकी सेवोपकरणविषयिणी चिन्ता न भविष्यति, तथापि वक्ष्यमाणरीत्या सेवाऽकरणविषयिणी धर्महानिचिन्ता तु भविष्यत्येवेति तन्निवृत्त्यर्थमग्रिमं वदन्तीत्याशयेन तृतीयं श्लोकमवतारयन्ति **ननु भगवत** इत्यादि। **स्वधर्महानिचिन्ता बाधत** इति । स्वयं हि समर्पणक्रियायां कर्तृत्वेन प्रविष्ट इति समर्प्यान्तरापेक्षया मुख्यश्चेतनश्चेति अचेतनस्य स्वाधिष्ठितस्य देहादेः सदा भगवत्येव विनियोगः कर्तव्यः, तत्र च शरीरादिकं मुख्यम्, तेन सेवां चेन्न सर्वदा कुर्यात्, तदा तस्य स्वधर्मो हीयेतेति सा तथेत्यर्थः । व्याकुर्वन्ति **स्वात्मनेत्यादि । तत्रोपयोग** इति । स्त्रीपुत्रादिषु स्वदेहेन्द्रियविनियोगे । शेषोऽर्थस्तु स्पष्टः ।

अब यहाँ यह शंका होती है कि पूर्व में दिए गये विश्लेषणों का विचार करने पर सेवा में उपयोग किए जाने वाले लौकिक-अलौकिक उपकरणों (साधनों) की चिन्ता तो नहीं होगी परंतु कही गई रीति से यदि सेवा न की जा सके तो अपनी धर्महानि की चिन्ता तो होती ही है अतः उसे निवृत्त करने के लिए प्रभुचरण तृतीय श्लोक का विवरण **'ननु भगवते'** इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । अब हम इस पंक्ति में आए "स्वधर्महानिचिन्ता बाधते" इन शब्दो की व्याख्या कर रहे हैं। यहाँ यह समझना है कि जीव खुद कर्ता के ढंग से समर्पणक्रिया में प्रविष्ट हुआ है अतः उसके अपने संग समर्पित होने वाली समस्त वस्तुओं की अपेक्षा समर्पण में उसकी ही मुख्यता है और वही चेतन है अतः अपने अधिष्ठित अचेतन देह-आदि का सदा उसे भगवान में विनियोग कराना चाहिए । परंतु इन सभी में शरीर-आदि मुख्य हैं और यदि उस शरीर से सर्वदा सेवा न करें, तो उसका स्वधर्म भंग होता है अतः उसे अपने स्वधर्महानि की चिंता बाधित करती है । इसी शंका का समाधान 'स्वात्मना' इन शब्दों से प्रभुचरण कर रहे हैं । इस पंक्ति में 'तत्रोपयोगे' इत्यादि शब्दों का अर्थ है - स्त्रीपुत्र आदि में स्वयं के देहइंद्रिय का विनियोग होने पर स्वधर्महानि की चिन्ता नहीं करनी चाहिए । शेष पंक्ति का अर्थ तो स्पष्ट ही है ।

तथा च यद्यपि समर्पणक्रियोत्पत्तिदशायां स्वस्य प्राधान्यम्, तथापि तदुत्तरदशायां स्वस्याप्यन्यतुल्यत्वात् यथा अचेतनानां वस्त्रादीनां भगवत्युपयोक्ष्यमाणानां परस्परं विनियोगे चिन्ताया अयोगः, तथा चेतनाधिष्ठितानां स्त्रीकारीरादीनामप्यचेतनानां परस्परं विनियोगे चिन्ताया अयोगः । भगवत्युपयोक्ष्यमाणत्वस्योभयत्रापि तुल्यत्वात् । तत्र स्वत्वाभिमानं न्यग्भाव्य भगवदीयत्वेऽनुसंहिते स्वधर्महान्यभावात् का चिन्ता, न कापीत्यर्थः ।

यद्यपि समर्पण करने की प्रक्रिया में सर्वप्रथम तो स्वयं की ही प्रधानता है तथापि बाद में तो हम और हमारे संग समर्पित हुए स्त्री-पुत्र-घर आधि समस्त एक समान हो जाते है । अतः यह समझें कि, जैसे भगवान में उपयोग किए जाने वाले अचेतन वस्त्र-आभूषण इत्यादि यदि आपस में एकमेक हो जाते हों, तो हम चिंता नहीं करते, वैसे ही हमारे अधिष्ठित हमारे अचेतन शरीर का भी आपस में एकदूसरे से मेलजोल होता हो तो चिंता नहीं करनी चाहिए । क्योंकि भगवान के उपयोग में तो जो आनेवाला है, वह चेतन हो या अचेतन, एक समान ही है । वहाँ स्वत्व का अभिमान नष्ट करके भगवदीयता का अनुसंधान करने पर स्वधर्म की हानि नहीं होती है अतः फिर कैसी चिन्ता ? कुछ भी नहीं, यह अर्थ है ।

इयं निवेदनेऽङ्गीकारमर्यादेत्याहुः स्थितिरिति । कस्यचिद्विशेषतोऽङ्गीकारश्चेत्, सा पुष्टिरिति भावः । अथवा । पुत्रादीनामन्यविनियोगदर्शनेपि स्वस्य का चिन्ता, तेषामप्यङ्गीकारेणैव कृतार्थतासम्भवादित्यर्थः ।

ननु निवेदनेन सर्वेषां भगवदीयत्वरूपे सम्बन्धे तुल्येपि कस्यचिद्विशेषतः सेवायां विनियोगो दृश्यते, कस्यचित् स्वल्पः, कस्यचिन्न, तत्र हेत्वज्ञाने तु चिन्ता स्यादेवेति तस्याः कथं निवृत्तिरित्यतस्तन्निवृत्तिप्रकारं स्थितिपदेन वदन्तीत्याहुः इयमित्यादि । तथा च तत्र पुष्टि

१. शरीराणामिति पाठ : । २. निवेदिनोऽङ्गीकारेतिपाठः ।

कारणत्वेनावधार्य चिन्ता न कार्या, किन्तु 'गन्धेऽर्चिते तुलसिकाभरणेने'ति न्यायेन सन्तोषो विधेय इति सुखेन तन्निवृत्तिः । एकत्र विशेषदर्शनेऽप्यन्यत्र निवेदनकृतभगवत्सम्बन्धस्यानपायाच्च क्वापि चिन्तेत्यर्थः ।

अब यहाँ यह शंका होती है कि, वैसे तो निवेदन द्वारा सभी की भगवदीयता समानरूप से ही हो जाती है तथापि भगवत्सेवा में किसी का विशेषरूप से विनियोग दिखाई देता है, किसी का अल्पमात्रा में, तो किसी का दिखाई ही नहीं देता ? ऐसा क्यों होता है, इसका कारण ज्ञात न होने से चिन्ता तो होती ही है अतः इस चिन्ता की निवृत्ति कैसे हो ? तो इसकी निवृत्ति का प्रकार प्रभुचरण मूल कारिका में आए 'स्थितिः' पद का विवरण करते हुए 'इयम्' इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । इस पंक्ति में उन्होंने इसका समाधान करते हुए यह कहा है कि, यदि इस प्रकार से भिन्नता दिखाई पड़ती हो, तो इसमें मूलकारण 'पुष्टि' ही है, यह विचार कर चिन्ता नहीं करनी चाहिए । (समझना चाहिए कि 'पुष्टि' के भी कई भेद है अतः जहाँ विशेष विनियोग होता दिखाई पड़े, वहाँ उत्तमपुष्टि जाननी चाहिए । इसी प्रकार अल्पविनियोग होता हो, या विनियोग ही न होता हो वहाँ मर्यादापुष्टि जान लेनी चाहिए, यह अर्थ है ।) किंतु 'अनेक प्रकार के पुष्प सुगंधयुक्त होकर भी तुलसी का मान करते हैं (श्री.भा.३/१५/१९) इस वाक्य में कहे भाव के अनुसार संतोष मान कर रहना चाहिए । इस तरह सुखपूर्वक उन चिंताओं की निवृत्ति हो जायेगी । भले ही किसी एक स्थान पर भगवान की विशेषकृपा दिखाई देती हो तथापि निवेदन के द्वारा अन्यों का भी जो भगवत्संबंध स्थापित हुआ है, वह नष्ट नहीं हो सकता अतः कोई भी चिन्ता नहीं करनी चाहिए ।

एवञ्चात्र वाक्यद्वयं प्रतिभाति, सर्वेषां प्रभुसम्बन्धो न[1] प्रत्येकं न गुणप्रधानभावेन, अतस्तेषामन्यविनियोगे स्वस्य का चिन्तेत्येकम्; इति उक्तरूपा, स्थितिः निवेदनेऽङ्गीकारमर्यादा, इतो विलक्षणा तु पुष्टिः, अतः कस्यचिद्विशेषाङ्गीकारेऽपि[2] चिन्ता केत्यपरम् । अत्राग्रिमवाक्ये स्वस्येति चेतनपरामर्शकपददर्शनात् पूर्ववाक्येपि सर्वेषामितिपदेन शरीराधिष्ठातृणामेव परामर्शो युक्तः, न तु चेतनाचेतनानां यावतामिति पूर्वव्याख्यानमयुक्तम् । किञ्च, भगवति समर्पितदेहादेः स्त्रीपुत्रादिषु विनियोगे स्वधर्महानिस्तदा स्यात्, यदि तेषां समर्पितत्वं न स्यात्, समर्पितेषु विनियोगे तु 'निवेदिभिः समर्प्यैव सर्वं कुर्या'दितिवाक्ये निवेदिनां समर्पणस्य कथनेन तस्य च समर्पणस्य निवेदिनां परस्परविनियोग एव सम्भवेन भक्तिमार्गमर्यादाबोधकादुक्तवाक्यादेव चिन्तोदयस्यासम्भव इति चारुच्या पश्चान्तरेण व्याकुर्वन्ति अथवा पुत्रेत्यादि । तथा च सेवासम्बन्धिनां[3] चेतनानां निवेदितव्यतिरिक्तसंसर्गविषयिण्याश्चिन्ताया निवृत्त्यर्थमयमुपदेशः ।

अब यहाँ दो प्रकार के वाक्य प्रतिभासित हैं । पहला यह कि - "जीव द्वारा निवेदन करते समय उसका एवं उससे संबंधित सभी का एक संग प्रभु से संबंध स्थापित होता है, प्रत्येक का अलग-अलग नहीं ।' और ऐसा भी नहीं है कि निवेदनकर्ता का निवेदन प्रधान है और अन्य का किया निवेदन गौण । अतः यदि परिवारजनों का भगवान के अतिरिक्त कहीं और विनियोग होता भी हो तो कैसी चिन्ता ?" दूसरा वाक्य यह कि - "यह पुष्टिमार्ग में निवेदन की मर्यादा है परंतु पुष्टि (अर्थात् कृपा) इससे विलक्षण है, जिससे भगवान कभी इस मर्यादा को तोड़ भी दें और किसी का विशेषरूप से अंगीकार करें तो भी चिन्ता नहीं करनी चाहिए" । अब यहाँ समझना है कि, इस श्लोक की प्रथम पंक्ति में स्वस्य पद कहा गया है, जो आत्मा अथवा तो चेतन वस्तु को दर्शा रहा है। और बाद की पंक्ति में "सर्वेषाम्" पद कहा गया है, जो फिर वापस शरीर धारण करने वाले चेतन आत्मा को ही दर्शित कर रहा है, फिर प्रभुचरणों ने इस श्लोक की व्याख्या में "भगवान को निवेदन करने पर चेतन-अचेतन जितने भी है, सभी समर्पित हो जाते हैं" इस प्रकार से क्यों कहा ? और, भगवान में समर्पित हो चुके देहादि का विनियोग स्त्री पुत्रादि में होने पर स्वधर्म की हानि तो तब होती, जब वे भगवान को समर्पित न हुए होते परंतु समर्पित हो चुके स्त्रीपुत्रादि में यदि स्वयं का विनियोग होता हो तो "समस्त निवेदित वस्तुओं को भगवान को समर्प कर ही समस्त कार्य करने चाहिए (सि.र./५)" इस वाक्य के द्वारा निवेदितों को सभी कुछ समर्पण करना कहा गया है और वह समर्पण परस्पर एकदूसरे के विनियोग द्वारा ही संभव है अतः भक्तिमार्ग की मर्यादा का बोध कराने वाले इस वाक्य से ही सर्वप्रथम तो चिन्ता होनी असंभव है अतः किसी पूर्वपक्षी को यह शंका हो सकती है कि, जब यहाँ चिन्ता होने का कोई प्रश्न ही नहीं है फिर प्रभुचरणों को इस चिन्ता को उठाकर उसका निवारण करने की क्या आवश्यकता थी ? इसलिए अब प्रभुचरण इसका और विशेष समाधान 'अथवा पुत्र' इत्यादि शब्दों से कर रहे हैं । इस पंक्ति का भाव यह है कि सेवा में संबंधित जो परिवारजन (चेतनानां) हैं उनकी निवेदित पदार्थों से अतिरिक्त विषयों से संसर्ग हो जाने पर हमें जो चिन्ता होती है, उसकी निवृत्ति के लिए यह उपदेश है ।

किञ्च । स्वस्येतिपदमावृत्तमपिशब्देन सम्बध्यते ॥ ३ ॥

---

१. नेति नास्ति । २. विशेषतोऽङ्गीकारे इति पाठः । ३. सम्बन्धित्वेन करणेति पाठः ।

पुत्रादीनामित्यादिपदेनाचेतनानामपि संग्रहः । उत्तरपूर्ववाक्ययोरेकजातीयमेव ग्राह्यमित्यत्र नियामकत्वस्याभावात् । पूर्वव्याख्यानोक्ता चिन्ता तु पुष्टिमात्रविचारात् । साम्प्रतिका तु मार्गमर्यादात इति न कोपि दोष इत्यर्थः । स्वस्येत्यन्तस्य पदराशेः पूर्ववाक्य एव सम्बन्धे शिष्टं सोपि चेदिति पदत्रयमलग्नकं तिष्ठतीति, तत्सम्बन्धायाहुः किञ्चेत्यादि ॥ ३ ॥

'पुत्रादीनां' पद में जो 'आदि' पद जुड़ा है, उससे जड़-पदार्थ (अचेतन) भी संग्रहीत हो जाते हैं । और, पहले एवं बाद के वाक्यों में एकजातीयता हो और वे एक ही अर्थ को कहते हों, ऐसा कोई नियम भी नहीं है । पहले के वाक्य में जो "निवेदन होने के पश्चात् यदि हमारा संसर्ग हमारे परिवारजनों से होता हो, तो क्या करना ?" यह चिन्ता बताई गई थी, उसका निवारण तो पुष्टि अर्थात् भगवद्-कृपा मात्र के विचार द्वारा ही हो जाता है कि भगवान ने हमारे साथ अन्य दूसरे परिवारजनों पर भी कृपा करके उनका भी समर्पण स्वीकार किया है अतः चिन्ता करने की आवश्यकता नहीं है । दूसरे वाक्य में जहाँ प्रभुचरणों ने 'अथवा' कहकर दूसरा व्याख्यान किया है, वहाँ बताई गयी चिंता अर्थात् "पुत्र-परिवारजनों का विनियोग भगवत्सेवा में न होकर कहीं अन्यत्र होता हो, तो क्या करना ?" इस प्रकार की चिंता का व्याख्यान किया है और वह इसलिए क्योंकि ऐसा होने पर कहीं मार्ग की मर्यादा भंग होने का प्रश्न उठता है । अतः प्रभुचरणों ने यहाँ दो प्रकार से अर्थ किया है तो इसमें कोई दोष नहीं है । यहाँ यह समझना चाहिए कि मूलकारिका में प्रयुक्त हुए 'स्वस्य' पद को यदि हम केवल "अतोन्यविनियोगेपि चिन्ता का" इतने ही वाक्य के संग जोड़ें, तो शेष बचे 'स', 'अपि' एवं 'चेत्' यह तीन पद बिना जुड़े हुए ही रह जाते हैं । अतः इन तीनों पदों का संबंध 'स्वस्य' पद के साथ जोड़ने के लिए प्रभुचरणों ने 'किञ्च' से लेकर 'सम्बध्यते' तक की पंक्ति में कहा है ।

यथा पुत्रादीनाम्, तथा स्वस्यापि सः अन्यविनियोगश्चेत्, तदापि चिन्ता न कार्येत्याहुः अज्ञानादिति ।

अज्ञानादथवा ज्ञानात् कृतमात्मनिवेदनम् ।
यैः कृष्णसात्कृतप्राणैस्तेषां का परिदेवना ॥ ४ ॥

हीनमध्यमाधिकारिभिरपि निवेदितात्मभिश्चिन्ता न कार्या भवति यत्र, तत्र कृष्णसात्कृतप्राणैश्चिन्ता न कार्येति किमु वाच्यमित्यर्थः ।

संबन्धं बोधयित्वा अर्थं वदन्तोऽग्रिममवतारयन्ति यथेत्यादि, स्वस्येति । अनुभावज्ञानेन स्वस्मिन् विशेषाङ्गीकारं निश्चितवता वा सेवाकर्तृत्वेन प्रधानस्य वा । इत्याहुरिति । इतिपदं कैमुतिकबोधकेनाग्रिमवाक्येनाहुरित्यर्थः । व्याकुर्वन्ति हीनेत्यादि । हीनमध्यमाधिकारिभिरिति । भगवतः सर्वरूपत्वेन मार्गप्रवर्तकोपदेशकगुर्वादिरूपतायां निरवधिसच्चिदानन्दस्वरूपत्वेन परमफलतायां निरुपधिभक्त्येकप्राप्यतायाश्चाज्ञानाद्धीनाधिकारिभिः । तादृशज्ञानवत्त्वेपि कृष्णसात्कृतप्राणत्वाभावेन मध्यमाधिकारिभिरित्यर्थः । शेषं व्याख्यानं तु स्पष्टार्थम् ।

इस पंक्ति में प्रभुचरण स्वस्य पद का संबंध दोनों ओर जोड़ कर अब उसका अर्थ आगे "यथा" से लेकर 'स्वस्य' तक के 'शब्दों' से कह रहे हैं । यहाँ 'स्वस्य' पद से तात्पर्य ऐसे भक्त का है जिसने भगवद्-अनुभाव के ज्ञान के कारण अपनेआप में विशेष अंगीकार का होना निश्चित् माना है अथवा तो भगवत्सेवा करने के द्वारा जो प्रधान निवेदनकर्ता है, वह 'स्वस्य' पद का अर्थ है। अब इत्याहुः इत्यादि शब्दों की व्याख्या करते हैं । यहाँ प्रयुक्त हुआ 'इति' शब्द आगे चौथे श्लोक में आनेवाले कैमुतिकवाक्य का बोधक है । प्रभुचरण 'इति' शब्द के द्वारा उस कैमुतिकन्याय के वाक्य को कहना चाह रहे हैं, यह अर्थ है । (जानना चाहिए कि अग्रिम चौथे श्लोक में कैमुतिकन्याय प्रयुक्त हुआ है । इसका तात्पर्य यह है कि जहाँ अज्ञान अथवा ज्ञानरहित निवेदन करनेवालों को भी चिन्ता नहीं करनी चाहिए, वहाँ कृष्ण से अपने प्राणों को आत्मसात् करने वालों को नहीं ही करनी चाहिए, इसमें क्या कहना ? प्रभुचरण 'यथा.....इति' इस पंक्ति में उठी चिंता का निवारण इसी कैमुतिकन्याय से बता रहे हैं।) इसी अर्थ का विवरण वे 'हीन' इत्यादि वाक्यों से कर रहे हैं । इस पंक्ति में आए "हीनमध्यमाधिकारिभिः" शब्द की व्याख्या कर रहे हैं । जिनको भगवान की सर्वरूपता, मार्गप्रवर्तक-उपदेशक गुरु में भगवद्-भाव, निरवधि-सच्चिदानंदरूप एवं परमफलरूप और मात्र निरूपधिभक्ति से प्राप्त होने वाले भगवान के स्वरूप का ज्ञान नहीं है, वे हीन-अधिकारी हैं । परंतु जिनको ये ज्ञान है तथापि उन्होंने कृष्ण में अपने प्राण आत्मसात् नहीं किए, वे मध्यमाधिकारी हैं, इनको भी चिन्ता नहीं करनी चाहिए, यह अर्थ है । शेष व्याख्यान का अर्थ तो स्पष्ट है ।

---

१. न कोपि दोष इत्यन्तमधिकं कचित् ।

केवलं प्रभ्वधीनीकृतप्राणानां चिन्ताविषयाभावादेव न सेति भावः । अत एव केतिशब्द उक्तः । पदसम्बन्धस्तु अज्ञानादथवा ज्ञानाद्यै-स्तत्कृतम्, तेषां सा नेतिशेषः । कृष्णसात्कृतप्राणैर्यैस्तत्कृतम्, तेषां सा केत्युक्तम् ॥ ४ ॥

तथा च स्वस्मिन् विशेषानुग्रहं निश्चितवतोपि यत्रान्यविनियोगसंभवः, तत्र भगवदिच्छैव किञ्चित्कार्यार्थं तादृशी तेनावधार्या, न तु चिन्ता कार्या, तन्मूलभूतस्य स्वापराधस्याभावादिति । तदेतदुक्तं केवलमित्यादिना, केति शब्द उक्त इत्यन्तेन । कैमुतिकन्यायस्य स्पष्टीकरणार्थं पदसम्बन्धमाहुः पदेत्यादि, सा केत्युक्तमित्यन्तम् । अत्रेदमुक्तं भवति । एकादशस्कन्धे साधुलक्षणकथनसमाप्तौ 'ज्ञात्वाऽज्ञात्वाथ ये वै मां यावान् यश्चास्मि यादृशः । भजन्त्यनन्यभावेन ते मे भक्ततमा मता' इति भगवद्वाक्ये हीनमध्यमयोरप्यनन्यभावेन भजने भक्ततमतयोत्कर्षः कथितः । भगवदुद्धवसंवादसमाप्तौ च 'न ह्यङ्गोपक्रमे ध्वंसो मद्धर्मस्योद्धवाण्वपि । मया व्यवसितः सम्यङ् निर्गुणत्वादनाशिषः । यो यो मयि परे धर्मः कल्पते निःफलाय चेत् । तदायासो निरर्थः स्याद्भयादेरिव सत्तमे'ति श्लोकद्वयं भगवतोक्तम् ।

और, जहाँ जीव में भगवान द्वारा विशेष अनुग्रह हुआ होना निश्चित् भी हुआ हो तथापि उस जीव का भगवान के अतिरिक्त कहीं विनियोग दिखाई पड़ता हो; तो ऐसे में भी 'भगवान की ही इच्छा कुछ ऐसा कार्य करने की है' इस प्रकार से मन में धारणा करनी चाहिए और चिन्ता नहीं करनी चाहिए । ऐसे अन्य विनियोग होने का मूलकारण स्वयं जीव का कोई अपराध है - ऐसा नहीं है । इसी भाव को प्रभुचरणों ने 'केवलं' शब्द से लेकर 'केति शब्द उक्त' तक की पंक्ति द्वारा कहा है । उपर कहे कैमुतिकन्याय को स्पष्ट करने के लिए चौथे श्लोक के पदों का परस्पर संबंध प्रभुचरण 'पद' शब्द से लेकर 'सा केत्युक्तम्' इन शब्दों द्वारा कह रहे हैं । इस का भावार्थ जानने के लिए समझें कि एकादशस्कंध में जहाँ भगवान ने उद्धवजी को संतपुरुष लक्षण कहे हैं वहाँ समाप्ति पर "मैं कौन हूँ, कैसा हूँ, कितना बड़ा हूँ-इन बातों को जानें या न जानें किंतु अनन्यभाव से जो मेरा भजन करते हैं, मेरे विचार से वे मेरे परमभक्त हैं (श्री.भा. ११/११/३३)" इस वाक्य द्वारा उन्होंने हीन-मध्यम अधिकारियों को भी अनन्यभाव से भजन करने पर उन्हें 'परमभक्त' कह कर उनका उत्कर्ष कहा है । इसी प्रकार भगवान एवं उद्धवजी के संवाद की समाप्ति पर भगवान ने "हे उद्धव ! मेरे इस धर्म को एक बार आरंभ कर देने के पश्चात् किसी भी प्रकार के विघ्नों से यह भंग नहीं होता । क्योंकि यह धर्म निष्काम है और मैंने ही इसकी व्यवस्था की है । यहाँ तक कि भक्त यदि हर्ष-शोक के अवसर पर रोने-पीटने या भागने जैसे निरर्थक कार्य भी निष्कामभाव से मुझे समर्पित कर दें, तो मेरी प्रसन्नता के कारण ऐसे कार्य भी धर्म बन जाते हैं (श्री.भा. ११/२९/२०/२१)" इन दो श्लोकों के द्वारा भी यही कहा है ।

तत्र श्रीधरीये, अङ्ग हे उद्धव, अनाशिषो निष्कामस्य मद्धर्मस्य उपक्रमे सति, अण्वपि, ईषदपि वैगुण्यादिभिर्नाशो नास्त्येव । यतो मयैव निर्गुणत्वादयं धर्मः सम्यग्व्यवसितो निश्चितः, न तु मन्वादिमुखेन कथञ्चित् । ननु त्वद्धर्मस्य एवं सामर्थ्यम्, तस्मादन्यत्र कथम्, तत्राह यो य इति । अयमर्थः । किं वक्तव्यं मद्धर्मस्य न ध्वंस इति, यतो लौकिकोपि यो यो निरर्थो व्यर्थ आयासः, सोपि मयि परे परमेश्वरे निष्फलाय कल्प्यते चेत्, निष्कामतया अर्पितश्चेत्, तर्हि स धर्म एव स्यात्, कर्मकरणायासो न निरर्थः स्यात् । निरर्थायासे दृष्टान्तः । यथा भयशोकादेर्हेतोः पलायनक्रन्दनादिस्तद्वत् । एवं व्याख्यातम् ।

इन्हीं दो श्लोकों का भाव श्रीधरजी ने (श्रीमद्-भागवत के एक प्राचीन टीकाकार) स्वयं की टीका में भगवान के वचनों को इस प्रकार से कहा है कि "हे उद्धव ! कामनारहित-निष्काम भाव से मेरे धर्म का आचरण आरंभ करने पर यदि भक्त गुणरहित हों, तो भी इस धर्म का नाश नहीं होता क्योंकि मैं स्वयं निर्गुण हूँ और मैंने ही इस धर्म की व्यवस्था निश्चित् की है, 'मनु' आदि किसी अन्य ने नहीं । मान लें कि भगवद्-धर्मों की ऐसी सामर्थ्य है कि उनका नाश नहीं होता परंतु भगवद्धर्मों से भिन्न अन्य दूसरे लौकिक कार्य यदि भक्त करे, तो उसकी क्या गति होगी ? यदि कोई ये शंका करे तो उसका समाधान दूसरे श्लोक के 'यो यो' इत्यादि शब्दों से कहा गया है । इसका अर्थ यह है कि भगवान कह रहे हैं - मेरे धर्मों के नष्ट न होने की तो कहना ही क्या ? क्योंकि लौकिक में भी जीव जो निरर्थक प्रयास करता है, वे लौकिक प्रयत्न भी यदि निष्कामतया मुझे अर्पित कर दिए जाएँ, तो वे भी धर्म बन जाते हैं । उनके कर्म करने के प्रयास निरर्थक नहीं होते । इन निरर्थक प्रयासों में दृष्टांत यह दिया है कि जैसे भय-शोक के कारण भागना-रोना इत्यादि लौकिक कार्य भी यदि भगवान के लिए किए जाएँ और भगवान को अर्पित कर दिए जाएँ तो, वे भी धर्म बन जाते हैं। इस प्रकार से श्रीधरजी ने व्याख्या की है ।

तथा च निष्कामभगवद्धर्मस्य वैगुण्यादिभिरीषदपि नाशो नास्तीति भगवता कथनात् प्रकृते चात्मनिवेदनस्य अधिकारतया

तथात्वात् हीनाद्य धिकारेपि साधनतः फलतश्च नाशाभावाच्चिन्ताया अभावो यत्र, तत्र मुख्याधिकारे किं वक्तव्यमिति भगवद्वाक्यादेव सिद्धम्। तथा भगवदर्थो लौकिकोप्यायासो नापार्थ इति च। अतः पूर्वोक्तं सर्वं युक्तमेवेति तेषामुक्तचिन्ताजन्या विलापात्मिका परिदेवना का, न कापीत्यर्थादेवोक्तमित्यर्थः ॥ ४ ॥

इस प्रकार, "जीव के विकृत भावों से भी निष्काम भगवद्-धर्म का लेशमात्र भी नाश नहीं होता है"-यह भगवान ने कहा होने के कारण यहाँ भी यह जानना चाहिए कि आत्मनिवेदन से भगवत्सेवा का अधिकार पैदा होता है और आत्मनिवेदन तो भगवद्-धर्मों के अंतर्गत ही है अतः यदि जीव हीन-अधिकारी हो, तब भी न तो उसके धर्म की साधनरूपता नष्ट होगी और न ही उस भगवद्-धर्म से उत्पन्न होने वाला भक्तिरूपी फल ही नष्ट होगा। मुख्य-अधिकार होने पर तो कहना ही क्या ? यह तो इन-भगवद्-वाक्यों से ही सिद्ध हो जाता है। इसी प्रकार, भगवान के लिए किया गया लौकिक प्रयास भी व्यर्थ नहीं जाता है, यह जानना चाहिए। अतः पूर्व में दिया गया समस्त उपदेश युक्त ही है अतः ऐसे आत्मनिवेदियों को ऐसी चिन्ताओं से होने वाली रोने-धोने वाली चिन्ताएँ क्यों होनी चाहिए ? कोई भी नहीं, यह कहा है ॥४॥

ननु सख्यात्मनिवेदने हि भगवदङ्गीकारेणैव सम्पद्येते, तथा च स्वयमात्मनिवेदने कृतेपि प्रभुरङ्गीकृतवान्नवेति चिन्ता भवत्येव, इत्यत आहुः तथेति।

तथा निवेदने चिन्ता त्याज्या श्रीपुरुषोत्तमे।
विनियोगेपि सा त्याज्या समर्थो हि हरिः स्वतः ॥ ५ ॥

पुरुषोत्तमोङ्गीकृतवान्नवेति निवेदनविषयिणी या सा त्याज्या उक्तनिवेदनवदित्यर्थः।

एवं निवेदितविषयिण्याश्चिन्ताया निवृत्त्युपायमुक्त्वा इदानीं निवेदनविषयिण्याश्चिन्ताया निवृत्त्युपायं वदन्तीत्याशयेनाग्रिम-मवतारयन्ति ननु सख्येत्यादि। प्रेमभक्तौ हि विहितश्रवणादिनवकं प्रत्येकं क्वचित् समुदितं च साधनम्, तेष्वाद्यं त्रयं सेव्यनिरपेक्षजीवमात्रसाध्यम्। पादसेवनमपि 'पादौ हरेः क्षेत्रपदानुसर्पण' इति नवमस्कन्धवाक्योक्तरीत्या पद्भ्यां सेवनमिति पक्षे पूर्ववदेव। पादयोः सेवनमितिपक्षे तु सेव्यसापेक्षम्। तथैवार्चनादित्रयमपि। तथा सत्येतच्चतुष्टयं त्रयं वा सेव्ये चैतन्याप्राकट्येपि सिध्यति। सख्यात्मनिवेदने तु भजनीये चैतन्याप्राकट्यमपेक्षेते। यदि हि भजनीयो भक्ते सख्यं तत्कृतमात्मनिवेदनं च चैतन्याप्राकट्येनाङ्गीकुर्यात्, तदा भगवदङ्गीकारेण सम्पद्येते। तत्प्राकट्यं तु प्रेमभक्त्यधीनम्। साम्प्रतं तु तत्साधनदशा, तथा चेदानीं तत्प्राकट्याभावात् स्वयमित्यादिनोक्ता चिन्ता भवत्येव हीनमध्यमयोरित्यतस्तन्निवृत्त्युपायमाहुरित्यर्थः। व्याकुर्वन्ति पुरुषोत्तम इत्यादि। उक्तनिवेदनवदिति। मूलस्थस्य तथापदस्यार्थः।

इस प्रकार निवेदित हुए पदार्थों के विषय की चिन्ता की निवृत्ति का उपाय कह कर अब प्रभुचरण निवेदन के विषय की चिन्ता का उपाय कहने के आशय से आगे के श्लोक की व्याख्या ननु सख्य इत्यादि शब्दों से आरंभ कर रहे हैं। यहाँ समझना चाहिए कि प्रेमलक्षणा भक्ति के अंतर्गत कही गई नवधाभक्ति में से प्रत्येक भक्ति कहीं न कहीं, किसी न किसी साधन के तौर पर कही गई हैं। इनमें से प्रथम तीन भक्ति (अर्थात् 'श्रवण, कीर्तन एवं स्मरण') सेव्यस्वरूप की अपेक्षा न रखते हुए केवल अकेले जीव द्वारा भी की जा सकती हैं, इनमें भगवान के स्वरूप की आवश्यकता नहीं होती। इसी प्रकार चौथी 'पादसेवनं' भक्ति भी "राजा अंबरीष के पैर भगवान के क्षेत्र की यात्रा करने में लगे रहते (श्री.भा. ९/४/२)" इस नवमस्कंध के वाक्यानुसार पैरों द्वारा हरि की सेवा का अर्थ 'पादसेवनं' है" इस अर्थानुसार केवल जीव के द्वारा की जाने वाली सेवा है, इसमें भी भगवत्स्वरूप आवश्यक नहीं होता। किंतु यदि 'पादसेवनं' का अर्थ - प्रभु की चरणसेवा पादसेवनं है - इस प्रकार से करें तो फिर भगवत्स्वरूप अपेक्षित हो जाता है। वैसे ही अर्चन- आदि (अर्थात् 'अर्चन, वंदन, सख्य') तीनों भक्ति में सेव्यस्वरूप की अपेक्षा रहती है। अतः ये तीन अथवा चार प्रकार की भक्ति सेव्यस्वरूप के प्रत्यक्ष में प्रकट न होने पर भी सिद्ध हो जाती हैं। किंतु जहाँ तक 'सख्य' एवं आत्म-निवेदनरूपा भक्ति का प्रश्न है, तो ये भजनीय स्वरूप के प्रत्यक्ष प्रकट होने पर ही सिद्ध होती है। और यदि भजनीय-प्रभु भक्त में रही सख्यभक्ति एवं उसके द्वारा किए गये आत्म-निवेदन को साक्षात् प्रकट होकर अंगीकार करते हैं, तब ये दोनों प्रकार की भक्ति भी भगवद्-अंगीकार के द्वारा ही संभव हो पाती है। भगवान का ऐसे प्रकट होना भी प्रेमभक्ति के ही अधीन है। किंतु वर्तमान में तो जीव की साधनदशा है, और इस समय चूँकि भगवान प्रकट नहीं है अतः प्रभुचरणों द्वारा 'स्वयम्' इत्यादि शब्दों से कही चिन्ता हीन-मध्यम अधिकारियों को तो होती ही है अतः उनकी चिन्ता को निवृत्ति का उपाय वे कह

१ उक्तनिवेदकवदिति पाठः।

रहे हैं । अब 'पुरुषोत्तम' शब्द से लेकर' 'उक्तनिवेदनवत्' तक की पंक्ति की व्याख्या कर रहे हैं। इस पंक्ति में मूलश्लोक के 'तथा' पद का अर्थ प्रभुचरणों ने किया है ।

पुरुषोत्तमेन निरोधलीलायां स्वतोन्यभजनं क्रियमाणा भक्तास्तन्निवार्य स्वयमात्मसात्कृता इति तादृशे स्वयं सर्वात्मना निवेदने कृते सा शङ्का नोचितेति ज्ञापनाय पुरुषोत्तमपदम्। तत्रापि स्वरूपानन्ददानेनानिशं पोष्यमाणानां भक्तानां तदितरत्रोपयोगासम्भवेनैव न शङ्कोदय इति ज्ञापनाय श्रीपदम् । तथा च तद्युक्ते तत्र निवेदने सा त्याज्येति भावः ।

अत्र च सप्तम्यर्थे वतिः । तथा च यथा भगवद्धर्मोपक्रमरूपे निवेदनेऽन्यविनियोगादिना वैगुण्यतोपि भगवद्धर्मनाशा-भावाच्चिन्ता त्यज्यते, तथा अङ्गीकारसन्देहरूपा निवेदनविषयिण्यपि सा त्याज्येत्यर्थः । अत्र हेत्वपेक्षायां श्रीपुरुषोत्तमपदेन तं वदन्तीत्याशयेन तत्पदं विवृण्वन्ति, पुरुषोत्तमेनेत्यादि श्रीपदमित्यन्तम् । तात्पर्यं स्फुटीकुर्वन्ति तथा चेत्यादि । सरसभक्तयुक्तो भगवान् हीन्द्रयागभङ्गगोवर्धनोद्धरणादिलीलाभिस्तथाकुर्वन् स्वीयान् पुष्णातीति इन्द्रयागभङ्गादिबोधकाच्छब्दादेव भगवतस्तथास्वभावमवगत्य सा त्याज्या, स्वस्यानन्यभावेन भजनस्य निर्वाहे कार्यलिङ्गकानुमानादेवाङ्गीकारं निश्चित्य सा त्याज्या भक्तानां दयालुत्वादित्यर्थः ।

यहाँ 'उक्तनिवेदनवत्' शब्द में सप्तमी-विभक्ति के अर्थ में 'वत्' प्रत्यय हुआ है । अतः इस प्रकार जैसे भगवद्-धर्म को आरंभ करनेवाला निवेदन होने पर भगवान से अतिरिक्त अन्य कहीं अपना विनियोग हो जाने से विगुणता उत्पन्न होने पर भी भगवद्-धर्म का नाश नहीं होता और चिंता त्याग दी जाती है वैसे ही - निवेदन होने पर प्रभु ने मेरा अंगीकार किया या नहीं? इस प्रकार के संदेह से उत्पन्न होनेवाली निवेदनविषयक चिंता भी त्याग देनी चाहिए। यह चिन्ता क्यों त्याग देनी चाहिए ? इसका हेतु बताने के लिए 'पुरुषोत्तम' पद के द्वारा प्रभुचरणोंने 'पुरुषोत्तम' शब्द से लेकर 'श्रीपदम्' तक की पंक्ति द्वारा विवरण किया है । इसी का तात्पर्य उन्होंने इस पंक्ति के पश्चात् 'तथा च' इन शब्दों से स्पष्ट किया है । और वह यह कि, रसयुक्त-भक्त से युक्त भगवान ने इंद्रयाग-भंग एवं गोवर्धन-उद्धरण आदि लीलाओं द्वारा अपने स्वीयजनों का अन्याश्रय छुड़ाते हुए उनका पोषण किया हैं । अतः 'इंद्रयाग-भंग' जैसे शब्दों से ही बोध होते भगवान के ऐसे दयालु स्वभाव को जान कर चिन्ता त्याग देनी चाहिए । स्वयं के अनन्यभावपूर्वक भजन का निर्वाह होने पर भगवान के ऐसे दयालुता के कार्यलक्षणों के अनुमान द्वारा ही "मेरा अंगीकार अवश्य हुआ है" यह निश्चित् करके चिन्ता त्याग देनी चाहिए, क्योंकि भगवान भक्तों के लिए बड़े दयालु हैं, यह अर्थ है ।

न च निवेदनगद्ये भगवतः केवलस्यैव सम्प्रदानत्वमुक्तमिति कथमत्र श्रीपुरुषोत्तमपदेन भक्तयुक्ते निवेदनमुच्यत इति शङ्क्यम्। एकादश एव 'रामेण सार्धं'मित्यादिना या तावद्भक्तिः प्रशंसिता, तत्परमकारणत्वेनोनविंश आत्मनिवेदिधर्मा उक्ताः, तत्रात्मनिवेदनप्रकारो न स्फुट इति तत्रत्यं सर्वं संगृह्य कल्पसूत्रवत् गद्ये प्रभुणोक्तः, अतः कृष्णपदेन तत्र ताभिः सहित एव परामृश्यते । तेन भक्तयुक्तस्यैव सम्प्रदानत्वम्। किञ्च, सदानन्दो हि भगवान् रसात्मक एव, 'रसो वै सः' इति श्रुत्या सिद्धो, रसश्चालम्बनसापेक्ष एवेत्यतोपि तथेपि न विरोधगन्धोपि ।

और, यहाँ ये शंका भी नहीं करनी चाहिए कि निवेदन-गद्यमंत्र में तो केवल भगवान को ही निवेदन करना कहा गया हैं और यहाँ श्री से युक्त अर्थात् भक्तों से युक्त 'श्रीपुरुषोत्तम' में निवेदन करना कहा जा रहा है । (टीकाकार कहना चाह रहे हैं कि शंका ये हो सकती है कि गद्यमंत्र में तो केवल भगवान को निवेदन करना कहा गया है और यहाँ 'श्रीपुरुषोत्तम' को निवेदन करना कहा जा रहा है, वह कैसे ? प्रभुचरणों ने अपनी टीका में भक्तों को अपने स्वरूपानंद का दान देने वाले पुरुषोत्तम के अर्थ में 'श्री' पद को स्पष्ट किया है अतः यहाँ ऐसे भक्तों से युक्त पुरुषोत्तम अर्थात् 'श्रीपुरुषोत्तम' को निवेदन करना सिद्ध हो रहा है यह अर्थ है ।) क्योंकि एकादश स्कंध में "हे उद्धव ! जिस समय अक्रूरजी मुझे भैया बलराम के संग व्रज से मथुरा ले आए (श्री.भा. ११/१२/१०)" इत्यादि वाक्यों द्वारा जिस भक्ति की प्रशंसा की गई है, उसी भक्ति के परमकारणरूप आत्मनिवेदियों के धर्म उन्नीसवें अध्याय में कहे गये हैं । वहाँ आत्मनिवेदन का प्रकार स्पष्टतापूर्वक नहीं कहा गया है । अतः वहाँ से उन उपदेशों को संग्रहीत करके कर्मों के कल्पसूत्र की भाँति प्रभु ने गद्यमंत्र में कहे हैं । (धर्म-संबंधी व्यवस्था बताने वाले ग्रंथ को "कल्पसूत्र" कहते हैं । इनमें छोटे छोटे सूत्रों द्वारा शौचसंबंधी, वैदिकसंबंधी, यज्ञसंबंधी, व्यवस्था दर्शाई गई है) अतः गद्यमंत्र में श्री 'कृष्ण' पद के द्वारा भक्तों के सहित भगवान में ही निवेदन करना कहा गया हैं । इस कारण गद्यमंत्र में भी व्रजगोपिकाओं से युक्त भगवान में ही निवेदन है । और भी सदानंद भगवान "वह भगवान निश्चित् ही रसरूप हैं (वै. ३०/२/७)" इस श्रुति के द्वारा रसात्मक सिद्ध होते हैं और रस तो किसी न किसी के आलंबन भाव की अपेक्षा रखता ही है, इस कारण से भी वे व्रजगोपिकाओं/व्रजभक्तों से युक्त भगवान हैं अतः यहाँ विरोध की गंध भी नहीं हैं । (टीकाकार ने उपयुक्त श्रुति द्वारा भगवान को रसात्मक

सिद्ध किया है । इसके पश्चात् वे कहते हैं कि रस की पहली शर्त यही है कि वह किसी न किसी के आलंबनभाव के बिना टिक नहीं सकता। ठीक इसी प्रकार भगवान भी यदि रसरूप हैं तो व्रजभक्तों के आलंबनभाव के कारण ही हैं । व्रजभक्तों के बिना उनकी रसरूपता सिद्ध ही नहीं हो सकती है । अतः इससे भी सिद्ध होता है कि पुष्टिप्रभु भक्तयुक्त-भगवान हैं, यह अर्थ है।)

कदाचिल्लोकभयाद्युपस्थितौ तन्निवारणाय जीवस्वभाववशादन्यविनियोगेपि तथेत्याहुः विनियोगेपीति । प्रमादात्तथासम्भवेपि प्रभुर्न त्यक्ष्यति । यतस्तत्स्वभाववशात्तथाभूतमप्युद्धर्तुं तत्साधनानपेक्षः ॥ ५ ॥

ननु सत्यमेवम्, तथापि स्वस्य कदाचित् कथञ्चिदन्यविनियोगे जाते तस्माद्विरुद्धकार्यादङ्गीकारे सन्देहो भवत्येवेति तद्रूपा सा कथं त्यक्तुं शक्येत्याकाङ्क्षायां तत्रोपायं वदन्तीत्याशयेनोत्तरार्धमवतारयन्ति **कदाचिदित्यादि । न तथेति।** न कार्या । व्याकुर्वन्ति **प्रमादादित्यादि । तत्स्वभाववशात्तथाभूतमिति ।** जीवस्वभाववशात् कदाचित् बहिर्मुखम् । तथा च तादृशस्य कदाचिदनन्यभजनाभावेनैवं बाहिर्मुख्ये तस्य जुगुप्सा तूत्पद्यत एवेति तेन कार्येण सप्रतिबन्धकमङ्गीकारमनुमाय 'हराम्यघं यत्स्मर्तॄणां हविर्भागं क्रतुष्वहम् । वर्णश्च मे हरिश्चेष्टस्तस्माद्धरिरहं स्मृत' इति भारते भगवद्वचनात्, भगवतः स्वीयाघनिवर्तकत्वमनुसन्धाय अपराधिनां बकीबकादीनामप्यनुग्राहकत्वेन जीवकृतसाधनानपेक्षत्वं चानुसन्धाय सा त्याज्येत्यर्थः । एतेनैतादृशदीनभावोत्पत्तिरङ्गीकार-लक्षणमित्युक्तम् ॥ ५ ॥

चलिए मान लें कि ऐसा ही है और जीव कोई चिन्ता न करे परंतु कदाचित् निवेदन करने के पश्चात् यदि स्वयं का विनियोग प्रभु के अतिरिक्त अन्यत्र हो जाय, जो निवेदन की मर्यादा के विरुद्ध है तो ऐसे में 'प्रभु ने हमें अंगीकार किया या नहीं ?' ऐसा संदेह तो होता ही है । तो ऐसी चिन्ता त्यागनी कैसे संभव है ? यह शंका होने पर उसका उपाय कहने के आशय से प्रभुचरण श्लोक की दूसरी पंक्ति का विवरण 'कदाचित्' शब्द से लेकर 'न तथा' तक की पंक्ति द्वारा कर रहे हैं । वे कहते हैं कि ऐसी चिन्ता नहीं करनी चाहिए । अब 'प्रमादात्' शब्द से लेकर 'भूतम्' तक की पंक्ति की व्याख्या कर रहे हैं । जीव के स्वभाववश कभी बहिर्मुखता हो जाती है । और उस बहिर्मुख हुए जीव को भगवान का अनन्ययतापूर्वक भजन प्राप्त न होने के कारण उस बहिर्मुखता से आत्मग्लानि तो उत्पन्न होती ही है । अतः महाभारत में कहे "मैं स्मरण करने वालों के पाप हरण करता हूँ, यज्ञों में दी गई आहुति का हरण करता हूँ अतएव मेरा नाम 'हरि' है" इस वाक्य के द्वारा-भगवान प्रतिबंधकों के सहित जीव को अंगीकार करते हैं - यह अनुमान लगाकर चिन्ता त्याग देनी चाहिए । और, "भगवान स्वीयजनों के पापों के निवर्तक हैं" ऐसा अनुसंधान करके एवं चूँकि भगवान ने पूतना एवं बकासुर जैसे अपराधियों पर भी कृपा की थी अतः भगवान जीव के साधनों की अपेक्षा नहीं रखते हैं, यह अनुसंधान रखकर चिन्ता त्याग देनी चाहिए, यह अर्थ है । इससे यह सिद्ध हुआ कि हृदय में ऐसा दीनभाव उत्पन्न होना ही अंगीकार का लक्षण है, यह कहा है ॥५॥

अङ्गीकारे लक्षणान्तरमप्याहुः **लोक इति ।**

लोके स्वास्थ्यं तथा वेदे हरिस्तु न करिष्यति ।
पुष्टिमार्गस्थितो यस्मात् साक्षिणो भवताखिलाः ॥ ६ ॥

कदाचित् प्रवाहवशाल्लौकिके वाणिज्यादौ, वैदिके आश्रमधर्मादौ वा स्थितौ तत्र विघ्न एव भवति, न तु तत्फलमित्यर्थः । तत्र हेतुः **पुष्टीति।** तद्विनापि स्वबलेनैव सर्वकर्ता यत इति भावः । पुष्टिमार्गाङ्गीकारे मर्यादां न सहत इति ज्ञेयम् । एवं सति किं कार्यमित्याकाङ्क्षायामाहुः, साक्षिवत् तत्कृतं पश्यत ॥ ६ ॥

एतदाढ्यर्थमन्यदपि वदन्तीत्याशयेनाग्रिममवतारयन्ति **अङ्गीकार इत्यादि** । व्याकुर्वन्ति **कदाचिदित्यादि** । अत्र च 'त्रैवर्गिकायासे'ति पूर्वोक्तं षष्ठस्कन्धवाक्यमेव बीजत्वेन ज्ञेयम्, पुष्टिप्रकरणस्थत्वात् । तथाच यथा वृत्रस्य तादृशसङ्कष्टोपस्थितावपि भगवत्प्रसादानुमितिरेव जाता, तथास्यापि लौकिकवैदिकास्वास्थ्योपस्थितौ यद्भगवत्प्रसादानु-सन्धानम्, तदप्यङ्गीकारलक्षणम् । एतादृशबोधवन्तं प्रत्युपदिशन्ति **साक्षिण इत्यादि** । तद् व्याकुर्वन्ति **साक्षिवत् तत्कृतं पश्यतेति** । तथा च 'ज्ञातयः पितरौ पुत्रा भ्रातरः सुहृदोऽपरे । यद्ददन्ति यदिच्छन्ति चानुमोदेत निर्मम' इति सप्तमस्कन्धस्थभगवदीयगृह-स्थप्रकरणस्थवाक्यात् पूर्वोक्तरीत्या

---

१. न तथेति पाठः । २. बाहिर्मुख्यम् ३. उत्पत्स्यत इति ।

एतदाचार्यवाक्येन लौकिके वैदिके साक्षिवत् भगवत्कृतित्वदर्शनं यत्तदपि तल्लक्षणमित्यर्थः ॥ ६ ॥

इसी पक्ष को दृढ़ करने के आशय से प्रभुचरण अग्रिम श्लोक की व्याख्या 'अंगीकार' इत्यादि शब्दों से आरंभ कर रहे हैं । अब 'कदाचित्' इत्यादि शब्दों की व्याख्या करते हैं । प्रभुचरणों ने जो यहाँ 'कदाचित्' से लेकर 'अर्थः' तक की पंक्ति में जो विघ्नवाली बात कही है, उसका कारण तो उन्हीं के द्वारा पूर्व में कहा "भगवान अपने भक्त के धर्म-अर्थ-काम संबंधी प्रयासों को निष्फल कर देते हैं (श्री.भा. ६/११/२३)" ये षष्ठस्कंध का वाक्य ही जानना चाहिए क्योंकि यह वाक्य पुष्टि के प्रकरण में कहा गया है । जैसे वृत्रासुर को संकट की ऐसी परिस्थिति होने पर भी भगवान की कृपा का ही अनुसंधान हुआ, वैसे ही यहाँ इस जीव को लौकिकवैदिक असफलता से दुःख प्राप्त होने पर भी जब भगवत्कृपा का ही अनुसंधान होता है, तो वह भी भगवान द्वारा अंगीकार किए जाने का ही लक्षण है । ऐसे विवेकी जीव के प्रति ही आचार्यचरणों ने साक्षिणः शब्दों द्वारा उपदेश किया है । प्रभुचरणों ने भी इसी का 'साक्षिवत् तत्कृतं पश्यत' इत्यादि शब्दों से किया है । और भी, "माता-पिता, भाई-बन्धु, पुत्र-मित्र, और जातिबंधु चाहे जो कहें या चाहें, उनमें ममतारहित होकर उन्हें प्रसन्न रखना चाहिए (श्री.भा. ७/१४/६)" इस सप्तम-स्कंध में कहे 'भगवदीय गृहस्थ प्रकरण' के इस वाक्य के अनुसार, पूर्व में कही रीति द्वारा इन आचार्यवचनों द्वारा लौकिकवैदिक में केवल साक्षिवत् भगवत्कृतियों को देखते रहना भी अंगीकार का लक्षण है ॥६॥

सेवाकृतिर्गुरोराज्ञा बाधनं वा हरीच्छया ।
अतः सेवापरं चित्तं विधाय स्थीयतां सुखम् ॥ ७ ॥

सेवाकृतिरिति । गुर्वाज्ञाया अबाधनं यथा भवति, तथा सेवाकृतिः पूर्वमपेक्षिता । एवं वर्तमानानां कदाचिद् विशेषतो भगवदाज्ञा चेत्, गुर्वाज्ञा विरुद्धा भवेत्, तदा तथा कार्यमित्याशयेनाहुः बाधनं वा हरीच्छया । विकल्पेनाबाधनमित्यर्थः । एवं सति गुर्वाज्ञाया अबाधने बाधने वा सेवैव मुख्या यतोऽतस्तथैव स्थेयमित्याहुः अत इति ।

नन्वत्रास्वास्थ्येपि साक्षिवत्कृतिदर्शनोपदेशेन त्रिदुःखसहनरूपं धैर्यमेव साधनत्वेनोक्तं भवति, ततश्च तावन्मात्रस्य कर्तव्यत्वे सेवायाः सम्यगसम्भवान्निवेदनवैयर्थ्यं तु स्यादेवेति प्रकारान्तरेण धर्महानिचिन्ताप्राप्तौ तन्निवृत्त्यर्थमुपदिशन्तीत्याशयेनाग्रिममवतारयन्ति एवं सतीत्यादि । व्याकुर्वन्ति गुर्वाज्ञाया इत्यादि । तथा कार्यमिति । बाधनं कार्यम् । तथा च 'यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरा'विति श्वेताश्वतरश्रुते 'नैवोऽपयन्त्यपचितिं कवयस्तवेश ब्रह्मादयोऽपि कृतमृद्धमुदः स्मरन्तः । योऽन्तर्बहिस्तनुभृतामशुभं विधुन्वन्नाचार्यचैत्यवपुषा स्वगतिं व्यनक्ती'त्येकादशवाक्यादिभ्यश्च गुरुरेव मुख्य इति । गुर्वाज्ञाबाधनाभावपूर्वकं सेवाकृतिरात्मनिवेदिधर्मः स यादृशेन साक्षिवत् तत्कृतिदर्शनेन न विघटितो भवति, तादृशतया साक्षिवत् स्यातव्यम्, न तु सेवाविरुद्धतया । तेन लौकिके विषये साक्षिवत् स्येयम्, न तु सेवाविषये इति सिध्यति । तत्रापि हरीच्छा विचार्या, अबाधने बाधने वा सास्तीति ।

परंतु यहाँ एक शंका यह होती है कि, यहाँ लोकवेद में असफलता प्राप्त होने पर भी साक्षि की भाँति केवल भगवल्लीला को देखते रहने का उपदेश ऐसा लगता है मानो तीन प्रकार के दुःखों में धैर्य रखने का उपदेश दिया जा रहा हो । अतः यदि केवल धैर्यपूर्वक देखते ही रहें तो भगवत्सेवा भलीभाँति से हो नहीं पायेगी और निवेदन व्यर्थ चला जायेगा । अतः इस दूसरे प्रकार से होती धर्महानि की चिन्ता होने पर उसकी निवृत्ति के लिए प्रभुचरणों ने अग्रिम श्लोक का आरंभ 'एवं सति' इत्यादि शब्दों से किया है । इसी को वे 'गुर्वाज्ञाया' से लेकर 'तथा कार्यम्' की पंक्ति में व्यख्यायित कर रहे हैं । अर्थात् विशेष भगवद्-आज्ञा होने पर गुरु-आज्ञा को बाधित कर देना चाहिए । और, "जिसकी परमात्मा में परम भक्ति है और वैसी ही गुरु में भी है, उसी महात्मा के हृदय में ये उपदेश प्रकाशित होते हैं (श्वेता. ६/२३)" इस श्रुति के द्वारा एवं "हे भगवन् ! आप समस्त प्राणियों के अन्तःकरण में अन्तर्यामी एवं बाहर गुरुरूप से स्थित होकर उनके पाप नष्ट कर देते हैं । बड़े-बड़े ज्ञानी ब्रह्मा की आयु पाकर भी आपका उपकार नहीं चुका सकते अतः वे निरंतर आपका स्मरण करते हैं (श्री.भा. ११/२९/६)" इत्यादि एकादशस्कंध के वाक्यों द्वारा गुरु ही मुख्य हैं । अतः गुरु की आज्ञा बाधित न हो ऐसे प्रकार से सेवा करनी आत्मानेवेदियों का धर्म है । भगवत्कृति को साक्षिवत् देखते रहना चाहिए परंतु भगवत्सेवा त्याग दें, ऐसा नहीं । इससे यह सिद्ध होता है कि लौकिक विषयों में ही साक्षिवत् देखते रहना चाहिए, भगवत्सेवा के विषय में नहीं । तिस पर भी हरि की इच्छा का ही विचार

---

१. बाधनमिति पाठः ।

करना चाहिए क्योंकि गुरु की आज्ञा बाधन करने में या अबाधन करने में भी मूलकारण तो भगवद्-इच्छा ही है ।

एवं सति पर्यवसितं सुखमेवेत्याशयेन सुखमित्युक्तम् ॥ ७ ॥

सा च भगवदनुभावमनुभवतो बुद्धिगोचरो भवति, अन्यस्य तु फलबलकल्प्या । एवं सति यथाधिकारं तां बुद्ध्वा कार्यम् । ततो न स्वधर्महानिरित्यर्थः । एतदेव निगमयितुमुत्तरार्धमित्याशयेनावतारयन्ति **एवं सतीत्यादि** । तथा च यथा राजभोगसमये नेत्रे निमील्य वीजयन्तं बृहद्रामदासं प्रति भगवता श्रीगोवर्धनेश्वरेण साक्षाद्भुञ्जानं मामुन्मील्य पश्येत्याज्ञप्ते, ममाचार्याज्ञा भोगसमये दर्शनविषयिणी नास्तीति नोन्मीलयिष्यामीति तैः प्रत्युक्तम्, तदा भगवान् प्रसन्न आसीत् । सामग्र्यादिविषयिण्यां विशेषाज्ञायां तु साधारण्याचार्याज्ञा बाध्यते, तदा नाप्रसन्नो भवति, तेन सेवाया एव मुख्यत्वम्, अतस्तदनुसारेणैव स्थेयमित्यर्थः । अत्रापि 'परिनिष्ठा तु पूजाया'मिति निवेदिप्रकरणस्थं भगवद्वाक्यमेव बीजत्वेन ज्ञेयम् । सर्वतो नितरां निरवधितया वा स्थितेरेव परिनिष्ठापदार्थत्वादिति ॥ ७ ॥

और, हरि की इच्छा तो भगवद्-अनुभाव का अनुभव करनेवालों को ही दृष्टिगोचर होती है, अन्य तो भक्ति में प्राप्त फल एवं प्रभुसामर्थ्य के बल की कल्पना ही कर सकते हैं । ऐसा होने पर यथाधिकार भगवद्-इच्छा को समझकर कार्य करना चाहिए । इससे स्वधर्म की हानि नहीं होगी, यह अर्थ है । इसी बात को बताने के लिए प्रभुचरणों ने मूलश्लोक की दूसरी पंक्ति का विवरण 'एवं सति' इत्यादि शब्दों से आरंभ किया है । और भी, जैसे वार्ता में उल्लेख है कि राजभोग के समय में नेत्र बंद करके पंखा करते हुए बड़े रामदासजी को भगवान श्रीगोवर्धनेश्वर ने आज्ञा दी कि - नेत्र खोल कर मुझे साक्षात् भोजन करते हुए देखो-तब उन्होंने प्रत्युत्तर दिया कि - आचार्यचरणों ने मुझे भोग के समय दर्शन करने की आज्ञा नहीं दी है अतः मैं नहीं खोलूँगा - तब भगवान प्रसन्न ही हुए । अतः सामग्री आदि के विषय में यदि भगवान की कोई विशेष आज्ञा का पालन करने में आचार्यचरणों की साधारण आज्ञा बाधित हो जाय तो श्रीमहाप्रभु अप्रसन्न नहीं होंगे । अतः सेवा की ही मुख्यता है और उसके अनुसार ही रहना चाहिए, यह अर्थ है । यहाँ भी "मेरी पूजा में निष्ठा रखे (श्री.भा. ११/१९/२०)" इस आत्म-निवेदन के प्रकरण में आए भगवद्-वाक्य को मूल कारण जानना चाहिए । क्योंकि किसी भी विषय में सभी प्रकार से अथवा निरंतर स्थायी रहना ही परिनिष्ठा का द्योतक है ॥ ७ ॥

कदाचित् पुत्रादिवियोगशङ्काजनितदुःखेन चिन्तासम्भवे गतिमाहुः **चित्तोद्वेगमिति** ।

चित्तोद्वेगं विधायापि हरिर्यत्करिष्यति ।
तथैव तस्य लीलेति मत्वा चिन्तां द्रुतं त्यजेत् ॥ ८ ॥

ननु भवत्वेवमल्पदुःखोपस्थितौ साक्षिवत् स्थितिः, महादुःखोपस्थितौ त्वेवं स्थितिरशक्येत्याशङ्कानिवृत्त्यर्थमग्रिमं वदन्तीत्याशयेनाग्रिममवतारयन्ति **कदाचिदित्यादि** । मूलव्याख्यानं तु स्पष्टत्वात् न कृतम्, परं तत्रायं भावः । अवश्यंभाविनो दुःखस्याप्रतीकार्यत्वात्तत्र चित्तसमाधानमेवोपायः । तच्च नानोपायैर्भवति । यथा सप्तमस्कन्धे यमप्रेतसुयज्ञबन्धुसंवादे 'अहो अमीषां वयसाधिकाना'मित्यादिना यमप्रदर्शितलोकगतिज्ञानेन सुयज्ञबन्धूनां जातम्, यथा च षष्ठस्कन्धे 'यथा वस्तूनि पण्यानि हेमादीनि ततस्ततः । पर्यटन्ति नरेष्वेवं जीवा योनिषु कर्तृष्वि'ति जीववाक्याज्जीवस्य सर्वसाधारण्यज्ञानेन चित्रकेतुप्रभृतीनाम् । यथा च 'पित्रोः स किन्नु भार्यायाः स्वामिनोग्नेः श्वगृध्रयोः । किमात्मनः किं सुहृदामिति यो नावसीयत' इति देहस्य सर्वसाधारण्यज्ञानेन पुरूरवसः । एवमन्येपि बोध्याः ।

किंतु यहाँ एक शंका यह होती है कि अल्पदुःख की परिस्थिति में भले ही साक्षिवत् रह लें परंतु किसी महान दुःख की परिस्थिति में तो इस प्रकार से रहना असंभव ही है अतः ऐसी शंका की निवृत्ति के लिए अग्रिम श्लोक की भूमिका 'कदाचित्' इन शब्दों से प्रभुचरण कह रहे हैं । मूलश्लोक तो स्पष्ट ही है अतः उसकी व्याख्या नहीं कर रहा हूँ परंतु उसका भाव यह है कि, अवश्यंभावी दुःख को टाला नहीं जा सकता अतः अपने चित्त का समाधान करना ही उसका उपाय है । और वह समाधान नानाविध उपायों द्वारा किया जाता है । जैसे सप्तमस्कंध में "अरे क्या आश्चर्य है कि ये मुझसे उम्र में बड़े होकर भी जीवनमरण में हर्षशोकाकुल होकर मूर्खता कर रहे हैं (श्री.भा. ७/२/३७)" इत्यादि मृत सुयज्ञ के परिवार एवं यमराज के संवाद के अंतर्गत यम के द्वारा प्रदर्शित लोकगति के ज्ञान से जैसे मृत सुयज्ञ के परिवार जनों के चित्त का समाधान हुआ और जैसे षष्ठस्कंध में "सुवर्ण आदि पदार्थों का संबंध भी मनुष्य के साथ क्षणिक ही होता

---

१. अस्येति पाठः ।

है । जब तक जिस वस्तु से जिसका संबंध रहता है तभी तक उस वस्तु से ममता भी रहती है (श्री.भा. ६/१६/६)" इस वाक्य द्वारा सर्वसाधारण ज्ञान से 'चित्रकेतु' जैसों के चित्त का समाधान हुआ और जैसे "यह शरीर मातापिता का है या पत्नी संपत्ति ? स्वामी के द्वारा मोल ली गई वस्तु है, आग का ईंधन है, या कुत्ते का गिद्धों का भोजन है ? अपना है या सगे-संबंधियों का ? यह बहुत सोचने पर भी निश्चित् नहीं होता (श्री.भा. ११/२६/१९)" इत्यादि वाक्यों से देह के सर्वसाधारण ज्ञान द्वारा जैसे पुरूरवा के चित्त का समाधान हुआ, वैसे ही अन्यों को अपने चित्त का समाधान कर लेना चाहिए ।

ते केपि नात्मनिवेदिनामुपयुज्यन्ते, भगवत्स्मरणोदासीनत्वात्, किन्तु प्रभासीयलीलायां 'नैषां वधोपाय इयानतोन्य' इत्येकादशीयभगवद्विचारानुवादवाक्यात् सा लीला यथा भक्तानां चित्तोद्वेगं विधाय, या कृता लोकमर्यादारक्षणार्थम्, अग्रे तेषां नित्यसुखदानार्थं च, तथा चित्तोद्वेगं विधाय अपिशब्दादविधाय च हरिः स्मर्तृणां प्रारब्धादिरूपाघहारको भगवांस्तद्धरणार्थं यद्यत् शुभत्वेनाशुभत्वेन वा आपाततः प्रतीयमानं करिष्यति, तत्कार्यं साक्षाद्वा केनचित् द्वारेण वा तस्य "अस्मदीश्वरस्यास्मदात्मनो भगवतस्तथैव लीला," अनेन प्रकारेणास्माकं महतोऽघस्य नाशनाय मायिकी लीलेति मत्वा साधकबाधकप्रमाणैरनुचिन्त्य चिन्तां उद्वेगजनिकां वा तज्जनितां वा तद्रूपां वा द्रुतं शीघ्रमेव त्यजेत् । तस्याः बहुकालं स्थाने कालकर्मस्वभावानां प्रबलत्वेन तया असुरप्रवेशरूपमहोपद्रवसम्भवेन मुख्यफलप्रतिबन्धो वा विलम्बो वा स्यात्, अतो मंहु त्यजेदिति भावः ॥ ८ ॥

परंतु इन सभी की तुलना आत्मनिवेदियों के संग नहीं की जा सकती क्योंकि उपर बताए गये ये सभी लौकिकशोक से दुःखी हो रहे हैं एवं भगवत्स्मरण में उदासीन हैं । किंतु प्रभासक्षेत्र में की कई प्रभु की लीला के अंतर्गत "इसके अतिरिक्त इनके नाश का और कोई उपाय नहीं है (श्री.भा. ३/३/१५)" इस वाक्य के द्वारा भगवान ने भक्तों के चित्त में उद्वेग उत्पन्न करके जो लीला की वह लोकमर्यादा की रक्षा करने के लिए एवं उन यादवों को (विशेष जानकारी के लिए उपर्युक्त तीसरे स्कंध की कथा अवश्य पढ़ें जहाँ प्रभु ने यादवों का नाश भी उनके ही सुख के लिए किया है) नित्यसुख देने के लिए की है । और, इस प्रकार प्रभु चित्त में उद्वेग उत्पन्न करें या न भी करें, क्योंकि विधाय शब्द में 'अपि' शब्द जुड़ा हुआ है अतः अर्थ यह निकलता है कि भगवान उद्वेग उत्पन्न करें या न भी करें; किसी भी परिस्थिति में स्मरण करने वालों के भाग्य-आदि जैसे दुःखों को हरने वाले भगवान-हरि उन दुःखों को हरने के लिए आकस्मिक या दृश्यमान कार्य, शुभ-अशुभ जो कुछ करेंगे वह साक्षात करें या किसी के द्वारा; यह तो उनकी लीला है यह मानकर एवं "यह हमारे आत्मारूप ईश्वर भगवान की ऐसी ही लीला है" इस प्रकार से एवं "हमारे महान पापों का नाश करने के लिए यह उनकी मायिकी लीला है" यह मानकर साधक और बाधक प्रमाणों का विचार करके उद्वेग को उत्पन्न करनेवाली चिंता हो अथवा उद्वेग से उत्पन्न होने वाली चिंता हो अथवा तो उद्वेगरूप हो, सभी चिंताएँ शीघ्र त्याग देनी चाहिए । यदि चिन्ता बहुत समय तक रह जाय तो काल-कर्म-स्वभाव के प्रबल होने के कारण चिन्ता के द्वारा आसुरीभाव प्रविष्ट हो जायेगा और बड़ी समस्याएँ उत्पन्न हो जाएँगी । इससे मुख्यफल में या तो प्रतिबंध होगा या फिर विलंब हो जायेगा अतः चिन्ता शीघ्र ही त्याग देनी चाहिए, यह भाव है ॥ ८ ॥

नन्विदमखिलमशक्यमिव भाति । तथाहि । श्रवणमारभ्य सख्यपर्यन्तागतौ हि पश्चान्निवेदनवार्ता । तत्र प्रत्येकं तदेव दुरापमिति दूरतरा निवेदनदिगपि ।

एवमत्र पुष्टिमार्गस्थस्य पूर्वं सेवोपकरणकरणकर्तृनिवेदनविषयकचिन्तानिवृत्त्युपायत्वेन स स विचार उपदिष्टः, ततः सेवाकृत्यविरुद्धतया साक्षिवत् स्थित्युपदेशेन सेवायां स्थितेश्चोपदेशेन वैराग्यरागौ विषयभेदेन व्यवस्थापितौ । चित्तोद्वेगे च लीलाविचार उपदिष्टः, तदिदानीं सर्वमशक्यम्, कालादिकृतगुणक्षोभेण चित्तस्थैर्यस्य दुर्घटत्वात्, अतोऽयमुपदेशोनुपदेश एवेत्याशङ्क्य कृपया तत्सिद्ध्यर्थमुपायमधुनोपदिशन्तीत्याशयेनाग्रिममवतारयन्ति नन्विदमित्यादि । तदेव दुरापमिति । श्रवणं हि भगवद्वाचकपदवाक्यानां गुरुमुखाच्छक्तितात्पर्यनिर्धारः । तत्पूर्वकमन्यस्याग्रे कथनं कीर्तनम् । तेषामर्थानुसन्धानं स्मरणम् । तदिदानीं सर्वतद्विदो गुरोर्दौर्लभ्येन श्रवणस्य दुरापत्वे कीर्तनस्मरणयोरपि तथात्वम् । तदभावे भगवत्स्वरूपज्ञानाभावात् पादसेवनादीनामपि भगवद्विषयत्वाभावात्तथात्वम् । एवं कालादिभिः प्रतिबन्धकैः प्रत्येकमपि द्रष्टव्यम् ।

इस प्रकार यहाँ पुष्टिमार्गीय जीव को भगवत्सेवा में उपयोगी साधनों को जुटाने की चिंता, उसके द्वारा किए गए निवेदन-विषयक चिन्ताओं की निवृत्ति के उपाय रूप में उपर्युक्त विचार उपदिष्ट कर दिए गये; इसके पश्चात् सेवाकृति से विरुद्ध न जाते हुए साक्षिवत् रहने के उपदेश से सेवा में रहने का प्रकार उपदिष्ट किया गया और 'वैराग्य' एवं 'राग' के विषयभेद से व्यवस्था बताई गई । (अर्थात्

लौकिकविषयों में वैराग्य रखते हुए साक्षिवत् देखते रहना चाहिए एवं अलौकिक विषयों में राग अर्थात् स्नेह रखना चाहिए । अलौकिक विषयों में साक्षिवत् देखते रहने का उपदेश नहीं है ।) और चित्त में उद्वेग होने पर प्रभु-लीला का अनुसंधान रखना उपदिष्ट किया गया। परंतु ये सभी उपदेश वर्तमान में पालन करने कठिन हैं । क्योंकि काल-आदि के द्वारा जीव में सत्व-रज-तम इत्यादि प्राकृत गुणों के द्वारा व्यवधान उत्पन्न हो जाने से चित्त की स्थिरता ही बड़ी कठिन है । अतः यह उपदेश, उपदेश ही नहीं है, ऐसी आशंका होने पर प्रभुचरण कृपापूर्वक अब इसका उपाय अग्रिम श्लोक के विवरण में 'नन्विदम्' इत्यादि शब्दों से लेकर 'दुरापम्' इस शब्द तक की पंक्ति से आरंभ कर रहे हैं । इस पंक्ति से यह समझना चाहिए कि, भगवान को बताने वाले पदवाक्यों का तात्पर्य गुरुमुख से समझना 'श्रवण' है । श्रवण के संग-संग भगवद्-गुणों को किसी दूसरे के आगे कहना 'कीर्तन' है । उन वाक्यों का निरंतर अनुसंधान करना 'स्मरण' है । परंतु ऐसे सर्वज्ञ गुरु वर्तमान में प्राप्त होने दुर्लभ होने के कारण श्रवण प्राप्त होना भी दुर्लभ है और कीर्तन-स्मरण भी। इन सबके अभाव में भगवत्स्वरूप ज्ञान होना संभव नहीं है और अन्य दूसरी 'पादसेवनं' इत्यादि भक्ति भी भगवत्स्वरूप का ज्ञान न होने से दुर्लभ हैं । इस प्रकार कालादि का प्रतिबंध होने के कारण प्रत्येक भक्ति दुर्लभ हैं, यह जान लेना चाहिए ।

अतस्तत्कृतचिन्तान्यवियोगचिन्तादिसमाहितिर्निरर्थेति विचार्य साधनफले एकीकृत्य सर्वसमाधानमाहुः तस्मादिति ।

साधनफले एकीकृत्य सर्वसमाधानमाहुरिति । साधनं श्रवणाद्यष्टकम् । फलमात्मनिवेदनम् । ते उभे एकीकृत्य स्वासाध्यत्वेन तस्यां कोटौ निक्षिप्य पूर्वोक्तस्य सर्वस्य सुसाध्यत्वं यथा भवति, तादृशं तत्सम्बन्धिसमाधानमाहुरित्यर्थः । समाधानं व्याकुर्वन्तः शरणागतेः समाधायकत्वे बीजमाहुः यस्मादित्यादि । भक्तिमार्गे प्रवेशो तत्र रुच्यादौ चानुग्रह एव हेतुरिति वरणश्रुत्या भक्तिहेतुनिर्णये व्युत्पादितम् । तस्मिन् सति यदा सेवाप्रतिबन्धसम्भवः, तदा प्रारब्धकालस्वभावानामेव हेतुत्वम् । तन्निवृत्तिस्तत्सर्वनियामकेन प्रभुणैव भवति, नान्यतः । तत्र च शरणागतिरेव साधनम् । 'सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज । अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः'इति भगवद्वाक्यात् । 'देवर्षिभूताप्तनृणां पितृणां न किंकरो नायमृणी च राजन् । सर्वात्मना यः शरणं शरण्यं गतो मुकुन्दं परिहृत्य कृत्य'मित्येकादशस्कन्धे करभाजनवाक्याच्च भगवतः शरण्यता ।

अब "साधनफले एकीकृत्य सर्वसमधानमाहुः" इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । यहाँ श्रवण-आदि आठ प्रकार की भक्ति तो 'साधन' हैं एवं आत्मनिवेदन 'फल' है । जीव के लिए ये सभी असाध्य हैं अतः साधन एवं फल इन दोनों को एक करके इन्हें अशक्य कोटि में रखते हुए पहले कहे गये समस्त उपदेश जिस प्रकार से सुसाध्य बन जाएँ, वैसा समाधान अब प्रभुचरण कह रहे हैं, यह अर्थ है । उस समाधान की व्याख्या करते हुए 'शरणागति' से किस प्रकार समाधान हो जायेगा ? इसका हेतु प्रभुचरण 'यस्मात्' इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । भक्तिमार्ग में प्रवेश प्राप्त होना एवं उसमें रुचि-आदि होना, इन सब में मूलकारण भगवद्-अनुग्रह ही है, यह बात भक्तिहेतुनिर्णय ग्रंथ में वरणश्रुति द्वारा (अर्थात् यमेवैष वृणुते (कठो. १/२/२३) व्युत्पादित की गई है । भक्तिमार्ग में प्रवेश होने पर जब सेवा में प्रतिबंध होता हो, तब उस प्रतिबंध में प्रारब्ध, काल और स्वभाव ही मूल कारण है । इनकी निवृत्ति तो इन सभी के नियामक प्रभु द्वारा ही होती है, अन्य किसी के द्वारा नहीं । अतः यहाँ शरणागति ही साधन है । क्योंकि "सभी धर्मों का त्याग करके मात्र मेरी शरण आ जा । मैं तुझे समस्त पापों से मुक्त कर दूँगा, शोक मत कर (भ.गी. १८/६६)" एवं एकादशस्कंध में आए "हे राजन् ! जो मनुष्य कर्म वासनाओं का परित्याग करके शरणागतवत्सल भगवान मुकुंद की शरण में आ गया है वह देवताओं, ऋषियों, पितरों, प्राणियों, कुटुंबियों आदि सबके ऋण से मुक्त हो जाता है (श्री.भा. ११/६/४१)" इस करभाजन के वाक्य द्वारा भगवान ही एकमात्र शरण हैं ।

तस्मात् सर्वात्मना नित्यं श्रीकृष्णः शरणं मम ।
वदद्भिरेवं सततं स्थेयमित्येव मे मतिः ॥ ९ ॥

यस्मादुक्तरीत्या स्वतः सर्वमशक्यमतः सर्वात्मना शरणागतौ प्रभुरेव सम्पादयिष्यतीति हृदयम् । भक्तिमार्गीयान् सर्वानंशान् विचार्य तत्र प्रतिबन्धं स्वाशक्तिं च स चेत् पश्यति, तदा सर्वात्मना तथा भवति । नित्यमिति नैरन्तर्यमुच्यते ।

तस्मादङ्गीकृतस्य जीवस्योक्तरीत्या अशक्तौ शरण्यत्वात् प्रभुरेव सर्वं सम्पादयिष्यतीत्याचार्याणामाशय इत्यर्थः ।

---

१ भगवद्भक्तद्वारा भगवच्चरणगमनं तदनुसन्धानं च साधनम् । फलं भगवदङ्गीकारः । ततो भगवद्भक्तद्वारा भगवच्चरणगतौ भगवता निवेदनस्याङ्गीकारान्नक्तिषु क्रमनियमाभावान्निवेदनसिद्धेस्तत्र चिन्तासाधनानामयुक्तत्वादिति भावः ।

एतेनाष्टमस्कन्धप्रतिपादित आपत्सु हरिसंस्मृतिरिति भगवद्भक्तिसम्पादक आपद्धर्मोपि गजेन्द्रस्येवास्यापि सिध्यतीत्यपि बोध्यम् । नन्वेवं सति प्रथमत एवेदं साधनं कुतो नोपदिष्टमित्यत आहुः भक्तीत्यादि । सर्वात्मना तथा भवतीति । श्रीकृष्णाश्रयोक्तरीत्या सर्वेषां सहकारिणामतयात्वमसहायत्वं च निश्चित्य, विवेकादीनां भक्त्यन्तानां साधनानां स्वासाध्यत्वं च निश्चित्य, दीनभावेन सर्वैः प्रकारैः शरणागतिर्भवति । तथा च प्रागेवोपदेशार्हत्वेपि यदधुना सर्वान्त उपदिष्टम्, तत् सर्वात्मना सर्वैः प्रकारैर्भवनार्थमित्यर्थः ।

अतः अंगीकृत जीव यदि कमी अशक्त हो जाय तब पूर्व में कही रीति से शरणागत होने पर प्रभु ही उसके समस्त कार्य संपादित करेंगे, यह आचार्यचरणों का आशय है - यह अर्थ है । उपर्युक्त वाक्यों के अनुसार यह समझना चाहिए कि जैसे श्रीमद्-भागवत के आठवें स्कंध में बताया गया है कि, आपत्तिकाल में गजेंद्र को जिस प्रकार से उसके पूर्वजन्म की हरिसंस्मृति बनी रही और जिस प्रकार वह आपत्तिकाल उसके लिए भगवद्-भक्ति को सिद्ध करने वाला बन गया और उसे प्रभुप्राप्ति हो गई (देखें श्री.भा. ८/३/१) वैसे ही यहाँ प्रभु के शरणागत जीव को भी प्रभु सभीकुछ सिद्ध करेंगे, यह प्रभुचरण बोधित कर रहे हैं । यहाँ एक शंका यह होती है कि, यदि ऐसा ही है तो सर्वप्रथम शरणागति का ही उपदेश क्यों नहीं दे दिया गया ? पूर्व में दूसरे उपदेशों की क्या आवश्यकता थी ? तो इसका समाधान प्रभुचरण 'भक्ति' शब्द से आरंभ करके 'सर्वात्मना तथा भवति' तक की पंक्ति द्वारा दे रहे हैं । इस पंक्ति का भावार्थ यह है कि 'कृष्णाश्रयग्रंथ' में कही रीति के अनुसार जब जीव यह निश्चय लेता है कि शरणागति के अतिरिक्त कोई भी अन्य साधन उसका सहकारी या सहायक नहीं हैं एवं विवेक-धैर्य- आश्रय आदि से लेकर भक्तिपर्यंत समस्त साधन उसके लिए असाध्य हैं, तब ही वह दीनभाव से सभी प्रकार से शरणागति लेता है, यह अर्थ है । और, यद्यपि इन सभी का उपदेश आरंभदशा में ही दिया जा सकता है परंतु अभी इस समय संपूर्ण उपदेश करने का कारण ही यह है कि, जीव उपर्युक्त समस्त साधनों की विफलताओं का भलीभाँति विचार करके शरणागति की ओर अग्रसर हो ।

अन्यथा कालेनासुरधर्मप्रवेशः स्यात् । अन्तःकरणे तथाभावेऽतथाभावे वा तथा वदनमावश्यकमिति ज्ञापयितुं सततमेवं वदद्भिरित्युक्तम् । एवं सति लोकशिक्षाप्यानुषङ्गिकी सिध्यति । एवमुक्तप्रकारेण सेवापरतया स्थेयमित्यर्थो वा ।

आसुरधर्मप्रवेशः इति । बहिर्मुख्यजनकाहङ्कारोत्पत्तिः । तथा वदनमावश्यकमिति । वाचस्तेजोमयीत्वेन वदनाक्रयं। वैखरीत्वेपि वक्तुः पश्यन्ती प्रकाशयन्त्यन्तःकरणमासुरधर्मात् परावर्तयेदत आवश्यकम् । परोपकारायापि भवेत्, अतश्च तयेति बोधनायाहुः एवं सतीत्यादि । एवं सत्याश्रयस्यैव मुख्यता आयातीति सेवावश्यकत्वबोधकपूर्वग्रन्थविरोध इत्यतः प्रकारान्तरेण व्याकुर्वन्ति एवमुक्तेत्यादि । एवं वदद्भिःसर्वचिन्ताराहित्यपूर्वकं सेवापरतया स्थेयम् । तथा चाङ्गत्वेनैवात्र शरणोपदेशो, न तु मार्गत्वेन, अतो न विरोध इत्यर्थः ।

अब आसुरधर्मप्रवेशः इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । 'आसुरधर्म' का अर्थ है - बहिर्मुखता से उत्पन्न अहंकार का प्रवेश हो जाना अब तथा वदनमावश्यकम् इन शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । (इससे आगे की पंक्तियों का अर्थ समझने से पहले यहाँ वाणी के विषय में कुछ शास्त्रोक्त बातें जान लेनी आवश्यक है । वाणी के चार प्रकार बताए गये हैं । वे हैं - वैखरी, मध्यमा, पश्यन्ती औ परा। संक्षेप में यह समझें कि, मनुष्य अपने विचारों को अपने शब्दों के माध्यम से आकार देता है, तो इसे हम वाणी कहते है । ह जब बोल रहे होते है, तब उस वाणी को वैखरी-वाणी कहा जाता है । यह वाणी शरीर के बाहर प्रकट होती है परंतु शरीर के अंदर प्रक होने वाली वाणी "मध्यमा" एवं "पश्यन्ती" है । "परा" वाणी जीवगत नहीं मानी गई है । यहाँ श्रीपुरुषोत्तमजी "श्रीकृष्णः शरणं मम" बोलने के विषय में वाणी की महत्ता समझा रहे हैं) वाणी का स्वरूप तेजोमयी है और बोलने की प्रक्रिया में भले ही वह वैखरी बन जा तथापि शरीर के भीतर रहने वाली पश्यन्ती-वाणी जीव के अन्तःकरण को प्रकाशित करती है और अन्तःकरण को आसुरधर्म से हटा देत है । अतः "श्रीकृष्णः शरण मम" बोलना आवश्यक है । इस अष्टाक्षर महामंत्र को बोलते रहने से वह अन्य दूसरे जीवों के लिए भी परोपकार सिद्ध होगा, इस कारण प्रभुचरण इस बात को एवं सति इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । किंतु इस परिस्थिति में 'आश्रय' की ही मुख्यत सिद्ध हो जाती है और सेवा को आवश्यक बताने वाले पूर्वग्रंथ 'सिद्धांतरहस्य' से इसका विरोध हो जाता है अतः इसी भाव को प्रभुचरण दूसरे प्रकार से 'एवमुक्त्या' इत्यादि शब्दों से विस्तारित कर रहे हैं । इस पंक्ति का अर्थ यह है कि, इस प्रकार 'अष्टाक्षर' बोलते हुए समस्त चिंताओं से रहित रहते हुए भगवत् सेवापर होकर रहना चाहिए । और इस शरणागति का उपदेश भी सेवा के अंगभूतकार्य के अर्थ में है

पृथकमार्ग के रूप में नहीं अतः विरोध नहीं है, यह अर्थ है ।

नन्विदमपि न स्वशक्यमित्याशङ्क्य 'यमेवैष वृणुत' इति श्रुतेर्मे मतिरित्येव, एवंप्रकारिकैवेत्यर्थः ।

स्वमत्या निष्कर्षकथनस्य तात्पर्यमाहुः नन्वित्यादि । इदं सर्वात्मना शरणगमनमपि न स्वशक्यम्, 'सोहं तवाङ्घ्र्युपगतोस्म्यसतां दुराप'मित्यक्रूरस्तुतौ तथा सिद्धत्वादित्याशङ्क्य 'यमेवैष वृणुत' इति वरणलभ्यत्वबोधकश्रुतेर्मे मतिरेवंप्रकारिकैव । भगवता यदानुगृह्यते, तदैव सर्वात्मना शरणागतिर्भवति, नान्यथा । 'तच्चाप्यहं भगवदनुग्रहमीश मन्ये पुंसो भवेद्यर्हि संसरणापवर्गः । त्वय्यब्जनाभ सदुपासनया मतिः स्या'दिति तत्रैव वाक्यशेषात् ।

श्रीमदाचार्याचरणों को स्वमति से कहे इस निष्कर्षवाक्य का तात्पर्य प्रभुचरण 'नन्विदम्' इत्यादि शब्दों द्वारा समझा रहे हैं । इस पंक्ति का भावार्थ यह है कि, सभी प्रकार से ऐसी शरणागति करनी भी जीव के लिए शक्य नहीं है अतः "दुष्टों के लिए दुर्लभ ऐसी आपके चरणकमलों की छत्रछाया में मैं आपकी कृपा के कारण ही आया हूँ (श्री.भा. १०/४०/२८)" इन वाक्यों में अक्रूरजी द्वारा भगवान की स्तुति के द्वारा शरणागति की दुर्लभता सिद्ध है । इस कारण "जिसको यह परमात्मा स्वीकार कर लेता है उसी को प्राप्त होता है (कठो १/२/२३)" इस भगवद्-वरण को बताने वाली श्रुति के अनुसार श्रीमदाचार्य कह रहे हैं कि, 'मेरी मति तो यही है कि भगवद्-अनुग्रह के बिना शरणागति भी संभव नहीं है ।' अर्थात् जब भगवान अनुग्रह करते हैं तब ही सभी प्रकार से शरणागति हो सकती है, अन्यथा नहीं । क्योंकि उपर्युक्त अक्रूरजी के स्तुतिवाक्य के पश्चात् के "इस शरणागति को मैं आपकी ही कृपा मानता हूँ । क्योंकि "हे पद्मनाभ ! जब जीव के संसार से मुक्त होने का समय आता है, तब चित्तवृत्ति आप में ही लगती है (श्री.भा. १०/४०/२८)" यह वाक्य हैं ।

तथा चास्मिन् मार्गे कृपैव साधनम्, अतः श्रुत्यनुसारेण मार्गप्रवेशतद्रुच्यादिना वरणमनुमाय मदीयैरेवमेव कर्तव्यं वक्तव्यं च । यदि च न तन्निर्वाहः, तदा प्रतिबन्धकमनुमेयम् । भगवच्छास्त्रे एतदतिरिक्तस्य दृढस्य सर्वप्रतिनिधिभूतस्य साधनान्तरस्याभावात् । गीतायामन्ते एतस्यैव शोकाभावार्थमुपदेशेन तथा निश्चयात् । एतद्वाक्यान्तःस्थस्य श्रीकृष्णपदस्य भक्तसहितपुरुषोत्तमवाचकतायाः सुप्रसिद्धत्वेन मम स एव शरणमिति तस्मिन् स्वरक्षकत्वबोधनेन वाक्यतात्पर्यस्य तत्रैव निधरि गुरुमुखाद्वृत्ते श्रवणस्य तत्पूर्वकाणामन्येषां च स्वरूपफलयोस्तत एव सुखेन सिद्धेरिति ॥ ९ ॥

इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि इस मार्ग में भगवद्-कृपा ही साधन है अतः उपर्युक्त कठोपनिषद् की श्रुति के आधार पर पुष्टिभक्तिमार्ग में अपना प्रवेश होने के द्वारा एवं इस मार्ग में हमारी 'रुचि' को देखकर यह अनुमान लगाना चाहिए कि, प्रभु ने हमारा वरण कर लिया है । ऐसा अनुमान करके मेरे स्वीयजनों को उपर्युक्त उपदेशों के अनुसार ही करना चाहिए एवं अष्टाक्षर बोलते रहना चाहिए - यह श्रीमदाचार्यचरणों का कथन है । यदि तब भी निर्वाह न हो एवं असफलता हाथ लगे तब भगवान प्रतिबंध कर रहे हैं, ऐसा अनुमान लगाना चाहिए । क्योंकि पुष्टिभक्तिमार्ग में शरणागति के साधन के अतिरिक्त अन्य दूसरे किसी दृढ़ साधन के लिए अवकाश नहीं है। गीता के अंत में भी शोकरहित होने के लिए शरणागति का ही उपदेश है (देखें सर्वधर्मान् (भा.गी. १८/६०) । अतः यह निश्चित् है । मूलश्लोक में 'श्रीकृष्ण' पद भक्तसहित पुरुषोत्तम के वाचक के अर्थ में सुप्रसिद्ध है अतः 'वे ही मेरी शरण हैं' इस प्रकार के अर्थ द्वारा "ऐसे भक्तसहित पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण ही मेरे रक्षक हैं " इस प्रकार का तात्पर्य जब गुरुमुख से प्राप्त हो जाता है, तब ऐसे श्रवण एवं अन्य नवधाभक्ति के अंगों का स्वरूप एवं फल भी शरणागति द्वारा ही सुखपूर्वक सिद्ध होता है ॥ ९ ॥

भक्तिमार्गे प्रवृत्तस्य दार्ढ्यार्थमिदमुच्यते ।
अन्यस्य सूर्य इव तद्विमुखस्यात्र नार्थिता ॥ १ ॥
भक्तिमार्गसुधासिन्धोर्विचारमथनैः स्वयम् ।
स्फुटीकृतानि रत्नानि श्रीमदाचार्यपण्डितैः ॥ २ ॥
मयोज्ज्वलीकृतानीत्थं हृदि धृत्वा व्रजाधिपम् ।
भजन्तु भक्ता येनासौ न विमुञ्चति कर्हिचित् ॥ ३ ॥
इति श्रीश्रीविट्ठलदीक्षितविरचितो नवरत्नप्रकाशः समाप्तः ।

एवं सर्वं व्याख्याय ग्रन्थकरणस्यान्ते शरणमंत्रावृत्तिकथनस्य च प्रयोजनमाहुः भक्तिमार्ग इत्यादि । भगवत्कृपया यो भक्तिमार्गे स्वकृतार्थत्वाय प्रवृत्तः, तस्य दार्ढ्यार्थं तदुक्तरीत्या फलावश्यंभावनिश्चयेन प्रवृत्त्यविघातार्थं इदं नवरत्नं शरणमंत्रावर्तनं चोच्यत आचार्यैरुपदिश्यते । तस्यैवोद्वेगनिवर्तनस्य प्रभूणामनन्यजनवत्सलतयावश्यकत्वात्, न तु साधारणार्थम्, तत्र हेतुः अन्यस्येत्यादि । तद्विमुखस्येति । भक्तिमार्गाद्बहिर्मुखस्य । अत्रेति । चिन्तानिवृत्त्युपायबोधकेस्मिन् ग्रन्थे । शरणमन्त्रावर्तने च । तथा चार्थित्वस्य अधिकारिविशेषणत्वाद्विमुखस्य चार्थित्वाभावेनाधिकाराभावात्तदर्थं नोच्यत इत्यर्थः । एतस्य ग्रन्थस्य भगवत्सिद्धान्तसारत्वबोधनायाहुः भक्तीत्यादि ।

इस प्रकार सभी विषयों का व्याख्यान करके ग्रंथ के अंत में शरणमंत्र की आवृत्ति (अर्थात् बारबार अष्टाक्षर लेते रहना) कहने का प्रयोजन प्रभुचरण 'भक्तिमार्ग' इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । इस श्लोक का अर्थ यह है कि, भगवत्कृपा से स्वयं को कृतार्थ करने के लिए जो इस भक्तिमार्ग में प्रवृत्त हुआ है, उसकी दृढ़ता के लिए एवं भक्तिमार्ग कही रीति से फलप्राप्ति अवश्य है ही अतः उसकी प्रवृत्ति भंग न हो जाय इसके लिए इस 'नवरत्नग्रंथ' एवं 'शरणमंत्र' के आवर्तन का उपदेश आचार्यचरण कर रहे हैं । और चूँकि भगवान अनन्यजनवत्सल हैं अतः उस जीव के उद्वेग की निवृत्ति उनके लिए आवश्यक है । किंतु यह निवृत्ति केवल अनन्यजनों के लिए है, साधारण जीवों के लिए नहीं अतः प्रभुचरणों ने 'अन्यस्य' शब्दों से लेकर 'तद्विमुखस्य' शब्द तक कहा है। तद्विमुखस्य शब्द का अर्थ है - भक्तिमार्ग से विमुख। अत्र शब्द का अर्थ है - चिन्तानिवृत्ति के उपायों का बोध कराने वाले इस 'नवरत्नग्रंथ' में एवं शरणमंत्र का आवर्तन करने में भक्तिमार्ग से विमुख वे साधारण जीव अधिकारी नहीं हैं । और, दूसरा अर्थ यह भी है कि प्रभुचरणों ने यहाँ अर्थिता पद प्रयुक्त किया है, जिससे यहाँ किसी विशेष अधिकारी का बोध हो रहा है । अतः यदि उस जीव में भगवत्प्राप्ति की चाहना नहीं है तो वह अधिकारी नहीं है अतः ऐसे अनधिकारियों के लिए ये उपदेश नहीं है, यह अर्थ है । इस ग्रंथ के अंतर्गत भगवद्-सिद्धांत का सार बताने के लिए प्रभुचरणों ने 'भक्ति' इत्यादि शब्दों से लेकर 'श्रीमदाचार्यपंडितैः' तक की पंक्ति द्वारा कहा है ।

श्रीमदाचार्यपण्डितैरिति । मयूरव्यंसकादिसमासः । पण्डितत्वं च न केवलं सदसद्विवेचकबुद्धिमत्त्वम्, शास्त्रोत्थबुद्धिमत्त्वं वा । किन्तु 'पण्डितो बन्धमोक्षवि'दित्येकादशे भगवद्वाक्यात्, 'यस्य सर्वे समारम्भाः कामसङ्कल्पवर्जिताः । ज्ञानाग्निदग्धकर्माणं तमाहुः पण्डितं बुधा'इति गीतायां भगवद्वाक्याच्च तादृशधर्मवत्त्वं विवक्षितम्, अन्यथा भक्तिमार्गविचारस्यासम्भवात् । 'भगवान् ब्रह्म कात्स्न्र्येने'ति द्वितीयस्कन्धवाक्येन भक्तिमार्गस्य सर्वश्रुतिसारत्वनिश्चयादिति । स्वकृतविवरणप्रयोजनमाहुः मयेत्यादि । तथा चैतदर्थं विवरणमित्यर्थः ॥ १० ॥

'श्रीमदाचार्यपंडित' शब्द में मयूरव्यंसक वर्ग का समास है । केवल सद्-असद् का बुद्धिपूर्वक विवेचन कर देना ही अथवा तो शास्त्रबुद्धि रखना ही पांडित्य नहीं है परंतु "बंधन एवं मोक्ष को जानने वाला ही पंडित है (श्री.भा. ११/१९/४१)" इस एकादशस्कंध में भगवद्-वाक्य के द्वारा एवं "जिसके सभी कर्म इंद्रियतृप्ति की कामना से रहित हैं, उसे 'पंडित' कहा जाता है (भ.गी. ४/१९)" इत्यादि गीता में कहे भगवद्-वाक्य के द्वारा पंडित में ऐसे धर्म होने आवश्यक हैं। यदि श्रीमदाचार्यचरणों में ऐसा पांडित्य न होता तो भक्तिमार्ग का विचार करना भी असंभव था । क्योंकि 'भगवान ब्रह्मा ने संपूर्णरूप से समस्त वेदों का तीन बार अनुशीलन करके यही निश्चय किया कि, जिससे भगवान के प्रति प्रेम प्राप्त हो, वही सर्वश्रेष्ठ मार्ग है (श्री.भा. २/२/३४)' इस द्वितीय स्कंध के वाक्य द्वारा निश्चय होता है कि यह पुष्टिभक्तिमार्ग समस्त श्रुतियों का सार है एवं श्रीमदाचार्य ऐसे भक्तिमार्ग के प्रवर्तक हैं । प्रभुचरणों ने अपने द्वारा किए गये इस ग्रंथ के विवरण का प्रयोजन 'मया' इत्यादि शब्दों से कहा है । भक्तजनों के हितार्थ प्रभुचरणों ने इस ग्रंथ का विवरण किया है, यह अर्थ है ॥ १० ॥

एवं चात्र एतत् सिद्धम् । भगवत्सेवैकतानचित्तेन यथाशक्ति सेवां कुर्वता दुःसङ्गवर्जनपूर्वकं स्वस्य स्वपरिकरस्य च भगवदीयत्वमनुसन्धानेन पूर्वोक्तरीत्या सर्वविधचिन्तास्त्यजता सर्वत्र स्वाशक्त्यनुसन्धानेन भगवत एव शरणत्वमनुसन्धानेन यदा स्थीयते, तदा उद्वेगाख्यप्रतिबन्धनिवृत्त्या सेवाया आधिदैविकीत्वं सम्पद्यते । तस्मादुक्तरीत्या सेवापूर्वकं सर्वात्मना शरणगमनमेव परमं साधनमिति ।

नवरत्नभासनकृतां वचसां मम यत्नपूर्वकमुपासनतः ।
व्रजरत्नहृद्यकृपयास्तु सुखादसपत्नचैतससपत्नहतिः ॥ १ ॥

इति श्रीमद्वल्लभाचार्यचरणैकतानस्य पीताम्बरस्य तनुजेन पुरुषोत्तमेन
कृतो नवरत्नविवृतिप्रकाशः सम्पूर्णः ।

---

१. अनन्यभजनेति पाठः । २. व्रजरत्नहृद्यकृपयैव भवेदसपत्नचैतससपत्नहतिरिति पाठः ।

इस प्रकार इन उपर्युक्त विवरणों से यह सिद्ध हुआ कि, एक भगवद्-सेवा में चित्त लगाकर यथाशक्ति सेवा करते हुए दुःसंगत्यागपूर्वक और स्वयं में एवं परिवारजनों में भगवदीयता के अनुसंधान से एवं पूर्व में कही रीति द्वारा समस्त प्रकार की चिन्ता त्यागते हुए और सर्वत्र अपनी असमर्थता एवं भगवान की ही शरणागति के अनुसंधान से जब जीवनयापन किया जाता है, तब उद्वेगरूप प्रतिबंध की निवृत्ति द्वारा सेवा में आधिदैविकता संपादित होती है । अतः उपर्युक्त रीति के अनुसार सेवा करते हुए सभी प्रकार से शरणागति ही परमसाधन है ।

नवरत्न-ग्रंथ को प्रकाशित करनेवाले इन (प्रभुचरणों के) वचनों की मैंने यत्नपूर्वक उपासना की है ।

(अतः) व्रजभक्तों के हृदिस्थ श्रीकृष्ण की कृपा से मेरे युक्तविचार मेरे चित्त में स्थापित हों। एवं अयुक्तविचार सुखपूर्वक नष्ट हो जाएँ ॥ १ ॥

यह श्रीमद्वल्लभाचार्यचरणों में एकनिष्ठ पीतांबरात्मज 'पुरुषोत्तम' द्वारा किया गया 'नवरत्नविवृतिप्रकाश' संपूर्ण हुआ ।

नवरत्नम् ।

श्रीविट्ठलेश्वरविरचितप्रकाशसमेतम् ।



चिन्तासन्तानहन्तारो यत्पदाम्बुजरेणवः ।
स्वीयानां तान् निजाचार्यान् प्रणमामि मुहुर्मुहुः ॥ १ ॥

ननु भगवदीयानां कयं चिन्तोद्भवः । इत्थम् । आत्मनिवेदिनो हि भगवद्भजनार्हाः, नेतरे ।

श्रीकृष्णाय नमः ।

नवरत्नम् ।

श्रीविट्ठलेशात्मजश्रीवल्लभकृतप्रकाशटिप्पणी ।



चिन्तात्रयनिवृत्त्यर्थमुद्भिन्ननवरत्नकाः ।
समुज्वलीकृततदः प्रसीदन्तूभये मयि ॥ १ ॥

नवरत्नप्रकाशे । **चिन्तासन्तानेति** । यत्पदाम्बुजरेणवः समाश्रिता देहेन्द्रियादिकं शोधयन्ति, (वासनात्मकं लिङ्गं नाशयन्ती) त्यन्तःकरणशोधनद्वारा चिन्तानां वक्ष्यमाणानां सन्तानो वक्ष्यमाणप्रकारेण तन्निवर्तनेपि कुसृष्टयुद्भावनं तद्धन्तार इत्यर्थः । ग्रन्थे चिन्ताः स्वयमेव निवर्तयिष्यन्ति, चित्ताशुद्धया कुसृष्टयुद्भावनं तु चरणरेणुसमाश्रयनिवर्त्यमिति भावः । **नन्विति** । **किंप्रकारकचिन्तोद्भवः**, सम्भवतीति शेषः । **इत्थमिति** । ग्रन्थे वक्ष्यमाणास्तिस्रश्चिन्ता भगवदीयानामपि हीनमध्यमाधिकारिणां सम्भवन्तीत्यर्थः । ग्रन्थाद्भिन्नामप्येकां चिन्तां पूर्वोक्तेषु सम्भावितां स्वयमेव प्रमाणवाक्यैः समाधातुमाहुः **आत्मनिवेदिनो हीति** । एतन्निरासस्य प्रमाणवाक्यैः स्पष्टत्वान्मूलेऽकथनमिति भावः ।

तीन प्रकार की चिन्ता की निवृत्ति के लिए जिन श्रीमहाप्रभु ने नवरत्न प्रकट किए, एवं जिन श्रीविट्ठल ने उन्हें भलीभाँति उज्जवल किया, वे दोनों मुझ पर प्रसन्न हों ।

अब श्रीमत्प्रभुचरणों के नवरत्नप्रकाश में **चिन्तासन्तान** पद की व्याख्या की जाती है । जिनके चरणकमलों की रेणु आश्रितजनों के देह-इंद्रिय आदि को शुद्ध कर देती है, (अर्थात् देह-इंद्रिय के वासनात्मक स्वरूप को नष्ट कर देती है) और इस प्रकार अन्तकरण के शोधन द्वारा आगे कही जानेवाली चिंताओं की सन्तान, आगे कहे जाने वाले प्रकार द्वारा निवृत्त हो जाने पर भी, इन चिंताओं से भविष्य में उत्पन्न होने वाली जो कुसृष्टिरूप चिंताएँ हैं, उनको नष्ट करने वाली श्रीमदाचार्य चरणकमलों की रेणु है, यह अर्थ है। श्रीमदाचार्यचरण इस ग्रंथ में चिंताओं को तो स्वयं ही दूर करेंगे परंतु चित्त की अशुद्धि के कारण उत्पन्न होने वाली चिंताओं की कुसृष्टि तो श्रीमदाचार्यचरणकमलों की रेणु के आश्रय द्वारा ही दूर होगी, यह भाव है । अब ननु इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । इस पंक्ति का अर्थ है - भगवदीयों को किस प्रकार की चिन्ता उत्पन्न होती है ? । इत्थम् इत्यादि शब्दों का अर्थ यह है कि, इस ग्रंथ में आगे कही जाने वाली तीन प्रकार की चिन्ता भगवदीयों को भी हीन मध्यमाधिकार के भेद से होती है । परंतु ग्रंथ से भिन्न एक प्रकार की चिंता

इन तीनों अधिकारियों को हो सकती है । (देखें प्रभुचरणों की टीका के अंतर्गत 'तत्र च' से लेकर 'इतरेण वा' तक की पंक्ति का अनुवाद) जिसका समाधान करने के लिए प्रभुचरण स्वयं ही प्रमाणवाक्यों द्वारा आत्मनिवेदिनो हि इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । (टीकाकार का तात्पर्य वहाँ यह है कि यो तो इस नवरत्नग्रंथ में तीन प्रकार की चिंताओं अर्थात् आधिदैविक, आधिभौतिक एवं आध्यात्मिक चिंताओं का निवारण बताया गया है, जो तीनों प्रकार के अधिकारियों को हो सकती है परंतु इन तीन प्रकार की चिंताओं से भिन्न एक चौथे प्रकार की चिंता भी इन्हें हो सकती है, जिसका समाधान प्रभुचरणों ने स्वयं एकादश-स्कंध के प्रमाणवाक्यों द्वारा किया है । वह चिन्ता यह है कि सर्वस्व निवेदन कर देने के पश्चात् अब देहनिर्वाह कैसे करना ? क्या समर्पित किए धन से ? अथवा असमर्पित धन से ? यह अर्थ है।) ऐसी सर्वस्व समर्पण के पश्चात् देहनिर्वाह के लिए होती चिन्ता का तो एकादशस्कंध के "दारान् सुतान् (श्री.भा. ११/३/२८)" एवं 'धर्मैः मनुष्याणां (श्री.भा. ११/१९/२४)" इत्यादि प्रमाणवाक्यों से ही निराकरण हो जाता है अतः श्रीमदाचार्यचरणों ने मूलग्रंथ में इस चिंता का उल्लेख नहीं किया है, यह भाव है ।

तत्र चैहिकपारलौकिकयोरर्थयोर्नाबशिष्टं किञ्चिदसमर्पितम् । एवं सति देहादिनिर्वाहः केन कार्यः, किं निवेदितार्थेन, उत इतरेण वा । तत्र नाद्यः । तदीयार्थस्य तदिच्छां विना ग्रहीतुमशक्यत्वात्, इच्छायाश्च ज्ञातुमशक्यत्वात् । वस्तुतस्त्विच्छायामपि सत्यां तदुपयोगोऽनुचितः सेवकस्य । न च तदीयानां देहादीनां तदीयार्थेन पोषणं न दोषायेति वाच्यम् । स्वतस्तथाकृतेर्दोषावहत्वात्तदिच्छायाश्च ज्ञातुमशक्यत्वादित्युक्तम् । न द्वितीयः, अस्वधर्मत्वात् ।

तत्र चेति । निवेदने जाते सत्यैहिकसुखसाधकानि स्त्रीपुत्रवित्तादीनि पारलौकिकसुखसाधकान्यग्निहोत्रादिकर्माणि भगवदीयान्येव जातानीत्यर्थः । एवं सतीति । वित्तसमर्पणे कृते सतीत्यर्थः । देहादीति । आदिपदेन गृहादिकम् । तथा च गार्हस्थ्यनिर्वाह इत्यर्थः । इतरेणेति । निवेदनात् पूर्वमेव स्थापितेनानिवेदितेनेत्यर्थः । अस्वधर्मत्वादिति । निवेदितस्य देहादेस्तदीयार्थेन पोषणं दोषावहमित्युक्तम् । अनिवेदितेन च पोषणमस्वधर्म इत्यर्थः ।

अब तत्र च इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । इस पंक्ति द्वारा प्रभुचरण यह कहना चाह रहे हैं कि, निवेदन हो जाने पर लौकिकसुख के साधक स्त्री-पुत्र-वित्त आदि एवं अलौकिक सुख के साधक अग्निहोत्र कर्म-आदि सभी भगवद्मय हो जाते हैं, यह अर्थ है । एवं सति इत्यादि शब्दों का अर्थ है, - धन का समर्पण कर देने के पश्चात् अब देह का निर्वाह कैसे करना ? अब देहादि शब्द की व्याख्या कर रहे हैं । देहादि में प्रयुक्त आदि पद से गृह एवं उससे संबंधित वस्तुओं का अर्थ लेना चाहिए । इसी प्रकार गृहस्थी का निर्वाह कैसे करना ? यह भी अर्थ लेना चाहिए । इतरेण शब्द का अर्थ यह है कि, क्या निवेदन करने के पहले जो अनिवेदित धन है, क्या उससे निर्वाह करना चाहिए ? अस्वधर्मत्वात् इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । भगवान से अपने देहादि का पोषण करना दोषयुक्त है एवं अनिवेदित वस्तुओं से स्वयं का पोषण करना अस्वधर्म है ।

निवेदितस्यार्थस्य स्थित्याद्यर्थं स्वस्य विचारस्याप्यनुचितत्वात् । तदभिमाने तत्सम्भवात् ।

दूषणान्तरमप्याहुः निवेदितस्यार्थस्येति । निवेदितपदार्थस्य देहगेहादेः स्थितिरादिपदेन तत्सम्बन्धीनि गृहादिकार्याणि विवाहादीनि च तदर्थं स्वस्य विचारोप्यनुचितः । तत्र हेतुः । तदभिमाने इति । स्थापनीये सतीति शेषः । देहे स्वकीयत्वाभिमाने स्थापनीये सत्येतादृशो विचारः सम्भवति । एतस्य तु देहे भगवदीयत्वमेव सम्पादनीयम्, अतः स्वस्य तद्विचारोनुचितः, भगवानेव विचारयिष्यतीति स्वस्येत्युक्तम् । तथा च देहस्थित्याद्यर्थं पूर्वमेव किञ्चित् पदार्थानिवेदनं नोचितमित्यर्थः ।

अन्य दूसरे प्रकार के दोष को प्रभुचरण निवेदितस्यार्थस्य इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । निवेदित हो चुके पदार्थ से देह-घर आदि की व्यवस्था एवं 'आदि' पद के द्वारा देह-घर से संबंधित दैनंदिनी गृहकार्य एवं विवाह-आदि के लिए प्रयत्न करने का हमारा विचार करना भी अनुचित है । इसका कारण प्रभुचरणों ने तदभिमाने इत्यादि शब्दों से कहा है, कि इस प्रकार स्वयं प्रयत्न करने से हममें अहंकार पैदा हो जायेगा । यदि देह में स्वकीयत्व का अभिमान रह गया हो, तभी ऐसा विचार हमारे मन में आ सकता है । ऐसे निवेदित जीव को तो देह में भगवदीयता ही संपादित करनी चाहिए अतः इस प्रकार स्वयं ही उद्यम करने का विचार भी अनुचित है । यह सभी कुछ भगवान विचारेंगे - यह बताने के लिए प्रभुचरणों ने स्वस्य पद कहा है । इसी प्रकार देहनिर्वाह के लिए निवेदन करने से पूर्व ही कुछ

पदार्थ अनिवेदित रख लें, यह उचित नहीं है - यह अर्थ है ।

एवं सति देहादिनाशसम्भवेन भजनासम्भवात्तद्वैयर्थ्यापातः । मार्ग एव चायमुच्छिद्येत । अतो निवेदने भजनाधिकारः, तस्मिन् सति तदनिर्वाह इत्युभयतः पाशा रज्जुरिति चेत् । अत्र वदामः । "दारान् सुतान् गृहान् प्राणान् यत्परस्मै निवेदनम्" । "एवं धर्मैर्मनुष्याणामुद्धवात्मनिवेदिनाम् । मयि सञ्जायते भक्तिः कोन्योर्थोस्यावशिष्यत" इत्यादिवाक्यैस्तदावश्यकम्, साक्षात् श्रीगोकुलेशभजनाधिकाररूपत्वात्, द्विजस्य वैदिककर्मणि गायत्र्युपदेशजसंस्कारवत् । (निवेदनस्य सार्थकत्वाय भजनसिद्धयर्थमावश्यकव्यवहारार्थं निवेदितस्यैव स्वार्थं विनियोगः कार्यः ।) अन्यथा दारपरिग्रहोत्तरक्षण एव तन्निवेदनेऽकृतेऽग्रे तदविनियोगे प्राप्ते तत्परिग्रहवैयर्थ्यापत्तिः । अपरंच । दाने हि न स्वविनियोगो, न तु निवेदने । अन्यथा निवेदितान्नादेर्भोजनं न स्यात् । अनिवेदितस्य निषिद्धत्वात् । निवेदितानामर्थानां भगवद्भोगार्थं विनियोगे जाते तदत्तप्रसादत्वेन स्वोपभोगकृतिरुचिततरा, दासधर्मत्वात् । 'उच्छिष्टभोजिनो दासा' इत्यादिवाक्यैः । आत्मशोधकत्वाच्च ।

एवं सतीति । पक्षद्वयप्रकारेणापि देहाद्यनिर्वाहे सतीत्यर्थः । तदावश्यकमिति । वाक्येषु निवेदनकथनात् सर्वनिवेदनमावश्यकम्, नतु पदार्थविनियोगेन बाधितमित्यर्थः । बाधितत्वे भगवान्न वदेदिति भावः । साक्षादिति । भजने सर्वाधिकारत्वोक्तावपि सत्त्वव्यवहितस्यैव भजने तथा । साक्षात् पुरुषोत्तमभजने तु निवेदितामेवाधिकार इति भावः । अन्यथेति । निवेदितपदार्थस्य स्वयमग्रहणे दारानुपयोगोपि प्राप्येत, तथा च न तथेत्यर्थः । दाने हीति । पुत्रवित्तादिकं निवेदितम्, न तु दत्तमित्यर्थः । निवेदितोपभोगे प्रकारकथनायाहुः निवेदितानामित्यारभ्य शोधकत्वादित्यन्तम् । तथा चेयं चिन्ता तु प्रमाणवाक्यैर्युक्तिभिः परिशीलितैर्निजाचार्यपदाम्बुजरेणुसमाश्रयकृतचित्तशुद्धेः कुसृष्टयनुद्भावनेन च निवर्तते ।

एवं सति शब्दों का अर्थ है - इस प्रकार दोनों प्रकार के पक्षों से भी देहनिर्वाह करना असंभव है, तो ऐसी परिस्थिति में क्या करना ? (प्रभुचरणों की मूल टीका को ध्यान से पढें। ज्ञात होगा कि उन्होंने 'निवेदित पदार्थों से देहनिर्वाह करना या अनिवेदित पदार्थों से ?' इस प्रकार से दो पक्ष प्रस्तुत किए हैं । दोनों ही पक्षों से देहनिर्वाह करने में समस्या उत्पन्न हो रही है । टीकाकार यहाँ दोनों पक्षों की बात से यही बताना चाह रहे हैं।) अब तदावश्यकम् शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । उपर्युक्त श्रीमद्-भागवत के "दारान् सुतान् ....." इत्यादि श्लोक में प्रभु को निवेदन करना कहा गया होने से समस्त वस्तुओं का निवेदन आवश्यक है। निवेदन करने के पश्चात् भगवद्-भुक्त पदार्थों से यदि हम अपने देह-गेह का पोषण करें अर्थात् उन भगवद्-युक्त पदार्थों का विनियोग यदि हमारे देह-गेह में होता हो, तो इससे हमारा निवेदन बाधित नहीं होता । यदि इस प्रकार अपने देह-गेह के लिए उन भगवद्-युक्त पदार्थों का विनियोग करना बाधित होता तो भगवान ऐसा कहते ही नहीं । अब साक्षात् पद की व्याख्या कर रहे हैं । यद्यपि भगवान का भजन करने का अधिकार सभी जनों का कहा गया है परंतु फिर भी शरीरधारी ही भगवान का साक्षात् भजन कर सकते हैं और साक्षात् पुरुषोत्तम के भजन का अधिकार तो आत्मनिवेदियों का ही है, यह भाव है । अन्यथा शब्द की व्याख्या कर रहे हैं । अन्यथा इत्यादि शब्दों का अर्थ यह है कि, यदि समस्त वस्तुओं का भगवान में समर्पण करने के पश्चात् उन पदार्थों को हम स्वयं ग्रहण नहीं करेंगे तो फिर विवाहोपरांत पत्नी भी स्वयं के लिए उपयुक्त नहीं रह जाती है अतः 'निवेदित पदार्थ का उपयोग नहीं करना' ऐसा नहीं है, यह अर्थ है । अब दाने हि इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । पुत्र-धन आदि प्रभु को निवेदित किए गये हैं, दान नहीं किए गये हैं, यह अर्थ है । अतः निवेदित पदार्थों का उपभोग कैसे करना, यह प्रभुचरण 'निवेदितानां' इत्यादि शब्दों से आरंभ करके 'शोधकत्वात्' इस शब्द तक कह रहे हैं । अतः इस प्रकार से यह चिन्ता इन प्रमाणवाक्यों के द्वारा, उपर्युक्त युक्तियों के द्वारा, इनके परिचिंतन द्वारा और निजाचार्य श्रीमहाप्रभुजी के चरणकमलों की रेणु का भलीभाँति आश्रय करने के द्वारा शुद्ध हुए चित्त से एवं इन चिंताओं की कुसृष्टि उत्पन्न न होने से निवृत्त हो जाती है ।

---

१. () नास्ति बहुपुस्तकेषु ।

किन्तु प्रभौ निवेदितार्थस्य विनियोगे जातेऽग्रे तदर्थं यत्नः कार्यो, नवेति भवति चिन्ता । *तत्करणे बाहिर्मुख्यसम्भवः सेवाप्रतिबन्धश्च । 'त्रैवर्गिकायासे'तिवाक्यात् भगवत्कृतप्रतिबन्धश्च तत्र स्यात् । अकरणे निवेद्याभावेन भवति च दुःखम् । एवंभूतान् स्वानुपदिशन्ति चिन्ता कापि न कार्येति ।

चिन्ता कापि न कार्या निवेदितात्मभिः कदापि ।
भगवानपि पुष्टिस्थो न करिष्यति लौकिकीं च गतिम् ॥ १ ॥

अतोत्र समाधेयामन्यां चिन्तामाहुः किन्त्वित्यारभ्य भवति च दुःखमित्यन्तेन । एवंभूतानिति । यत्नकरणाकरणचिन्तायुक्तान् उभयपक्षसमाधायकवाक्येनोपदिशन्तीत्यर्थः । तत्र सामाधानं चिन्ता न कार्येति । पूर्वसिद्धानिषिद्धवृत्तौ सहजसिद्धयत्नकरणेपि तस्य यत्नस्य चिन्ता अनुचिन्तनं कथं इदं कार्यमिति मनसा सर्वथा तद्भावनं न कार्यमित्यर्थः । अग्रेपि वक्ष्यन्ति वाणिज्यादावास्थितौ तत्र विघ्न एव भवतीति । आस्थितिः कायवाङ्मनसां तदीयत्वम् । तथा चानास्थया यत्नकरणे पक्षद्वयोक्तोपि दोषो न भविष्यतीति भावः ।

अतः समाधान करने योग्य अन्य दूसरी चिन्ता किंतु शब्द से आरंभ करके भवति च दुःखम् यहाँ तक के शब्दों द्वारा कही हैं । अब एवं भूतान् शब्द शब्द की व्याख्या कर रहे हैं । 'एवं भूतान्' शब्द से तात्पर्य यह है कि यत्नपूर्वक की जाने वाली चिन्ता एवं यत्न के बिना स्वाभाविक रूप से होनेवाली चिन्ता; ऐसे दोनों प्रकार की चिन्ता करने वालों को समाधान करने वाले वाक्यों द्वारा प्रभुचरण उपदेश कर रहे हैं । ऐसे जीवों की चिन्ता का समाधान वे चिन्ता न कार्या इत्यादि शब्दों से कर रहे हैं । यहाँ यह समझना चाहिए कि शास्त्रों द्वारा किसी अनिषिद्धवृत्ति द्वारा जीवनयापन करने में भले ही सहजरूप से किसी वस्तु को प्राप्त करने के लिए यत्न किया जा रहा हो तथापि उस यत्न की चिन्ता अर्थात् अनुचिंतन (वारंवार चिंतन करना) नहीं करना चाहिए । तात्पर्य यह कि "अब यह कैसे किया जाय ?" इस प्रकार से मन में विचार नहीं करना चाहिए । आगे भी प्रभुचरण यही कहेंगे कि यदि भगवान का आश्रय न करके जीव व्यापार आदि में आश्रित रहेगा तो वहाँ विघ्न ही होंगे । आश्रित हो जाने (आस्थितिः) का अर्थ यह है कि मन-वचन-कर्म से ऐसी वस्तु पर आधारित हो जाना । अतः यदि जीव इन सभी में आस्था न रखते हुए (और केवल भगवान पर आस्था रखते हुए) व्यापार-आदि में यत्न करे तो उपर्युक्त दोनों पक्षों (अर्थात् यत्नपूर्वक चिन्ता करनी एवं यत्न बिना स्वाविक रूप से होनेवाली चिन्ता) में दोष नहीं है, यह भाव है ।

लौकिकेतदभावेपि भगवदर्थापि सा न कार्या । एतदाहुः कापीतिशब्देन । अङ्गीकारेणैव सर्वं स्वत एव करिष्यतीति विश्वासो यतस्तस्यावश्यकः । भगवतोपि तथानियमः । कदाचित् परीक्षार्थं प्रारब्धभोगार्थं वा प्रभुश्चेद्विलम्बते, तदापि न कार्येत्याहुः कदापीति पदेन ।

लौकिकेति । स्त्रीपुत्रादिनिर्वाहकयत्नानास्थायामपि भगवन्नैवेद्यार्थकयत्ने आस्था सम्भवति, सापि न कार्येत्यर्थः । तत्राप्यास्थायां तत्सम्पादकेषु आस्थितिसिद्ध्या बाहिर्मुख्यं स्यादेवेति भावः । नन्वनास्थया कृतो यत्नो न सिध्येदित्याशङ्क्योत्तरार्थार्थं सामान्यत आहुः अङ्गीकारेणैवेति । स्वस्यौदासीन्येपि भगवान् स्वाङ्गीकारेणैव हेतुना सर्वं यत्नं सिद्धं करिष्यतीत्यर्थः । विलम्बते इति । औदासीन्ये तत्कृतो यत्नः कदाचिन्न सिध्यति चेत्तथाप्यग्रिमयत्ने आस्था न कार्येत्यर्थः ।

---

* (किंच । तत्करणे बाहिर्मुख्यसम्भव इत्यारभ्योक्तचिन्ताभावायेदमत्र विचार्यते । सेवार्थं यत्नकरणे बाहिर्मुख्यं सेवाप्रतिबन्धश्च न सम्भवति । तस्य सेवाङ्गत्वेन तत्पूरकत्वात् तदकरणे तदसम्भवाच्च । नच 'त्रैवर्गिकायासे'ति वाक्यात्तत्र भगवत्कृतः प्रतिबन्ध इति वाच्यम् । त्रैवर्गिकपदवैयर्थ्यापत्तेः । अन्यथा आयासविघातमित्येतावतैव चरितार्थ्यं स्यात् । अतः स्वकीयानां त्रैवर्गिकायासविघातमेव भगवान् करोति, न स्वसेवार्थकायासविघातमिति निश्चीयते । अन्यथा यत्नमात्रस्य निषेधे भजनमार्ग एवोच्छिद्येत । नन्वात्मनिवेदिनामितरयत्नासम्भवेन तज्जनितचिन्ताऽभावात् कथं चिन्ता न कार्येत्युपदेश इति चेत् । अत्रेदं प्रतिभाति । भजनमार्गे हि भगवदङ्गीकारस्त्रिविधः । पुष्टिमर्यादाप्रवाहभेदेन । तत्रापि वै त्रैविध्यम् । तत्र पुष्टिपुष्टावङ्गीकृतस्य नेतरयत्नसम्भावनापि । परं मर्यादापुष्टौ प्रवाहपुष्टौ चाङ्गीकृतस्य तत्करणं मर्यादाप्रवाहांशः, तद्विघातः पुष्टयंशः । तथा चात्मनिवेदिनां मर्यादाप्रवाहसंबलितानां यथेतरयत्ने कृते बाहिर्मुख्यसेवाप्रतिबन्धतद्विघातादिकं भवति, तथा सेवार्थकेपि यत्ने भविष्यतीति भवति चिन्ता, अतस्तदभावाय तान् प्रति चिन्ता कापि न कार्येत्युक्तम् । अतः सेवार्थं यत्नः कर्तव्य एवेति नानुपपत्तिः कांचित् ।) २. उपदिशन्तीत्यन्तेनेति पाठः । ३. लौकिकीति पाठः । ४. भोजनार्थमिति पाठः ।

अब लौकिक इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । यहाँ 'लौकिक.....कार्या' पंक्ति से प्रभुचरणों का तात्पर्य यह है कि स्त्रीपुत्रादि का निर्वाह करने के लिए जो प्रयत्न किया जाता है, उसमें कदाचित् भगवदाश्रय करने के कारण जीव को आस्था न भी हो परंतु स्वयं भगवान को निवेदन करने के लिए आवश्यक सामग्रियाँ जुटाने का यत्न करने में तो आस्था हो ही सकती है, परंतु यह भी नहीं करनी चाहिए, यह अर्थ है । वह इस कारण क्योंकि इसमें भी आस्था रखने से उन सामग्रियों का जुगाड़ करने में आपकी आस्था हो जायेगी और चित्त भगवान से हट जायेगा । अतः भगवान से हटकर इन सामग्रियों में आस्थिति हो जाने के कारण बहिर्मुखता तो आएगी ही, यह भाव है । किंतु यहाँ यदि कोई पूर्वपक्षी यह शंका करे कि, यदि किसी कार्य को पूर्ण करने में आस्था ही न हो, तो वह कार्य सिद्ध होगा ही कैसे ? तो इस आशंका का समाधान श्रीमहाप्रभु ने प्रथम श्लोक की दूसरी पंक्ति में दिया है, उसका अर्थ (उत्तरार्धार्थ) श्रीमत्प्रभुचरण सामान्यरूप से अंगीकारेणैव इत्यादि वाक्यों से कह रहे हैं । वे कहते हैं कि, जीव स्वयं इन यत्नों को करने में उदासीन भले ही हो, तथापि भगवान ने उसे अंगीकार किया होने के कारण वे उसके समस्त यत्नों को सिद्ध करेंगे, यह अर्थ है । अब विलम्बते इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । (इस पंक्ति के लिए प्रभुचरणों की टीका देखेंगे तो और स्पष्टता होगी) इस पंक्ति का अर्थ यह है कि, यदि जीव के उदासीन रहने पर भी उसके द्वारा किए गये प्रयत्नों से कार्य सिद्ध नहीं हो रहा है तो अब आगे प्रयत्न करने में भी उसे अन्य साधनों में आस्था नहीं रखनी चाहिए, यह अर्थ है ।

ननु लोकवत् कुटुम्बाद्यासक्त्या स्वस्यापि लौकिकीं गतिं कदाचित् प्रभुः कुर्यात्, तत्राहुः भगवानपीति । यतः पुष्टिस्थोऽतो मर्यादामार्गीयवैराग्याद्यभावेपि 'महापुरुषेण निवेदिता' इति स्वकीयत्वेनाङ्गीकारात् तथा न करिष्यतीत्यर्थः ॥ १ ॥

ननु लोकवदिति । लोकस्येव कुटुम्बासक्त्या भगवदङ्गीकारस्यासिद्धत्वेन लोकस्येव स्वस्यापि लौकिकीं लोकसदृशीं गतिमास्थापूर्वकं विचार्य यत्नकरणे एव तत्फलसिद्धिरन्यथा नेतिरूपां नीतिशास्त्रानुरोधेन कुर्यादित्यर्थः । यत इति । पुष्टिः प्रवाहो मर्यादा चेति मार्गत्रयम्, तन्मध्येऽत्र पुष्टिस्थो भगवान्, अतः कुटुम्बासक्त्या मर्यादामार्गीयवैराग्यादिसाधनाभावेपि पुष्टिमार्गीयेण महापुरुषाचार्यकृतनिवेदनेन स्वीयत्वाङ्गीकारं करिष्यति । तथा चाङ्गीकारस्य सिद्धत्वाच्च लौकिकीं गतिं करिष्यतीत्यर्थः । भक्तस्य पुष्टिस्थत्वायापिशब्दः ॥ १ ॥

ननु लोकवत् इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । इस पंक्ति के द्वारा प्रभुचरण यह कहना चाह रहे हैं कि, लोक में दिखाई देती जीवों की लौकिक लोगों में आसक्ति की ही तरह निवेदक की भी कुटुंब-इत्यादि में आसक्ति होने के कारण भगवद्-अंगीकार सिद्ध नहीं हो पाता और इससे निवेदक को यदि यह शंका हो कि लोक की तरह हमारी भी लौकिकी/लोकसदृशगति प्रभु कर दें, तब क्या करना ? अर्थात् "लौकिककार्यों में आस्था रखते हुए विचारपूर्वक यत्नप्रयत्न करने से ही फलसिद्धि होगी अन्यथा नहीं" इस प्रकार से नीतिशास्त्र का अवलंबन करनेवाली हमारी बुद्धि प्रभु बना दें, तब क्या करना ? यह शंका होती है । इसी बात का स्पष्टीकरण श्रीमत्प्रभुचरण यतः इत्यादि वाक्यों से कर रहे हैं । पुष्टि-प्रवाह-मर्यादा इस प्रकार से तीन मार्ग हैं। इन तीनों मार्गों में हमारे प्रभु पुष्टिमार्ग में विराजमान हैं अतः जीव में कुटुंब-आदि की आसक्ति के कारण उसके पास मर्यादामार्गीय वैराग्य आदि अन्य दूसरे साधन न भी हों, तथापि वह पुष्टिमार्गीय है एवं महापुरुष-श्रीमहाप्रभुजी के माध्यम से निवेदित हुआ प्रभु का स्वीयजन है और इसी कारण प्रभु उसका अंगीकार अवश्य करेंगे । और, चूँकि इस प्रकार से उसका अंगीकार सिद्ध ही है, अतः उसकी लौकिकगति नहीं करेंगे, यह अर्थ है । इस प्रथम श्लोक में 'भगवान' शब्द के साथ 'अपि' शब्द जुड़ा होने का तात्पर्य यह है कि, ऐसे पुष्टिमार्ग में स्थित भगवान के शरणागत हुआ जीव भी 'पुष्टिमार्गीय' है, यह अर्थ है ॥ १ ॥

एवं चेत्, स्वाच्छन्द्यव्यवहारापत्त्या बाहिर्मुख्यं स्यादत आहुः निवेदनमिति ।

निवेदनं तु स्मर्तव्यं सर्वथा तादृशैर्जनैः ।
सर्वेश्वरश्च सर्वात्मा निजेच्छातः करिष्यति ॥ २ ॥

सर्वदा सर्वांशे तदीयत्वानुसन्धानेन तथा न भविष्यतीति भावः । अशक्त्या सेवाद्यसम्भवेऽपीदं कार्यमेवेति ज्ञापनाय तुशब्दः।

एवं चेदिति । अनास्थायामविचारेपि फलसिद्धौ स्वाच्छन्द्येन बाहिर्मुख्यं भगवदननुसन्धानं भवेदित्यर्थः । तथा च यत्नानास्थया

---

१. शेन सर्वांशैः इति पाठः ।

समाहितो दोषः पुनः प्राप्त इति भावः । निवेदनस्मरणस्य स्वरूपमाहुः सर्वदेति । 'त्वयाभिगुप्ता विचरन्ति निर्भया' इति प्रकारकस्वाच्छन्द्येपि बाहिर्मुख्यं भगवदननुसन्धानं न भविष्यतीत्यर्थः । निवेदनानुसन्धानाभावे तु बाहिर्मुख्यं स्यादेव, अतस्तदावश्यकमिति भावः । सेवादीति । आदिपदेन कथा, तदसम्भवेपीत्यर्थः । अनायासेन फलसिद्धौ स्वाच्छन्द्येन प्राप्तस्य बाहिर्मुख्यदोषस्य निवारणार्थं निवेदनानुसन्धानमुक्तम् । फलासिद्धावपि तदनुसन्धानं कार्यमेवेत्यपिशब्दः ।

अब एवं चेत् इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । इस पंक्ति से आपश्री का तात्पर्य यह है कि, जीव यदि लौकिक प्रयासों को करने आस्था न रखे और अपने कार्य को सिद्ध करने में खुद बहुत अधिक विचारविमर्श न करे और यदि तब भी फलसिद्धि हो जाय (अर्थात् काम बन जाय) तो उसमें स्वच्छंदता आ जाती है एवं भगवान का अनुसंधान छूट जाता है । ऐसी परिस्थिति में तो हुआ यह कि, लौकिक प्रयत्नों में आस्था न रखने से भी यदि कार्य सिद्ध हो गया तो जीव में स्वच्छंदता की वृत्ति पनप गई । अर्थात् जिस लौकिकगति से बचने के लिए हमने यह सब उपाय किए थे, वह दोष तो पुनः आ गिरा, यह भाव है । निवेदन का स्मरण किस प्रकार से करना चाहिए यह प्रभुचरण सर्वदा पद से कह रहे हैं । अर्थात् "हे माधव ! आपसे हृदयबद्ध कभी भी मार्गभ्रष्ट नहीं होते । आपसे रक्षित विघ्नकर्ताओं के मस्तक पर पैर रखकर निर्भय विचरण करते हैं (श्री.भा. १०/२/३३)" इस श्लोक में कहे प्रकार जैसी स्वच्छंदता होने पर भी बहिर्मुखता एवं भगवान का अनुसंधान न करने जैसे दोष नहीं होंगे, यह अर्थ है । यदि निवेदन का अनुसंधान न हो तो बहिर्मुखता तो होती ही है अतः निवेदन का अनुसंधान आवश्यक है, यह भाव है । अब सेवादि इत्यादि शब्दों की व्याख्या करते है । इस पद में कहे 'आदि' पद से प्रभुचरणों का तात्पर्य कथा में है; अर्थात् यदि कथा करनी भी असंभव हो तो भी निवेदन का स्मरण तो आवश्यक है ही, यह भाव है । जहाँ जीव किसी भी कार्य के लिए स्वयं प्रयत्नशील न रहकर सभी कुछ भगवान पर छोड़ देता है, वहाँ उसमें स्वच्छंदता आ सकती है और बहिर्मुखता का दोष आ सकता है । अतः इसका निवारण करने के लिए निवेदन का अनुसंधान करना कहा गया है । फलसिद्धि हो जाने पर भी इसका अनुसंधान तो करना ही चाहिए, यह बताने के लिए प्रभुचरणों ने 'अपि' शब्द का प्रयोग किया है ।

चकारपक्षे समुच्चयः । सर्वथेत्यस्यावश्यकत्वज्ञापनाय । अथवा । सर्वथा ये तादृशा निवेदितात्मत्वेन तत्परास्तैः सह तथा । एतेन सङ्गदोषो निवारितः । अतादृशेष्वेतद्दोषनं सूच्यते । सर्वदेतिपाठे कालापरिच्छेदस्तत्रोच्यते । अन्यथा तदैवासुरप्रवेशः स्यादिति भावः । कदाचिदलौकिकार्थस्य लौकिकस्य वा सिद्धयर्थं प्रभुः प्रार्थनीय इति प्रश्ने नेत्याहुः सर्वेश्वर इति । अत्र सर्वशब्दो निवेदितात्मत्तर्वपरः । यथा 'सर्वे ब्राह्मणा भोजयितव्या' इत्यत्र निमन्त्रिता एव सर्वपदेनोच्यन्ते, न त्वन्येपि । सर्वात्मपदेप्येवं ज्ञेयम् । तेन सेवकाः [1]सर्वे [2]यथा यथा प्रपन्नाः, तया तया प्रभुरपि तेष्वङ्गीकृतस्वामित्व आत्मीय[3]त्वमेव तेषु मनुत इति तद्धितकृतौ न प्रार्थनामपेक्षत इति ज्ञाप्यते । अथवा । कालादिनियामकत्वेन न तत्कृतोपि प्रतिबन्धसम्भव इच्छायामिति ज्ञापनाय सर्वपदं कालादिपरम् । प्रार्थितोपि स्वविचारितमेव करिष्यतीति प्रार्थनाप्यप्रयोजिकेति ज्ञापनाय निजेच्छेत्युक्तम् । अथवा । निजाः स्वीयत्वेनाङ्गीकृताः सेवकास्तेषां प्रचुरेच्छातः स्वयमेवापेक्षितं करिष्यतीति न प्रार्थनापेक्षेत्यर्थः । परन्विच्छाया अविकृतत्वमेवापेक्षितमिति ज्ञापनायाव्ययप्रयोगः ॥ २ ॥

चकारपक्षे सर्वथेति पदेनावश्यकत्वं बोधितम् । तुशब्दपक्षे आवश्यकत्वं तेनैव बोधितमिति सर्वथापदस्य समासेनाग्रेऽन्वयमाहुः अथवेति । आसुरप्रवेश इति । 'द्वया ह प्राजापत्या'इत्यत्र वागादीनां स्वार्थमुद्गानात् पापवेधः, आसन्यस्य भगवदर्थमुद्गानात्तदभाव इति तृतीयाध्याये वेधाद्यर्थभेदादित्यधिकरणे भाष्ये विवृतम्, अतो यस्मिन्नेव काले भगवदीयत्वविस्मरणम्, तदैव देहादावासुरधर्मप्रवेशो भवतीत्यर्थः । तेन बाहिर्मुख्यं भवेदेवेति भावः । आत्मीयत्वमेवेति । भगवतस्तदात्मत्वकथनेन तेषामात्मीयत्वमुक्तम् । स्वामित्वं भगवन्निष्ठो धर्मः सर्वेश्वरपदस्यार्थः । आत्मीयत्वं भक्तनिष्ठो धर्मः सर्वात्मपदेनोक्तः । सर्वपदस्य कालवाचकत्वपक्षे कालनिष्ठो ज्ञेयः ।

यदि मूल कारिका में 'तु' शब्द के स्थान पर पाठभेद से 'च' शब्द मान लिया जाय तो आचार्यचरण 'सर्वथा' पद के द्वारा निवेदन की आवश्यकता बता रहे हैं, यह समझना चाहिए । यदि 'तु' शब्द मान लें, तब तो स्वयं 'तु' शब्द से ही निवेदन की आवश्यकता बोधित हो रही है । 'सर्वथा' पद का तात्पर्य श्रीप्रभुचरणों ने 'अथवा' शब्द के पश्चात् 'सर्वथा.....तथा' इस पंक्ति में स्पष्ट किया है । अब आसुरप्रवेश इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । "प्रजापति के दो पुत्र थे, देव और असुर (बृहदा. १/३/१)" इस श्रुति के विवरण में कहा गया है कि, जब देव और असुरों का युद्ध हुआ, तब असुरों को पराजित करने के लिए देवता ने वाणी, प्राण, चक्षु, श्रोत्र एवं

---

१. सर्वात्मनेति पाठः । २. सर्वदा इति पाठः । ३. आत्मत्वमिति पाठः ।

मन इत्यादि की उपासना की परंतु असुरों ने इन्हें पापयुक्त कर दिया । इसके पश्चात् जब देवताओं ने भगवान के लिए प्राणों से उपासना की तो उसे वे पापयुक्त न कर सके । (विशेष जानने के लिए बृहदारण्यक उपनिषद् में यह प्रसंग पढ़ें) । यह सभी कुछ ब्रह्मसूत्र के तीसरे अध्याय में "वेधाद्यर्थभेदात्" (३/३/२५) इस सूत्र के भाष्य में विवृत किया गया है । अतः जिस काल में भगवदीयता का विस्मरण हो जाता है, तब ही देहादि में असुरधर्म का प्रवेश होता है, यह अर्थ है और इससे बहिर्मुखता होती ही है । अब आत्मीयत्वमेव शब्द की व्याख्या कर रहे हैं । शरणागत जीवों को 'आत्मीय' इस कारण से कहा है क्योंकि भगवान उनकी आत्मा कहे गये हैं । और, भगवान में चूँकि स्वामित्व का धर्म विद्यमान है, अतः वे सर्वेश्वर कहे जाते हैं । और भक्त में भगवान के प्रति रहनेवाला आत्मीयता का धर्म विद्यमान है, अतः भगवान 'सर्वात्म' पद से कह गये हैं । जहाँ पर 'सर्व' शब्द का अर्थ काल किया गया है वहाँ - काल भी स्वयं भगवान में स्थित है अतः वे काल के भी स्वामी हैं - इस प्रकार से अर्थ जानना चाहिए ॥ २ ॥

ननु भगवते समर्पितदेहादेः स्त्रीपुत्रादिषु विनियोगेन स्वधर्महानिचिन्ता बाधते, तत्राहुः सर्वेषामिति ।

सर्वेषां प्रभुसम्बन्धो न प्रत्येकमिति स्थितिः ।
अतोन्यविनियोगेपि चिन्ता का स्वस्य सोपि चेत् ॥ ३ ॥

~~स्वात्मना सह यावन्तो निषेधितास्तैः सहैव स्वसम्बन्धीकरणात् तेषां सर्वेषामेव प्रभुसम्बन्धो न न, किन्तु तत्र तत्रोपयोगे~~
तत्रोपयोगे स्वस्य का चिन्ता, न कापीत्यर्थः ।

स्वधर्मेति । स्वधर्मो निवेदनम्, तस्य हानिरित्यर्थः । स्वात्मना सहेति । प्रत्येकं प्रभुसम्बन्धे यावत्तत्सम्बन्धानामनङ्गीकारस तत्तत्सम्बन्धयुक्ते स्त्रीपुत्रादौ स्वस्य विनियोगे दोषः स्यात्, अत्र तु सहैवाङ्गीकारात् सेवानवसरे अनिषिद्धप्रकारेण भार्याद्युपयोगे स्वधर्महानिरित्यर्थः । प्राधान्यादिति । प्राधान्याद्धेतोः स्वस्यैव नेत्यर्थः । का चिन्तेति । अभगवदीयसंसर्गे हि स्वधर्महा तेषामप्यङ्गीकृतत्वान्न तथेत्यर्थः । तथा च भगवदीयत्वानुसन्धानेन तेषु व्यवहर्तव्यम्, न तु स्वकीयत्वाभिमानेनेति भा वित्तादिवद्भार्यादीनामपि समर्पणम् । परमेतावान् विशेषः । भार्यादिदेहे यथैतस्य सम्बन्धः, तथा तत्तज्जीवानामपि सम्बन्धोस्ति, अत तत्तन्निष्टस्वसम्बन्धसमर्पणे कृतेपि तत्तज्जीवसत्तासमर्पणार्थं भिन्नभिन्नतया तत्तत्कृतसमर्पणमपेक्षितम् एतत्कृतसमर्पणेनैतन्निरूपिततत्सम्बन्धः समर्पितो भवति, स्वस्वसहजादिदोषपञ्चकनिवृत्तिस्तु स्वस्वकृतसमर्पणेन भवति । वित्त त्वन्यसत्ताभावादेतत्कृतसमर्पणेनैव निर्दुष्टत्वसिद्धिरिति ।

अब स्वधर्म इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । भगवान को सर्वस्व निवेदन कर देना ही स्वधर्म है और यदि निवेदन क के पश्चात् जीव के देह-अदि का विनियोग प्रभु में न होकर स्त्री-पुत्रादि में होता है तो उस निवेदन की हानि होती है, यह अर्थ अब स्वात्मना सह इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । प्रत्येक जीव का प्रभुसंबंध होने पर जब तक उससे संबंधित लोगों के ने अंगीकार नहीं किया है तब तक उन-उन संबंधों से युक्त स्त्रीपुरुष-आदि में स्वयं का विनियोग होने पर दोष है, परंतु यहाँ तो उन के संग प्रभु ने हमारा अंगीकार किया है अतः सेवा के अनवसर काल में शास्त्रोक्त (मनुस्मृति जैसे शास्त्रों में गृहस्थजीवन के विष निषिद्ध एवं अनिषिद्ध प्रकारों का वर्णन आता है । उदाहरण के रूप में देखें मनुस्मृति की तीसरा अध्याय) अनिषिद्ध प्रकार से पत्नी- का उपयोग करने पर भी स्वधर्म की हानि नहीं होती है, यह अर्थ है । अब प्राधान्यात् शब्द की व्याख्या करते हैं । अर्थात् प्रधा से केवल स्वयं का ही निवेदन हुआ है, ऐसा नहीं है, यह अर्थ है । का चिन्ता इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । अभगवदीय संसर्ग होने पर ही स्वधर्म की हानि होती है परंतु परिवारजनों का भी अंगीकार तो हुआ ही है, सो वे अभगवदीय नहीं हैं अतः उनका होने पर स्वधर्म का हानि नहीं होती है, यह अर्थ है । उनमें भगवदीयता का अनुसंधान रखते हुए ही उनसे व्यवहार करना चाहिए; वे परिवारजन हैं इस प्रकार से अभिमानपूर्वक नहीं । धन की ही भाँति पत्नी-आदि का भी भगवान में समर्पण हुआ ही है परंतु यहाँ विशेष अवश्य है कि जिस प्रकार से जीव का पत्नी-आदि की देह से संबंध है, उसी प्रकार उन-उन जीवों का भी अन्यत्र कहीं तो है ही । अतः उन-उन जीवों में रहे हुए अपने संबंध का प्रभु में समर्पण कर भी दिया जाय तथापि उन-उन जीवों की अपनी की सत्ता का समर्पण करने के लिए उनके अपने द्वारा पृथकरूप से किया गया समर्पण तो आवश्यक ही है । इस जीव के द्वारा किए समर्पण से तो उससे संबंधितों का समर्पण हुआ, परंतु अपने-अपने सहज-आदि पाँच प्रकार के दोषों की निवृत्ति तो अपने-अपने

किए गये समर्पण से ही होगी । अपने धन-आदि में तो अन्य किसी दूसरे की सत्ता न होकर खुद अपनी ही सत्ता है अतः जीव के समर्पण के द्वारा ही वह धन निर्दुष्ट हो जाता है ।

इयं निवेदनेऽङ्गीकारमर्यादित्याहुः स्थितिरिति । कस्यचिद्विशेषतोऽङ्गीकारश्चेत्, सा पुष्टिरिति भावः ।

इयमिति । सर्वनिष्ठसम्बन्धैः सह स्वस्याङ्गीकार इत्यर्थः । विशेषत इति । निवेदकस्यैवाङ्गीकारस्तन्निष्ठकिञ्चिन्निरूपितसम्बन्धस्य नेति चेत्, सा पुष्टिः मर्यादातिक्रमो भगवतो नियन्तुमशक्यत्वादित्यर्थः । तदा तादृशे स्वदेहविनियोगो न कार्यः । अत एव 'प्रतिकूले गृहं त्यजे'दिति वाक्यम् । अस्मिन् पक्षे अन्यत्र स्त्रीपुत्रादौ विनियोगे स्वस्य देहस्येत्यर्थः ।

इयम् इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । 'इयम्' से लेकर 'स्थितिरिति' तक की पंक्ति का भावार्थ यह है कि - अपने समस्त सगे-संबंधियों के संग अपना अंगीकार प्रभु करते हैं । अब विशेषतः इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । यहाँ यह समझना चाहिए कि यदि निवेदक का केवल स्वयं का ही अंगीकार हुआ हो उससे संबंधित और किसी का नहीं तो इसे पुष्टि समझना चाहिए अर्थात् इस परिस्थिति में भगवान ने निवेदन की मर्यादा का अतिक्रमण किया है । क्योंकि भगवान को किसी भी मर्यादा के नियम में बाँधा नहीं जा सकता । (क्योंकि निवेदन की मर्यादा तो यह है कि, भगवान निवेदक के संग उसके सगे-संबंधियों का समर्पण भी स्वीकार कर लेते हैं एवं उनको भी अंगीकार करते हैं परंतु यदि भगवान किसी विशेष परिस्थिति में केवल निवेदक को ही अंगीकार करें और उसके सगे-संबंधियों को नहीं, तो वहाँ भगवान ने निवेदन की मर्यादा का अतिक्रमण करके उस निवेदक पर ही कृपा (पुष्टि) की है, यह समझना चाहिए । अब प्रश्न यह उठता है कि इसका पता कैसे चले कि भगवान ने केवल उस निवेदक को ही अंगीकार किया है, उसके सगे-संबंधियों को नहीं ? कई बार ऐसा देखा जाता है कि पूरे परिवार में किसी एक व्यक्ति को पुष्टिप्रभु में भाव होता है । और वह भगवत्सेवा की ओर तत्पर रहता है। उसके अन्य सभी परिवारजन या तो अन्यमार्गीय होते हैं , या बहिर्मुख होते हैं। या तो फिर उसकी भगवत्सेवा में विघ्न पैदा करते हैं। इन सभी लक्षणों से जाना जा सकता है कि प्रभु ने केवल उसी व्यक्तिविशेष को अंगीकार किया है अन्य किसी को नहीं) तब ऐसे बहिर्मुख एवं प्रभु द्वारा अंगीकार न किए गये सगे-संबंधियों से अपना लौकिक व्यवहार नहीं रखना चाहिए। इसी कारण आचार्यचरणों ने "यदि पत्नीपुत्र-आदि हमारे भगवद्-धर्म से प्रतिकूल हों, तो गृहत्याग कर देना चाहिए। जहाँ तक ऐसी परिस्थिति का प्रश्न है तो वहाँ ये समझना चाहिए कि, स्त्री-पुत्र आदि का भगवान में विनियोग न होकर अन्यत्र कहीं विनियोग होता हो तो इसमें अपने देहनाश की चिन्ता क्यों करनी चाहिए, यह अर्थ है ।

अथवा । पुत्रादीनामन्यविनियोगदर्शनेपि स्वस्य का चिन्ता, तेषामप्यङ्गीकारेणैव कृतार्थतासम्भवादित्यर्थः ।

अन्यविनियोगेति । अन्यत्र लौकिके स्वस्त्रीपुत्रादिकार्ये विनियोगदर्शनेपि तेषां निवेदनहानिजनितचिन्ता स्वस्य केत्यर्थः । तेषामपीति । स्वाङ्गीकारेणैव क्रमेण तेषामपि कृतार्थता सम्भवति । अधुना अतथाभावेप्येकाहेन भगवत्सम्बन्धात् तदनुभावेनैवास्मिन् जन्मनि जन्मान्तरे वा तथा बुद्ध्या स्वस्वकृतसमर्पणेन स्वस्वसहजादिदोषनिवृत्त्या कृतार्थता सम्भवतीत्यर्थः । अङ्गीकृतस्य सर्वांशे भगवानेव चिन्तां करोतीति स्वस्येत्युक्तम् । स्वस्य त्वधुनैव सहजादिदोषनिवृत्त्या कृतार्थता सिद्धा, क्रमेण तेषामपि सम्भवतीत्यपिशब्दः ॥ ३ ॥

अब अन्यविनियोग इत्यादि शब्दों की व्याख्या करते हैं । यहाँ पुत्रादीनां से लेकर इत्यर्थः तक की पंक्तियों का अर्थ यह है कि, यदि स्वयं स्त्री-पुत्र आदि का भगवान में विनियोग न होकर अन्यत्र किसी लौकिक कार्यों में विनियोग होता दिखाई पड़े, तब भी 'उनका निवेदन व्यर्थ हो गया' इस प्रकार की चिन्ता हमें क्यों करनी चाहिए ? यह अर्थ है । क्योंकि अंगीकार हो जाने के द्वारा ही क्रम से उनकी भी कृतार्थता हो जायेगी, यह अर्थ है । वर्तमान में भले ही उनमें भगवान के प्रति ऐसा भाव न हो तथापि हमारे द्वारा उनका भी भगवत्संबंध तो हुआ ही है अतः इस बात से निरंतर भगवद्-अनुसंधान रखते हुए यह विचार करना चाहिए कि इस जन्म में या अगले जन्म में भी जब वे अपना-अपना पृथक् समर्पण करेंगे, तब उनके भी अपने-अपने सहज आदि दोषों की निवृत्ति के द्वारा उनकी भी कृतार्थता हो जायेगी,

---

१. निवेदिनोऽङ्गीकारेतिपाठः ।

यह अर्थ है । जो भगवान द्वारा अंगीकृत हुए हैं, उनके लाभ-हानि की चिन्ता सर्वांश में भगवान ही करते हैं - यह बताने के लिए स्वस्य पद कहा गया है । खुद की तो वर्तमान में ही (अर्थात् स्वयं के निवेदन कर लेते ही) सहज-आदि दोषों की निवृत्ति के द्वारा कृतार्थता सिद्ध हो जाती है और हम से संबंधित स्त्री-पुत्र आदि परिवारजनों की भी कृतार्थता क्रम से सिद्ध हो जाती है, यह प्रभुचरणों ने 'अपि' शब्द द्वारा कहा है ॥ ३ ॥

किञ्च । स्वस्येतिपदमावृत्तमपिशब्देन सम्बध्यते ॥ ३ ॥

यथा पुत्रादीनाम्, तथा स्वस्यापि सः अन्यविनियोगश्चेत्, तदापि चिन्ता न कार्येत्याहुः अज्ञानादिति ।

अज्ञानादथवा ज्ञानात् कृतमात्मनिवेदनम् ।
यैः कृष्णसात्कृतप्राणैस्तेषां का परिदेवना ॥ ४ ॥

हीनमध्यमाधिकारिभिरपि निवेदितात्मभिश्चिन्ता न कार्या भवति यत्र, तत्र कृष्णसात्कृतप्राणैश्चिन्ता न कार्येति किमु वाच्यमित्यर्थः । केवलं प्रभ्वधीनीकृतप्राणानां चिन्ताविषयाभावादेव न सेति भावः । अत एव केतिशब्द उक्तः । पदसम्बन्धस्तु अज्ञानादथवा ज्ञानाद्यै-स्तत्कृतम्, तेषां सा नेतिशेषः । कृष्णसात्कृतप्राणैर्यैस्तत्कृतम्, तेषां सा केत्युक्तम् ॥ ४ ॥

एतमेव पक्षमाश्रित्याग्रिमश्लोकाभासमाहुः किञ्चेति । प्रथमपक्षे स्वस्य स्वकीयस्य स्त्रीपुत्रादेरपीत्यग्रिमश्लोकव्याख्याने इत्यर्थः । केवलेति । भगवदधीनजीवनानां सर्वांशे भगवदीयत्वेन विषयाः सर्वे भगवदीया एवेति भोग्यविषयेषु स्वीयत्वेनाभिमानाभावात् सा पक्षद्वयभेदेन स्वान्यविनियोगजनिता पुत्राद्यन्यविनियोगजनिता वा चिन्ता नास्त्येव, किन्तु हीनमध्याधिकारिणामपि तदभावार्थं बोध्यत इति भावः । चिन्ताभावे हेतुः पूर्वोक्त एव सर्वेषां प्रभुसम्बन्धो ज्ञेयः । आद्यव्याख्याने पूर्वं स्वान्यविनियोगचिन्ता, द्वितीये पुत्राद्यन्यविनियोगचिन्तोक्ता । द्वितीयव्याख्याने इदं विपरीतमिति विभेदः । तेषां सा नेति । स्वपदस्य स्वकीयवाचकत्वपक्षे सा स्त्रीपुत्रादिविषयिणी चिन्ता नेत्यर्थः । निवेदनपदार्थो न नश्यति, विलम्बस्तु भवत्येवेति ज्ञेयम् ॥ ४ ॥

इस पक्ष के संग (अर्थात् 'कालांतर में अन्य परिवारजनों' की कृतार्थता भी हो जायेगी इस पक्ष को लेकर) श्रीमत्प्रभुचरण अग्रिम श्लोक का विवरण किञ्च इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं । श्रीमत्प्रभुचरणों द्वारा किए गये 'स्वस्य' पद के दो अर्थों में से पहले पक्ष का अर्थ - अपने स्वकीयजनों अर्थात् स्त्रीपुत्र-आदि का भी अन्यविनियोग होने पर चिन्ता नहीं करनी - इस प्रकार से है ।

अब केवल इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । इस पंक्ति का अर्थ यह है कि, स्वयं का जीवन भगवान के अधीन कर चुके ऐसे जीव चूँकि सर्वांश में भगवदीय होते हैं अतः उनके सभी लौकिक-अलौकिक विषय भी भगवदीय ही होते हैं और इसी कारण भोग्य विषयों में उन्हें स्वीयत्व का अभिमान नहीं होता । इसी कारण अपना अन्य विनियोग होने से उत्पन्न होने वाली चिन्ता; या फिर पुत्र आदि परिवारजनों का अन्य विनियोग होने से उत्पन्न होनेवाली चिन्ता; ऐसे दोनों पक्षों से होने वाली चिन्ता उनको तो नहीं ही होती है परंतु ऐसी दोनों प्रकार की चिंता हीन-मध्यम अधिकारियों को भी नहीं होती है, यह बोध करा रहे हैं, यह भाव है । चिन्ता न होने हेतु तो पूर्व में ही "स्वयं के सहित अन्य सभी का भी प्रभुसंबंध हो जाता है (सर्वेषां प्रभुसंबंधः)" इस वाक्य के द्वारा समझ लेना चाहिए । यहाँ श्रीप्रभुचरणों ने "अथवा" से पहले के व्याख्यान में निवेदक का लौकिक स्त्री-पुत्र-आदि में विनियोग होने से उत्पन्न हुई चिंता के विषय में विचार किया है । और 'अथवा' शब्द के पश्चात् द्वितीय व्याख्यान में आपश्री ने अपने स्त्रीपुत्रादि का भगवान में विनियोग न होकर अन्यत्र लौकिक में होता देखकर निवेदन को होने वाली चिंता का विचार किया है । दोनों प्रकार के व्याख्यानों में यही भेद है । अतः ज्ञान अथवा अज्ञान से जैसे भी आत्मनिवेदन किया हो, उनको ऐसे किसी भी प्रकार चिंता नहीं होनी चाहिए, यह तेषां सा न इत्यादि शब्दों से प्रभुचरण कह रहे हैं । यहाँ यह समझना चाहिए कि 'स्वस्य' पद का जहाँ अर्थ - 'स्वयं से संबंधित स्त्रीपुत्र आदि के विषय की चिन्ता नहीं करनी चाहिए' - इस प्रकार से किया गया है, वहाँ उस पक्ष में - "अपने स्त्रीपुत्र आदि के विषय की चिंता नहीं करनी चाहिए" - इस प्रकार से अर्थ लेना चाहिए । फलप्राप्ति में विलंब तो होता ही है परंतु निवेदन करना व्यर्थ ही जाए, यह संभव नहीं है ॥ ४ ॥ (इस वाक्य से टीकाकार कह कहना चाह रहे हैं कि चूँकि जीव के निवेदन के संग-संग उसके अंगभूत स्त्रीपुत्र आदि का भी परोक्षतया समर्पण तो हो ही चुका है अतः वह तो व्यर्थ नहीं जायेगा परंतु उन सभी का उस निवेदनकर्ता के अंगत्वेन एवं परोक्षरूप से समर्पण हुआ है अतः उनके कृतार्थ होने में विलंब तो होगा ही । भाव यह कि, जब वे स्वयं पृथक-पृथक रूप से समर्पण करेंगे, तब वे भी कृतार्थ हो जायेंगे। परोक्षतया किया गया निवेदन भी व्यर्थ नहीं जायेगा, यह अर्थ है।)

ननु सस्यात्मनिवेदने हि भगवदङ्गीकारेणैव सम्पद्येते, तथा च स्वयमात्मनिवेदने कृतेपि प्रभुरङ्गीकृतवान्नवेति चिन्ता भवत्येव, इत्यत आहुः **तथेति** ।

तथा निवेदने चिन्ता त्याज्या श्रीपुरुषोत्तमे ।
विनियोगेपि सा त्याज्या समर्थो हि हरिः स्वतः ॥ ५ ॥

पुरुषोत्तमोङ्गीकृतवान्नवेति निवेदनविषयिणी या सा त्याज्या उक्तनिवेदनवदित्यर्थः ।

इति निवेदनविषयिणीति । इति असम्पत्तिप्रकारेण निवेदनविषयिणीत्यर्थः । पूर्वोक्तापि निवेदनविषयिण्येव, परं हानिप्रकारेणोक्तेति भावः । पूर्वोक्तमेव समाधानमत्रापि ज्ञेयमित्याहुः **उक्तनिवेदकवदिति** । **मूलस्थतयेति**पदस्यार्थोयम् । सप्तम्यर्थे वतिः । यथा निवेदके, तथा पुरुषोत्तमे इति मूलानुसन्धानेनार्थः । तथा च यथा पूर्वश्लोकोक्तरीत्या निवेदककृतान्यविनियोग-हेतुकनिवेदनहानिचिन्ता त्याज्या, तथा भगवत्कृताङ्गीकाराभावहेतुकनिवेदनासम्पत्तिचिन्तापि त्याज्येत्यर्थः ।

अब **निवेदनविषयिणी** इत्यादि शब्दों की व्याख्या करते हैं । इसका भाव यह है कि, 'निवेदन करने के पश्चात् पुरुषोत्तम ने स्वीकार किया या नहीं ?' इस प्रकार की चिन्ता निवेदनविषयिणी चिन्ता है । पूर्व में कही गई चिन्ता भी निवेदनविषयिणी ही है, परंतु उस चिन्ता में स्वयं का या परिवारजनों का अन्य विनियोग होने से निवेदन की हानि हो जाने की चिन्ता का प्रकार बताया था किंतु यहाँ तो 'निवेदन के पश्चात् प्रभु ने स्वीकार किया या नहीं ?' इस प्रकार की निवेदन-विषयक चिंता है । वहाँ इस चिन्ता का जो समाधान दिया था, वही समाधान यहाँ भी जानना चाहिए, इस कारण से प्रभुचरणों ने यहाँ **उक्तनिवेदकवत्** कहा है । यह मूलग्रंथ के पाँचवें श्लोक में प्रयुक्त हुए "तथा" पद का अर्थ है । अर्थात् मूल श्लोक में आए 'तथा' पद से भी आचार्यचरणों का तात्पर्य उन तीन प्रकार के निवेदकों द्वारा निवेदन करने से ही है । अतः अब अर्थ यह बनेगा कि - अज्ञान से निवेदन किया गया हो या ज्ञान से अथवा तो कृष्ण के साथ अपने प्राण आत्मसात करने के पश्चात् किया गया हो, चिन्ता तो किसी भी परिस्थिति में नहीं करनी चाहिए यह अर्थ है । 'निवेदकवत्' शब्द में सप्तमीविभक्ति के अर्थ में 'वत्' प्रत्यय हुआ है । जिस प्रकार निवेदक को होनेवाली चिंता का समाधान कहा था, वैसे ही पुरुषोत्तम के विषय में होने वाली अर्थात् 'पुरुषोत्तम-श्रीकृष्ण ने मेरा अंगीकार किया या नहीं' इस प्रकार से होने वाली चिंता का समाधान कहा है, यह अर्थ है । और, इस प्रकार जैसे पूर्वश्लोक में कही गई रीति के अनुसार निवेदक द्वारा की गई अन्यविनियोग से होने वाली निवेदन-व्यर्थता की चिन्ता त्याग देनी चाहिए, उसी प्रकार "भगवान के अंगीकार न करने से मेरा निवेदन व्यर्थ हो जायेगा" ऐसी चिन्ता भी त्याग देनी चाहिए, यह अर्थ है ।

पुरुषोत्तमेन निरोधलीलायां स्वतोन्यभजनं क्रियमाणा भक्तास्तन्निवार्य स्वयमात्मसात्कृता इति तादृशे स्वयं सर्वात्मना निवेदने कृते सा शङ्का नोचितेति ज्ञापनाय **पुरुषोत्तम**पदम् । तत्रापि स्वरूपानन्ददानेनानिशं पोष्यमाणानां भक्तानां तदितरत्रोपयोगासम्भवेनैव न शङ्कोदय इति ज्ञापनाय **श्री**पदम् ।

पुरुषोत्तमेनेति । एतेन हीनमध्याधिकारिणां निवेदनविषयकचिन्ताभाव उक्तः । उत्तमाधिकारिणामाहुः **तत्रापी**ति । निवेदितात्मस्वपि मध्ये कृष्णसात्कृतप्राणानामुत्तमाधिकारिणां तु परमसौन्दर्यस्य स्वगतत्वाय तादृशाकारेण प्रादुर्भूते भक्तसहिते भगवति समर्पणस्य सिद्धत्वात् तदानन्देन पोष्यमाणानां शङ्काया उदयो यस्मात् स शङ्काहेतुर्नास्तीत्यर्थः । तदितरत्रेति । अम्बिकावनगमनेपि तं दोषं निवार्य स्वस्मिन्नुपयुक्ताः सर्वे कृताः, रासस्थानां तु गमनमेव नास्ति । इदमङ्गीकारस्वरूपं ज्ञेयम् । तथाप्युत्तमाधिकारिणां तु भगवदीयेभ्य इतरत्रोपयोग एव न सम्भवति । तस्मिन् सति हि तादृशशङ्का भवतीति भावः ।

प्रभुचरणों ने 'पुरुषोत्तमेन' से लेकर 'पुरुषोत्तमदपम्' तक की पंक्ति में हीन-मध्यम अधिकारियों को होने वाली निवेदनविषयिणी चिन्ता का समाधान कहा है । एवं उत्तमाधिकारियों की चिन्ता का समाधान वे 'तत्रापि' शब्द से आरंभ कर रहे हैं । यहाँ भाव यह है कि समस्त निवेदित-आत्माओं के अंतर्गत भी जो कृष्ण से अपने प्राणों को आत्मसात करने वाले उत्तमाधिकारी हैं, उनका तो अंतःकरणों में अपने परमसौंदर्य को स्थापित करने के लिए अपने भक्तों के सहित प्रादुर्भूत हुए ऐसे भगवान को समर्पण हुआ है अतः भगवान के ऐसे आनंद

१ उक्तनिवेदकवदिति पाठः ।

से निरंतर पोषित हुए उत्तमाधिकारियों को जिस कारण से शंका उत्पन्न होती है, उस शंका का कारण ही नहीं है, यह अर्थ है ।

अब तदितरत्र इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । (यहाँ 'तदितरत्र' पद से लेकर 'श्रीपदम्' तक के शब्दों का श्रीमत्प्रभुचरण की व्याख्यानुसार अर्थ यह है कि जिन भक्तों को भगवान ने अपने स्वरूपानंदसे पोषित किया है, ऐसे भक्तों का भगवान से इतर कोई दूसरे स्थान पर उपयोग हो जाना संभव ही नहीं है। यहाँ टीकाकार इसी बात को श्रीमद्-भागवत में आए 'अंबिकावन के प्रसंग से और स्पष्ट कर रहे हैं । यहाँ उल्लेख है कि एक बार नंदबाबा एवं अन्य दूसरे गोपों ने शिवरात्रि के अवसर पर अंबिकावन की यात्रा की एवं भगवान शंकर एवं देवी अंबिका का बड़े ही धूमधाम से पूजन किया । रात्रि के समय वहाँ एक सुदर्शन नाम के अजगर ने नंदबाबा का पैर पकड़ लिया और जलती हुई लकड़ी से मारे जाने पर भी उन्हें नहीं छोड़ा । वहाँ भगवान ने उसे अपने चरणारविंदों से छूकर उन्हें मुक्त किया । इस प्रसंग पर श्रीमहाप्रभु सुबोधिनी में लिखते हैं कि इस समय तक भगवान पूतना-वध, कालियानाग-वध, दावानल एवं गोवर्धन-उद्धरण' इत्यादि लीलाओं से स्वयं का स्वरूप प्रकट कर चुके थे एवं गोपबालकों का चित्त अपने स्वरूप में स्थापित कर चुके थे । इतना होने पर भी नंदबाबा एवं गोपबालकों ने अन्याश्रय किया। अतः श्रीमहाप्रभु कहते हैं कि अन्याश्रय करने वाले को तो कालरूप सर्प पकड़ेगा ही अतः उन्हें ऐसा दंड मिला । देखें (श्री.भा. १०/३४/१....१९) । टीकाकार इसी प्रसंग का उदाहरण देकर यह कहना चाह रहे हैं कि जैसे भगवान ने इन अन्याश्रय करने वालों को भी अन्यत्र चित्त की वृत्ति को हटाकर स्वयं में स्थापित की, वैसे वे हम पर भी अवश्य कृपा करेंगे, यह अर्थ है ।) जिस प्रकार व्रजभक्तों के अंबिकावन जाकर अन्याश्रय करने पर भी प्रभु ने उनके दोष दूर करके उन सभी की चित्तवृत्ति स्वयं में स्थापित की, उसी प्रकार यहाँ भी अवश्य करेंगे । व्रजभक्त तो अंबिकावन गये भी और अन्याश्रय किया भी परंतु गोपीजन तो अंबिकावन गयी ही नहीं एवं अन्याश्रय किया ही नहीं । यही भगवान के अंगीकार करने का स्वरूप है, यह जान लेना चाहिए । फिर भी इतना तो समझना ही चाहिए कि उत्तमाधिकारियों का तो भगवदीयों से अतिरिक्त और कहीं उपयोग होना संभव ही नहीं होता; अन्यत्र कहीं उपयोग होने से ही इस प्रकार की शंकाएँ होती है, यह भाव है ।

तथा च तद्युक्ते तत्र निवेदने सा त्याज्येति भावः । कदाचिद्लोकभयाद्युपस्थितौ तन्निवारणाय जीवस्वभाववशादन्यविनियोगेपि तथेत्याहुः विनियोगेपीति । प्रमादात्तथासम्भवेपि प्रभुर्न त्यक्ष्यति । यतस्तत्स्वभाववशात्तथाभूतमप्युद्धर्तुं तत्साधनानपेक्षः ॥ ५ ॥

तद्युक्ते इति । ताभिः श्रीपदसूचितलीलाभिश्च युक्ते निवेदने सति भ्रमात् प्राप्ता शङ्का त्याज्येत्यर्थः । तथा च पुरुषोत्तमे यन्निवेदनं तद्विषयिणी पुरुषोत्तमकृताङ्गीकाराभावहेतुकनिवेदनासम्पत्तिचिन्ता; तथा निवेदककृतान्यविनियोगहेतुकनिवेदनहानिचिन्तावत् त्याज्येति मूलार्थः । निवेदनविषयिणी चिन्ता निवेदके इव पुरुषोत्तमेपि त्याज्येत्यन्वयः । अन्यविनियोगेपीति । राज्याद्याश्रयणेपीत्यर्थः । ज्ञात्वा त्वास्थया तदपि न कर्तव्यमित्याशयेनापिशब्दार्थमाहुः प्रमादादिति ॥ ५ ॥

अब तद्युक्ते शब्द की व्याख्या कर रहे हैं । 'तद्युक्ते' (तद्+युक्ते) शब्द का अर्थ यह है कि 'श्री' पद से उपर सूचित की गई लीलाओं से युक्त जो पुरुषोत्तम हैं, उनमें निवेदन कर लेने के पश्चात् ऐसे भ्रमों से उत्पन्न होने वाली चिंताएँ त्याग देनी चाहिए । अतः इस प्रकार, पुरुषोत्तम में निवेदन कर लेने के पश्चात् 'उन्होंने मेरा अंगीकार किया या नहीं ?' ऐसी निवेदनविषयिणी चिंता उसी प्रकार त्याग देनी चाहिए, जिस प्रकार निवेदक द्वारा अन्य विनियोग से उत्पन्न होने वाली निवेदन-व्यर्थता की चिंता त्याग देनी चाहिए, यह मूल का अर्थ है । जिस प्रकार निवेदक को निवेदनविषयिणी चिन्ता त्याग देनी चाहिए, उसी प्रकार 'पुरुषोत्तम ने मेरा अंगीकार किया नहीं ?' यह चिन्ता भी त्याग देनी चाहिए, यह अन्वय हुआ । अब अन्यविनियोगेपि इत्यादि शब्दों की व्याख्या करते हैं । इसका अर्थ यह हुआ कि भगवान का आश्रय न करके जीवननिर्वाह करने के लिए किसी राजा-आदि प्रशासक का भी आश्रय कर लेने पर निवेदन-व्यर्थता की चिन्ता नहीं करनी चाहिए, यह अर्थ है । यहाँ ये समझना आवश्यक है कि जान-बूझ कर आस्थापूर्वक तो ऐसे किसी राजा का भी आश्रय नहीं करना चाहिए, इस आशय से श्रीमहाप्रभुजी ने 'अपि' शब्द का प्रयोग किया है और इसी के गूढ़ार्थ को श्रीमत्प्रभुचरणों ने प्रमादात् शब्द से कहा है । टीकाकार यहाँ मूल श्लोक में आए 'अपि' शब्द पर ध्यान दिला रहे हैं। 'अपि' शब्द का अर्थ होता है भी । इसका आशय यह है कि, किसी आपातकालीन स्थिति में या जीव निर्वाह के लिए ऐसे किसी अन्य का आश्रय करना पड़ जाय तब तो क्षम्य है परंतु जान-बूझ कर या ज्ञानपूर्वक तो ऐसे किसी अन्य का भी आश्रय नहीं करना चाहिए । इसी बात को प्रभुचरणों ने 'प्रमाद' शब्द से कहा है । वे कहते हैं कि प्रमाद से ऐसा हो जाय अर्थात् भूल से ऐसा हो जाय, तब तो ठीक है परंतु

---

१. न तथेति पाठः ।

जानबूझकर तो अन्य किसी का भी आश्रय नहीं करना चाहिए, यह अर्थ है ॥ ५ ॥

अङ्गीकारे लक्षणान्तरमप्याहुः **लोक** इति ।

लोके स्वास्थ्यं तथा वेदे हरिस्तु न करिष्यति ।
पुष्टिमार्गस्थितो यस्मात् साक्षिणो भवताखिलाः ॥ ६ ॥

कदाचित् प्रवाहवशाल्लौकिके वाणिज्यादौ, वैदिके आश्रमधर्मादौ वा स्थितौ तत्र विघ्न एव भवति, न तु तत्फलमित्यर्थः । तत्र हेतुः **पुष्टी**ति ।

लक्षणान्तरमपीति । पूर्वश्लोके भगवतः पुरुषोत्तमत्वमेतद्विषयकाङ्गीकारे लक्षणं सन्देहाभावसाधकमुक्तम् । तत्र पुरुषोत्तमोपि नहि सर्वानङ्गीकृतवान्, किन्तु कांश्चन तादृक्प्रसादविषयान्, तत्राहं कीदृश इति स्फुटं ज्ञातुं न शक्यत इत्यधुना लोकवेदस्वास्थ्यदूरीकर्तृत्वरूपं लक्षणान्तरमप्युच्यते इत्यर्थः । **स्वास्थ्य**पदस्यार्थमाहुः **आस्थिता**विति । आस्थितिः कायवाङ्मनसां[1] तदीयत्वमिति लक्षणमेकादशस्कन्धसुबोधिन्यामुक्तम् । तथा च मूले स्वास्थ्यमित्यत्र स्वपदेन लोकवेदौ तन्निष्ठतां न करिष्यति, सिद्धां च दूरीकरिष्यति, विघ्नसम्पादनेनेति शेषः । तथा चैवं विघ्नेनाङ्गीकारो निश्चेय इति भावः । आस्थितौ विघ्नकथनेन इदं मम कार्यसाधकमिति ज्ञात्वा तद्विश्वासेन वाणिज्यादिकमाश्रमधर्मादिकं च न कर्तव्यम्, किन्तु एतद् द्वारा भगवान् करिष्यतीति ज्ञात्वा तदुभयं कर्तव्यमिति भावः ।

अब लक्षणान्तरमपि इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । इस वाक्य के द्वारा प्रभुचरण, पूर्वश्लोक में भगवान पुरुषोत्तम के अंगीकार करने के लक्षण में जो संदेह रह गया हो तो, उसका निवारण कह रहे हैं । और वह लक्षण यह है कि, पुरुषोत्तम भी सभी का अंगीकार नहीं करते अपितु जो कोई ऐसे तादृशी हों एवं जो उनके कृपापात्र हों उन्हीं का अंगीकार करते हैं । ऐसी परिस्थिति में जीव को 'परंतु इनमें मैं कैसा हूँ ?' यह जानना शक्य नहीं होता अतः अब वे उनके अंगीकार का दूसरा लक्षण भी 'भगवान अंगीकृत जीव को लोक एवं वेद में सफलता (स्वस्थता) नहीं देते " इस प्रकार से कह रहे हैं, यह अर्थ है । 'स्वास्थ्य' पद का अर्थ प्रभुचरण 'आस्थितौ' शब्द से कर रहे हैं । 'आस्थितिः शब्द का अर्थ होता है, काया-वाणी-मन से उसका हो जाना-यह लक्षण एकादशस्कंध की सुबोधिनी में कहा गया है । और इस ग्रंथ में 'स्वास्थ्य' पद में प्रयुक्त 'स्व' पद से यह अर्थ समझना चाहिए कि, भगवान जिसका अंगीकार करेंगे उस जीव की लोकवेद में निष्ठा नहीं करेंगे और यदि उसकी निष्ठा हो तो भी विघ्न पैदा करके दूर कर देंगे, यह अर्थ है । और इस प्रकार भगवान विघ्न संपादित करके अंगीकार निश्चित् करते हैं, यह भाव है । इन लौकिक - वैदिक कार्यों में जीव की निष्ठा होने पर भगवान उसमें विघ्न उपस्थित कर देते हैं - ऐसा कहने में आशय यह है कि जीव को 'ये लौकिक-वैदिक कर्म ही मेरे कार्यसाधक हैं' इस विश्वास से व्यापार-आदि एवं आश्रमधर्म आदि नहीं करने चाहिए परंतु इनके द्वारा भगवान ही करेंगे, ऐसे जानकर ये समस्त लौकिक एवं वैदिक कर्म करने चाहिए, यह भाव है ।

तद्विनापि स्वबलेनैव सर्वकर्ता यत इति भावः । पुष्टिमार्गाङ्गीकारे मर्यादां न सहत इति ज्ञेयम् । एवं सति किं कार्यमित्याकाङ्क्षायामाहुः, साक्षिवत् तत्कृतं पश्यत ॥ ६ ॥

सेवाकृतिर्गुरोराज्ञा बाधनं वा हरीच्छया ।
अतः सेवापरं चित्तं विधाय स्थीयतां सुखम् ॥ ७ ॥

सेवाकृतिरिति । गुर्वाज्ञाया अबाधनं यथा भवति, तथा सेवाकृतिः पूर्वमपेक्षिता । एवं वर्तमानानां कदाचिद् विशेषतो भगवदाज्ञा चेत्, गुर्वाज्ञा विरुद्धा भवेत्, तदा तथा कार्यमित्याशयेनाहुः **बाधनं वा हरीच्छया ।**

स्वयमेव समर्थत्वात् स्वकीयानां साधननिष्ठतां निवारयतीत्याहुः **तद्विनापी**ति । ननु तथापि सिद्धस्य साधनस्य विघाते को हेतुरित्याशङ्क्य तृतीयचरणस्य तात्पर्यान्तरमप्याहुः **पुष्टिमार्गाङ्गीकारे** इति । **किं कार्यमि**ति अनास्थया कृतो यत्नः कथं फलं जनयेदित्यर्थः । **साक्षिवदि**ति । यथा साक्षी कर्तुर्हानिवृद्ध्योर्हर्षशोकरहितः सन् कर्तृसम्पादितं फलं पश्यति, तथा हर्षशोकरहिताः

---

१. 'कायेन वाचा मनसेन्द्रियैर्वा' इति ।

सन्तः साधनानास्थया भगवत्सम्पादितं फलं विघ्नं वा पश्यतेत्यर्थः । तथा च भगवानेव तस्य यत्नस्य फलजनकतां सम्पादयिष्यतीति भावः ॥ ६ ॥

चूँकि प्रभु स्वयं ही सभी कुछ करने में समर्थ हैं अतः जीवों की भगवान में न होकर साधनों में रही हुई निष्ठा का प्रभुचरणों ने तद्विनापि इत्यादि शब्दों से निराकरण किया है । किंतु यहाँ एक शंका यह होती है कि, यह बात तो ठीक है कि भगवान साधनों में रही हुई निष्ठा का विघात कर देते हैं परंतु जो साधन स्वतः ही सिद्ध हो चुका हो, तो ऐसे बने-बनाए साधन का विघात करने में क्या हेतु है ? तो इस शंका का समाधान मूल श्लोक के तीसरे चरण (पुष्टिमार्गस्थितो यस्मात्) के दूसरे तात्पर्य से प्रभुचरण पुष्टिमार्गाङ्गीकारे शब्दों से कर रहे हैं । इसका अर्थ यह हुआ कि यदि जीव पुष्टिमार्ग में अंगीकृत हुआ है तो उसके समस्त लौकिकवैदिक कार्य भी पुष्टिमार्गीय पद्धति से ही सिद्ध होंगे, लोक एवं वेद में कहे साधनों द्वारा नहीं। और पुष्टिमार्गीय पद्धति यह है कि जीव के समस्त कार्य प्रभु ही सिद्ध करते हैं, यह अर्थ है । किं कार्यम् इत्यादि शब्दों का अर्थ यह है कि, यदि इन लौकिक-वैदिक कार्यों में आस्था न रखने का उपदेश दिया गया है तो आस्था रखे बिना किया गया कोई भी कार्य कैसे फल उत्पन्न करेगा ? इस शंका का समाधान प्रभुचरण साक्षिवत् इत्यादि शब्दों से कर रहे हैं । वे कहते हैं कि, जिस प्रकार एक साक्षी कर्ता की हानि एवं वृद्धि में हर्ष-शोक रहित होकर केवल उसके द्वारा संपादित फल को मात्र देखता है, उसी प्रकार जीव को भी हर्ष-शोक से रहित होकर साधनों में निष्ठा न रखते हुए भगवान द्वारा संपादित फल को अथवा विघ्न को मात्र देखते रहना चाहिए, यह अर्थ है । और, इस प्रकार, उस जीव के प्रयत्नों का फल भगवान ही संपादित करेंगे, यह भाव है ॥ ६ ॥

विकल्पेनाबाधनमित्यर्थः । एवं सति गुर्वाज्ञाया अबाधने बाधने वा सेवैव मुख्या यतोऽतस्तथैव स्थेयमित्याहुः अत इति । एवं सति पर्यवसितं सुखमेवेत्याशयेन सुखमित्युक्तम् ॥ ७ ॥

विकल्पेनेति । साक्षात्सेवायां सिद्धायां साधनरूपसेवायामबाधनमिति व्यवस्थितविकल्पेनेत्यर्थः । तथैव स्थेयमिति । आवश्यककार्यार्थं कदाचित् कार्यस्य तत्परत्वेपि चित्तं सेवापरमेव विधातव्यम्, नतु तत्कार्यपरमिति यत्नानुचिन्तनं न कर्तव्यमिति ग्रन्थारम्भे उक्तोर्थ उपसंहृतः ॥ ७ ॥

अब विकल्पेन इत्यादि वाक्यों की व्याख्या कर रहे हैं । यहाँ विकल्प का अर्थ यह है कि, साक्षात् सेवा सिद्ध होने पर (अर्थात् जब प्रभु सानुभाव जताने लगे एवं स्वयं माँग कर सेवा का सुख देने लगें, और कोई विशेष आज्ञा हमें करें तब) उतने अंश में भगवद्-आज्ञा के अनुसार करना चाहिए और साधनरूप सेवा करते समय (अर्थात् गुरु-आज्ञा के अनुसार करते समय) गुरु-आज्ञा का बाधन न होता हो, वैसे करना चाहिए । अब तथैव स्थेयम् इत्यादि शब्दों की व्याख्या कर रहे हैं । इन शब्दों का अर्थ यह है कि किसी आवश्यक कार्य के लिए कदाचित् उस कार्य में तत्पर हों भी जाएँ तथापि चित्त तो सेवा में ही लगा कर रखना चाहिए, उस कार्य में नहीं । और, उस कार्य को करने के यत्न का बारंबार चिंतन भी नहीं करना चाहिए । इस प्रकार ग्रंथ के आरंभ में कहे हुए अर्थ का ही यहाँ प्रभुचरण उपसंहार कर रहे हैं ॥ ७ ॥

कदाचित् पुत्रादिवियोगशङ्काजनितदुःखेन चिन्तासम्भवे गतिमाहुः चित्तोद्वेगमिति ।

चित्तोद्वेगं विधायापि हरिर्यत्करिष्यति ।
तथैव तस्य लीलेति मत्वा चिन्तां द्रुतं त्यजेत् ॥ ८ ॥

नन्विदमखिलमशक्यमिव भाति । तथाहि । श्रवणमारभ्य सख्यपर्यन्तागतौ हि पञ्चाभिवेदनवार्ता । तत्र प्रत्येकं तदेव दुरापमिति दूरतरा निवेदनदिगपि ।

कदाचिदिति । कदाचित् पुत्रादिर्वियुक्तो भवेदिति सम्भावनया जनितं यदुःखं चित्तस्य पुत्रादिपरता इति यावत्, तेन हेतुना निवेदनविषयिणी चिन्ता सम्भवति । तथा च लोकवन्ममापि चित्तं पुत्रादिपरं जायत एवातो निवेदनं सम्यग्नं नवेति चिन्तासम्भवे गतिं तद्भावप्रकारमाहुरित्यर्थः । चित्तस्योद्वेगं भगवदीयत्वाननुसन्धानेन पुत्रादिपरतां विधायापि यद्यत् करिष्यति सा सा तथा तत्तत्प्रकारिकैव तस्य लीला निवेदिनां सर्वं कार्यं स्वयमेव करोतीति भावः इति मत्वा निवेदनविषयिणीं चिन्तां त्यजेदिति मूलार्थः । एतच्चिन्तास्थापने

---

१. बाधनमिति पाठः । २. उत्कृष्टं वेगमिति पाठः ।

'संशयात्मा विनश्यती'तिवाक्यात् सर्वमेव नश्यतीति द्रुतमित्युक्तम् । निवेदनं सम्पन्नमेव, परं विलम्बेन भगवतः स्वप्रापणं चिकीर्षितमिति ज्ञेयमित्यर्थः

